ग्रन्थसङ्ख्या ३१४ से यह ज्ञात होता है कि यह ग्रन्थ ई.स. १८९४ से १९१० के मध्य संस्था के ग्रन्थागार में सङ्ग्रहीत किया गया था । यह ग्रन्थ १२० वर्ष से भी अधिक प्राचीन प्रतीत होता है ।

'स्वाध्याय' - पु. ५९, वर्ष २०२२, पृ. १०५-११४. ISSN 2250-0391

* प्राच्यविद्यामन्दिर, महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय वडोदरा, M: 09998807874, Email: mishrank187@gmail.com

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

New Catalogues Catalogorum, Vol. 1,[१] में ''संयमसत्कृतिः'' ग्रन्थ की एक ही प्रति वडोदरा ग्रन्थक्रमाङ्क ३१४ का उल्लेख प्राप्त होता है किन्तु Vol. 37,[२] में इस ग्रन्थ की दो प्रतियों का सङ्केत प्राप्त हुआ है, प्रथम वडोदरा क्रमाङ्क ३१४ एवं द्वितीय कैवल्यधाम, लोनावला, महाराष्ट्र, क्रमाङ्क ४९६ । कैवल्यधाम संस्थान ने इस पाण्डुलिपि की छायाप्रति प्राच्यविद्यामन्दिर, वडोदरा से ही प्राप्त की थी, अतः दोनों पाण्डुलिपि एक ही हैं । एक ही पाण्डुलिपि के आधार पर प्रस्तुत कृति का पाठसम्पादन करने का प्रयास यहाँ किया गया है । अन्य पाण्डुलिपि के अभाव में कुछ स्थानों पर शंकास्पद पाठों का समाधान नहीं हो पाया है ।

लेखक परिचय :

''संयमसत्कृतिः'' ग्रन्थ के प्रणेता अच्युत नामक विद्वान् हैं, ग्रन्थ की पुष्पिका में ''इत्युच्युतविरचिता संयमसत्कृतिः समाप्ता'' समुल्लिखित है । इनके जीवन के विषय में एवं अन्य कोई रचना के विषय में कहीं पर भी हमको उल्लेख प्राप्त नहीं हुआ है । ''संयमसत्कृतिः'' नामक ग्रन्थ के अध्ययन से यह विदित होता है कि ग्रन्थकार सुकवि, व्याकरण एवं दर्शनशास्त्र के विशेष मर्मज्ञ थे । शब्दचयन एवं कवित्व शक्ति के धनी थे । ''श्रीशं वन्द'' से श्रीकृष्ण को वन्दन कर ग्रन्थ का आरम्भ किया । ग्रन्थकार अद्वैतसिद्धान्तपरायण एवं गुरुभक्त थे-

अद्वैतसच्चिदानन्दः श्रीगुरुः परमः शिवः ।
मुमू(मु)क्षूननुगृह्णातु चिरं वेदैकतत्परान् ॥६३॥

सदा संयमसत्कृत्याऽनयाच्युतसुदिष्टया ।
सन्तुष्टः सद्गुरुश्रेष्टः(ष्ठः) पातु नः सततेष्टकृत् ॥६४॥

ग्रन्थ का प्रतिपाद्य विषय :

योग के अष्टाङ्गों के अन्तिम तीन अङ्ग धारणा, ध्यान और समाधि का सामूहिक अभिधान संयम है । संयम शब्द का उपर्युक्त अर्थ उसका वाच्यार्थ नहीं अपितु यह योगशास्त्र के विभूति प्रकरण में ही धारणा ध्यान समाधित्रय की तान्त्रिकी परिभाषा है । व्यासभाष्यकार कहते हैं - ''तदस्य त्रयस्य तान्त्रिकी परिभाषा संयम इति'' ।[३] धारणा, ध्यान और समाधि तीनों का लक्षण करने के बाद पतञ्जलि

---

१. Raghvan V., *New Catalogues Catalogorum*, Vol. 1, University of Madras, 1968, p. 72

२. Dash Siniruddha, *New Catalogues Catalogorum* Vol. 37, University of Madras, 2015, p. 1

३. पातञ्जल योगदर्शनम्, व्यासभाष्य-भोजदेववृत्ति सहित, ३.४, भाषानुवाद- श्री विज्ञानाश्रमजी, दी फाइन आर्ट्स प्रिंटिंग प्रेस, अजमेर, १९३२, पृ. २८३

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ने यह सूत्र दिया - "त्रयमेकत्र संयमः"।[४] इसी बात को ग्रन्थकार ने तृतीय श्लोक में कहा -

संयमो धारणाध्यानसमाधय इतीरितम् ।
पातञ्जले तमेवाथजीवनमुक्त्यर्थमाचरेत् ॥३॥

ग्रन्थाध्ययन से यह ज्ञात होता है कि ग्रन्थकार ने ग्रन्थ का प्रणयन का उद्देश्य के अपने गुरुपुत्र की प्रसन्नता एवं शिष्यों के ज्ञान में वृद्धि को हेतु मानकर किया होगा जिससे क्लिष्ट विषय का सुगमतापूर्वक ज्ञान प्राप्त हो सके। इसके प्रथम श्लोक से यह बात स्पष्ट होती है -

श्रीमत्सद्गुरुपुत्रस्य पाण्डुरङ्गाख्यशास्त्रिणः ।
शिष्यस्य श्रीहरेस्तुष्ट्यै कुर्वे संयमसत्कृतिम् ॥१॥

चतुर्थ श्लोक में धारणा का लक्षण प्रतिपादित करते हुए लिखते हैं-

चित्तस्य देशबन्धस्तु धारणेति च सूत्रितम् ।
सव्यष्टौ ब्रह्मरन्ध्रादिः समष्टौ सूर्यमण्डलम् ॥४॥

व्यष्टिरूप में अर्थात् नाभिचक्र, हृदयकमल, ब्रह्मरन्ध्रादि शरीर के भीतरी देश में अथवा समष्टिरूप अर्थात् सूर्य-चन्द्रमा आदि देवता या कोई मूर्ति तथा कोई भी पदार्थ बाह्य देश में इनमें से किसी एक देश में चित्त की वृत्ति को लगाने का नाम धारणा है। इसी प्रसङ्ग में सामवेद की ऋचा का प्रमाण देते हुए सत् रूपता पर प्रकाश डालते हुए लिखते हैं -

सदेव सोम्येदमग्र इति सामशिरः श्रुतेः ।
मनसः स निरोधार्थं देशोऽनन्तः सतां मतः ॥६॥

छान्दोग्योपनिषद् में "सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्"[५] हे सोम्य ! आरम्भ में यह एक मात्र अद्वितीय सत् ही था। अपने चित्त को सत्स्वरूपी एक देश में स्थिर करना ही धारणा है। खपुष्प, शशविषाण, वन्ध्यापुत्रादि अनेक उदाहरणों से ध्येय सत्ता के विषय का प्रतिपादन किया गया है। ग्रन्थकार ने विविधोदाहरण के साथ ११ श्लोकों में धारणा का प्रतिपादन किया। "संयमसत्कृतिः" के १५वें श्लोक में ध्यान का लक्षण प्रस्तुत करते हुए लिखते हैं -

---

४. वही, ३.४,

५. छान्दोग्योपनिषद् (सानुवाद शाङ्करभाष्यसहित), ६.२.१, गीताप्रेस, गोरखपुर,- वि. सं. २०५२, ८वां संस्करण, पृ. ५८२

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

धारणा-विषये देशे या वृत्तेरेकतानता ।
तद्ध्यानमिति सम्प्रोक्तमस्ति पातञ्जले स्फुटम् ॥१५॥

धारणा के द्वारा जिस ध्येय वस्तु में चित्त को लगाया जाए, उसी में चित्त का एकाग्र हो जाना अर्थात् केवल ध्येयमात्र की एक ही तरह की वृत्ति का प्रवाह चलना, उसके बीच में किसी भी दूसरी वृत्ति का न उठना "ध्यान" है । ध्यानोपरान्त समाधि की चर्चा आती है जिसके विषय में महर्षि पतञ्जलि परिभाषा प्रस्तुत करते हुए कहते हैं - "तदेवार्थमात्रनिर्भासं स्वरूपशून्यमिव समाधिः" ।[६] जब ध्यान अर्थमात्र से निर्भासित होता है तथा स्वरूप से शून्य सा हो जाता है, तब उसी प्रत्ययैकतानता रूप ध्यान को समाधि कहते हैं । इसी बात को ग्रन्थकार अच्युत श्लोक के माध्यम से प्रस्तुत करते हैं -

ध्यानस्यापि पराकाष्ठा सैवात्रेष्टा यदुत्तरम् ।
सम्प्रज्ञातसमाधिं स्यात्पूर्णानन्दात्मकः स्वयम् ॥२८॥

ननु ध्यानसमाध्योः स्यात्को विशेषस्तमीरय ।
अर्थनिर्भासमात्रं तु तदेवाह पतञ्जलिः ॥२९॥

वृत्त्युल्लेखो भवेत् ध्याने समाधौ स न विद्यते ।
किन्तु तद्विषयी भूतोऽर्थ एव स्वप्रभः स्फुरेत् ॥३०॥

ध्यातृ-ध्यान-ध्येयरूपा त्रिपुटी तत्र तु स्फुटा ।
वृत्तित्वान्न सात्रास्ति समाधाविति निर्णयः ॥३३॥

ब्रह्मात्मैक्य भाव जाग्रत होना उसका बोध होना ही ध्यान है और ध्यान की पराकाष्ठा को ही समाधि का स्वरूप माना है । ध्यान में वृत्तियों का भाव विद्यमान होता है ध्याता, ध्यान तथा ध्येय इन तीनों की प्रतीति होती है जबकि समाधि में ध्येय मात्र की ।

यह स्मर्तव्य है कि धारणामात्र से सम्यग् ज्ञान एवं परमपद की प्राप्ति नहीं हो सकती है अतएव प्रथम पूर्वोक्त विधि से धारणा में स्थिति प्राप्त हो जाने पर ध्यान करना चाहिए । ध्यान परिपक्व हो जाने पर समाधिनिष्ठ होकर संयम प्राप्त करने पर ही लक्ष्यसिद्धि सम्भाव्य है । धारणा की प्रकर्षावस्था ही ध्यान तथा ध्यान की अत्यन्त उत्कृष्टावस्था ही समाधि है और इन तीनों का संयोग ही संयम कहलाता है । ग्रन्थकार ने समाधि के सम्प्रज्ञात, असम्प्रज्ञात, सविकल्पक, निर्विकल्पक आदि भेदों का वर्णन किया है ।

६. पातञ्जल योगदर्शनम्, व्यासभाष्य-भोजदेववृत्ति सहित, ३.३, पृ. २७८

 CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

निष्कर्ष :

इस ग्रन्थ में ग्रन्थकार द्वारा अतीव सरल रीति एवं अनेक उदाहरणों के साथ धारणा, ध्यान, समाधि साधनत्रय संयम का विवेचन किया गया है । धारणा से जहाँ मन की शुद्धि होती है वहाँ ध्यान से "मैं" पन का सुधार होता है, ध्यान के स्थिर होने पर साधक का अहंकार गिर जाता है तथा केवल "हूं" ही शेष रह जाता है, जिसका लय समाधि में होता है । संयम को इस सत्कृति के द्वारा हृदयङ्गम कराना यही ग्रन्थकार का उद्देश्य रहा होगा । यह कृति यथा नाम तथा गुण से संयुक्त है ।

॥ संयमसत्कृतिः ॥

॥ श्रीशं वन्दे ॥

श्रीमत्सद्गुरुपुत्रस्य पाण्डुरङ्गाख्यशास्त्रिणः ।
शिष्यस्य श्रीहरेस्तुष्ट्यै कुर्वे संयमसत्कृतिम् ॥१॥

सच्चिदानन्दकूटस्थप्रत्यक्ब्रह्मणि कल्पितम् ।
इत्यर्थाच्च प्रकाराच्च मृषाद्वैतमभूदिदम् ॥२॥

संयमो धारणाध्यानसमाधय इतीरितम् ।
पातञ्जले तमेवाथ जीवन्मुक्त्यर्थमाचरेत् ॥३॥

चित्तस्य देशबन्धस्तु धारणेति च सूत्रितम् ।
सव्यष्टौ ब्रह्मरन्ध्रादिः समष्टौ सूर्यमण्डलम् ॥४॥

नामरूपात्मकं दृश्यं सतश्चेत्स्यात्पृथक् कृतम् ।
वन्ध्या पुत्रायते सद्यस्तद्देशोऽत्र सदेव नः ॥५॥

सदेव सोम्येदमग्र इति सामशिरः श्रुतेः ।
मनसः सनिरोधार्थं देशोऽनन्तः सतां मतः ॥६॥

तत्र रुद्धं मनः कालत्रयेप्यन्यत्र न व्रजेत् ।
अन्यथा सद्य एवैतत्खपुष्पत्वमुपैष्यति ॥७॥

कामिन्यादौ मनो गच्छेत् सता(त्ता)हीनमुतान्वितम् ।
नाद्यः स्वस्य खपुष्पत्वान्नाप्यन्त्यः स्यात्सतोऽगतेः ॥८॥

सोऽपि किं विषयः सत्ता शून्यः किं वा तदन्वितः ।
आद्ये शशविषाणं स्यादन्त्ये सत्तैक्यमेव यत् ॥९॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

विषयस्य रमण्यादेः सत्ता विषयिणो हृदः ।
सत्ताया न पृथक् कालत्रयेप्यस्ति विवेचने ॥१०॥

यावद् द्वैतस्य सत्ता नु(तु) वेधादेवानुभूतितः ।
तद्भेदेऽभेदसत्तापि भेद्यसत्तैव वेतरा ॥११॥

नैवाद्यो भेदसत्ता या भेद्यसत्तैकरूपतः ।
भेद एव तु वाङ्मात्रः स्यानान्त्योऽन्योन्य संश्रयात् ॥१२॥

तस्मात्सन्मात्र एवेष्टो देशश्चित्तस्य धारणे ।
स तां प्रेक्षावतां नित्यं श्रुतियुक्त्यनुभूतितः ॥१३॥

उत् धारणया भूयात् पञ्चमी भूमिकारणम्।
वासिष्टे सुप्रसिद्धाया विदाऽसंसक्तिनामिका ॥१४॥

धारणा विषये देशे या वृत्तेरेकतानता ।
तद्ध्यानमिति सम्प्रोक्तमस्ति पातञ्जले स्फुटम् ॥१५॥

अभासमानस्य सतः पारोक्ष्यं स्यादसंशयम् ।
मनसो धारणा तेन तत्र प्रोक्तापि दुष्करा ॥१६॥

तस्मात्तद्भासमानन्तु वक्तव्यं धारणाकृते ।
बाढं चेद्भाति तद्भ्रान्त्या प्रमया स्वयमेव वा ॥१७॥

नाद्यो मिथ्यात्वतो युक्तो न द्वितीयो जडत्वतः ।
ततस्तृतीय एवेज्यः सच्चिदेव स्वभेति नः ॥१८॥

तथा च तत्र मनसो वृत्तीनामेकतानता ।
विजातीयानवछिन्न सजातीयप्रवाहता ॥१९॥

सत्तास्फूर्तिविहीनास्ता वृत्तयोऽपि खपुष्पवत् ।
तत्सच्चिदहमित्येतद्विशिष्टास्ताः सतां मताः ॥२०॥

सच्चिद्वैशिष्ट्यमस्वत्र वृत्तिनामुक्तयुक्तितः ।
अहंकारविशिष्टत्वमुक्तं किमिति चेच्छृणु ॥२१॥

अहङ्कारोऽपि यच्चित्तवृत्तिरेव तदत्र नो ।
तद्वैशिष्ट्यं ममास्तीष्टं किं त्वात्मैवात्र मे मतः ॥२२॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सच्चिदेकस्वरूपो हि प्रत्यगात्मा यतः श्रुतः ।
अतो ध्याने तदुल्लेखो मतोऽनात्मनिवृत्तये ॥२३॥

अहं ब्रह्मेति बोधस्य प्रत्यग्ब्रह्मैक्यदायिनः ।
तन्मात्राध्यानविध्वस्त्याऽनुवृत्तेर्ध्यानमीदृशम् ॥२४॥

सत्यं ज्ञानमिति श्रुत्या ब्रह्मोपक्रम्यदर्शितम् ।
तस्माद्वा इति तस्यैव तथात्मत्वमतिस्फुटम् ॥२५॥

स आत्मा तत्त्वमस्येवं श्रुतिमौलिष्वनेकधा ।
ब्रह्मात्मैक्यविबोधोऽस्ति स तद्धा(ध्या)ने तथैव नः ॥२६॥

सच्चिद्ब्रह्माहमित्येकरूपवृत्तिपरम्परा ।
ध्यानं मतमिदं षष्ट(ष्ठ) भूमिकात्मकमुच्यते ॥२७॥

धारणायाः पराकाष्ठा सैवात्रेष्टा यदुत्तरम् ।
निरुक्तलक्षणं ध्यानं स्वयमेवाभिजायते ॥२८॥

ध्यानस्यापि पराकाष्ठा सैवात्रेष्टा यदुत्तरम् ।
सम्प्रज्ञातसमाधिं स्यात्पूर्णानन्दात्मकः स्वयम् ॥२९॥

ननु ध्यानसमाध्योः स्यात्को विशेषस्तमीरय ।
अर्थनिर्भासमात्रं तु तदेवाह पतञ्जलिः ॥३०॥

वृत्त्युल्लेखो भवेद्ध्याने समाधौ स न विद्यते ।
किन्तु तद्विषयी भूतोऽर्थ एव स्वप्रभः स्फुरेत् ॥३१॥

ध्याने प्रत्यक् तया सन्नप्यानन्दो वृत्तिभानतः ।
नैव पूर्णतया भाति समाधौ तु स भात्यलम् ॥३२॥

ध्यातृध्यानध्येयरूपा त्रिपुटी तत्र तु स्फुटा ।
वृत्तित्त्वं त्वान्न सात्रास्ति समाधाविति निर्णयः ॥३३॥

वृत्तयस्तु तदानीमज्ञाता अप्यात्मगोचराः ।
स्मरणादनुमीयन्ते व्युत्थितस्य समुत्थितात् ॥३४॥

इति तत्त्वविवेके तु निर्विकल्पेऽपि तत्र ताः ।
आत्मैकाकारताभात्याः स्मृतेरनुमिताः स्फुटम् ॥३५॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सविकल्पे तु कैमुत्य सिद्धास्तातत्कथं न्व(व)यम् ।
तदानीं वृत्त्यभावस्त्वत्प्रोक्तः सिद्धेच्छृणूच्यते ॥३६॥

राजते चषके शुद्धे शुद्धाम्भसि तथा सिता ।
यदि क्षोदीकृता क्षिप्ता तदा रूपं तु यद्यपि ॥३७॥

सितान्यच्चाक्षुषं नैव तथापि जलशर्करे ।
यथा तत्र स्थिते एव तथैवात्र प्रतीयताम् ॥३८॥

अन्तःकरणतज्जात्मवृत्ती तु जलशर्करे ।
शुद्धत्व-सुख दत्त्वास्यां समाधौ नैव ते स्फुटे ॥३९॥

किं त्वधिष्ठानता योगाद्रजतं शार्करे जले ।
प्रतिबिम्ब्य निजं रूपं बहिश्चाक्षुषतां नयेत् ॥४०॥

तथैवात्मत्वमद्वैतसच्चिदानन्दमात्रकम् ।
समाधौ चित्ततज्जन्य तन्मात्राकारवृत्तिके ॥४१॥

प्रतिबिम्ब्य स्फुटं भाति स्वेतराभानपूर्वकम् ।
तत्समाधौ मनोवृत्तेर्भावाभावौ सुसङ्गतौ ॥४२॥

नन्वेवमपि सम्प्रज्ञातादिभेदविनिर्णयः ।
कथं स्यादिति चेन्नात्र व्युत्थितस्मृतिभेदतः ॥४३॥

एतावदहमद्वैतसच्चिदानन्दमात्रकः ।
आसमित्येव सम्प्रज्ञातसमाध्यु(ध्यु)त्तरं स्मृतिः ॥४४॥

एतावन्मयि न द्वैतभानमासीदिति स्मृतिः ।
निर्विकल्पसमाध्यूर्ध्वं भवतीत्येव मे मतिः ॥४५॥

न च तर्ह्येवमद्वैतभानमार्थिकमापतेत् ।
इष्टापतेः(त्तेः) स्वयं भानमात्रत्वादस्य वस्तुनः ॥४६॥

तुरीया चोन्मनी चेति सम्प्रज्ञातादि नामनी ।
तान्त्रिके एव विज्ञेये योगरूढ्वापि पण्डितैः ॥४७॥

ननूक्तराजतामत्र प्रतिबिम्बो जले नुतः ।
चक्षुरेव जलं भित्वा तद्गृह्णात्वतिलाघवात् ॥४८॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सत्यं पीतादिका चान्तःस्थितं वस्त्वपि तादृशम् ।
भाति ते न तु तत्रैतद्यतिबिम्बो वसीयताम् ॥४९॥

न च तादात्म्य-तस्मादृक् प्रतिभातीति साम्प्रतम् ।
प्रतिबिम्बेप्युपाध्यादेस्तादात्म्यावश्यकत्त्वतः ॥५०॥

नापि तेनैव तत्सिद्धौ प्रतिबिम्बो बृथायुतः ।
मृद्धणदिवदेव स्यात् त्पी(पी)तकाचो घटाद्यपि ॥५१॥

तस्मादवश्यमेवात्र प्रतिबिम्बो जलादिगः ।
अधिष्ठानस्य रजतामत्रादेरेवमेव च ॥५२॥

अद्वैतसच्चिदानन्दकूटस्थपरमात्मनः ।
समाधावपि चित्तादौ प्रतिबिम्बः कुतो न ते ॥५३॥

तत्स्वप्रकाशनिर्द्वैतपूर्णानन्दात्मनास्थितिः ।
समाधिः सप्तमी भूमिः ?सिद्धाशुद्धविचारतः ॥५४॥

परमेतस्य सर्वत्रानुसन्धानं विवेकतः ।
निरुक्त ?रोतिकं भूयान्मननेन विजानहि ॥५५॥

तत्स्ववर्णाश्रमादीष्टं शुद्धवैदिकमार्गतः ।
नित्यादिकुर्वन्नन्तर्याम्येकतुष्टयै जनेष्टये ॥५६॥

काम्यादिवर्जयन्नेव दुःसङ्गवदनारतम् ।
निरुक्तमननस्यर्द्धि सर्वमन्यत्परित्यजेत् ॥५७॥

स्वप्नेप्येतन्न वक्तव्यं मन्यं प्रति कदाचन ।
यत्कलावद्य सञ्जाता म्लेच्छा क्रान्ता वसुन्धरा ॥५८॥

कश्चिद् धीर इति श्रुत्या कश्चिन्मामिति गीतया ।
अतीव-दुर्लभैवोक्ताद्वैतविद्याऽधिकारिता ॥५९॥

सर्वे वेदान्तिनो जाताः साम्प्रतं योगतोऽपि च ।
कामिनी कनकासक्ताः प्रायेणाद्यैकतत्पराः ॥६०॥

तस्मादेतद्गुरोः पादप्रसादादेव केवलम् ।
दैवाल्लब्धमिति स्वान्तरेव स्थाप्यं तदङ्घ्रिवत् ॥६१॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

देहप्राणमतो बुद्धिसुखादिद्वैतभासकः ।
सच्चिदानन्दकूटस्थाद्वैतात्मैकशिवोस्म्यहम् ॥६२॥

अद्वैतसच्चिदानन्दः श्रीगुरुः परमः शिवः ।
मुमू(मु)क्षूननुगृह्णातु चिरं वेदैकतत्परान् ॥६३॥

सदा संयमसत्कृत्याऽनयाच्युतसुदिष्टया ।
सन्तुष्टः सद्गुरुश्रेष्टः(ष्ठः) पातु नः सततेष्टकृत् ॥६४॥

इत्युच्युतविरचिता संयमसत्कृतिः समाप्ता ॥
॥ श्रीगुरुचरणार्पणमस्तु ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पुराणों में योगाङ्गविमर्श

धनञ्जय वासुदेव द्विवेदी*

भूमिका

तपःपूत महर्षियों ने मानवजाति के कल्याणार्थ जिन तत्त्वों को उद्घाटित किया उनमें से योगतत्त्व को महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। वेद, उपनिषद्, पुराण प्रभृति ग्रन्थों में योगतत्त्व के रहस्यों को सामान्य जनमानस के निमित्त प्रकाशित किया गया है। योग की सार्वजनीन और सार्वभौम उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए ही पुराणों में योग और उसके विभिन्न अङ्गों का लोकोपयोगी विवेचन प्राप्त होता है।

योग

'योग' शब्द 'युज्' धातु के पश्चात् 'करण' और 'भाववाच्य' में 'घञ' प्रत्यय लगाने से बनता है। 'युज' धातु का अर्थ है 'समाधि'। 'समाधि' शब्द का अर्थ है सम्यक् प्रकार से भगवान् के साथ युक्त हो जाना, मिल जाना।[१] जीवात्मा एवं परमात्मा में ही अन्तःकरण की वृत्तियों को स्थापित करना उत्तम योग है।[२] योग न आकाश में है, न पृथिवी में है और न पाताल में ही है, योग के विशारद लोग कहते हैं कि जीव और आत्मा की जो एकता है, वही योग है।[३] शिवपुराण के अनुसार जिसकी दूसरी वृत्तियों का निरोध हो गया है, ऐसे चित्त की भगवान् शिव में जो निश्चल वृत्ति है, उसी को संक्षेप में योग कहते हैं। यह योग पाँच प्रकार का है-मन्त्रयोग, स्पर्शयोग, भावयोग, अभावयोग और महायोग।[४] योग में विघ्न करने वाले छः दोष हैं-काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सर। अतः योगी साधक को चाहिए कि वह इन विघ्नों का उच्छेद करके योग में सफलता प्राप्त करे।[५] योगरूपी अग्नि शीघ्र ही सम्पूर्ण पापपञ्जर को भस्म कर देती है और उसके बाद साक्षात् मुक्तिरूप सिद्धि प्रदान करने वाला निर्मल ज्ञान उत्पन्न होता है। योग से ज्ञान उत्पन्न होता है और ज्ञान से योग प्रवर्तित होता है।[६]

'स्वाध्याय' पु. ५९, वर्ष २०२२, पृ. ११५- १३४. ISSN 2250-0391

* श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, राँची- M: 07992362827, 09431590113; Email : dvd74@rediffmail.com; dvd1309@gmail.com

१. योगाङ्क, पृ. ७१

२. अग्निपुराण-३७२/२

३. श्रीमद्देवीभागवत पुराण-७/३५/२

४. शिवपुराण-वायवीयसंहिता/उत्तरखण्ड-३७/६-७

५. श्रीमद्देवीभागवत पुराण-७/३५/३-४

६. कूर्मपुराण-उ/११/२

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अष्टाङ्गयोग

जैसे सुदृढ नींव के विना विशाल प्रासाद चिरस्थायी नहीं हो सकता है, उसी प्रकार योगाङ्गों का पालन किए बिना ध्यान और समाधि का सिद्ध होना असम्भव ही है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुराणों में योगाङ्गों का विशद और विस्तृत विवेचन प्राप्त होता है। लिङ्गपुराण के अनुसार योग की प्राप्ति के आठ साधन बताए गए हैं–यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि।[७] स्कन्दपुराण और नारदपुराण में भी इसी का सङ्केत किया गया है।[८] इनके साधन से साधक को योग की प्राप्ति होती है।[९] अग्निपुराण के अनुसार अष्टाङ्गयोग त्रिविध ताप से छुटकारा दिलाने का साधन है।[१०]

उपर्युक्त आठ अङ्गों को दो श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है- क) बहिरङ्ग एवं ख) अन्तरङ्ग। प्रथम पाँच को बहिरङ्ग कहते हैं क्योंकि उनका विशेषतया बाहर की क्रियाओं से ही सम्बन्ध है। शेष तीन अर्थात् धारणा, ध्यान और समाधि अन्तरङ्ग है क्योंकि इनका सम्बन्ध अन्तःकरण से है। योग के इन आठ अङ्गों के सम्बन्ध में पुराणों में पर्याप्त विवेचन प्राप्त होता है जिसका उल्लेख आगे किया जा रहा है-

यम

लिङ्गपुराण के अनुसार तप से विषयों का त्याग 'यम' है।[११] अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य तथा अपरिग्रह-संक्षेप में इन्हें यम कहा गया है। ये मनुष्यों के चित्त की शुद्धि करने वाले हैं।[१२] विष्णुपुराण में कहा गया है कि इन पञ्चविध 'यम' का निष्कामभाव से सेवन करना चाहिए।[१३] नारदपुराण में सात प्रकार के यमों की चर्चा की गई है-अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, अक्रोध और अनसूया।[१४] श्रीमद्देवीभागवत में 'यम' दस कहे गये हैं-अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, दया, सरलता, क्षमा, धृति, परिमित आहार और पवित्रता।[१५] श्रीमद्भागवतपुराण के अनुसार 'यम' बारह है-अहिंसा, सत्य, अस्तेय, असंगता, लज्जा, असंचय (आवश्यकता से अधिक धन आदि न जोड़ना), आस्तिकता, ब्रह्मचर्य, मौन, स्थिरता, क्षमा और अभय।[१६]

---

७. लिङ्गपुराण-पृ०/८/७-९

८. स्कन्दपुराण-माहेश्वरखण्ड/कुमारिकाखण्ड/५५/१२-१३, नारदपुराण-पूर्वखण्ड/३३/७२-७४

९. वही-माहेश्वरखण्ड/कुमारिकाखण्ड/५५/१४

१०. अग्निपुराण-३७२/१

११. लिङ्गपुराण-पृ०/८/१०

१२. कूर्मपुराण-उ/११/१३

१३. विष्णुपुराण-६/७/३६

१४. नारदपुराण-पूर्वखण्ड/३३/७५

१५. श्रीमद्देवीभागवत पुराण-७/३५/६

१६. श्रीमद्भागवतपुराण-११/१९/३३

 CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

मन, वाणी, तथा कर्म से सभी प्राणियों को सर्वदा किसी भी प्रकार का क्लेश प्रदान नहीं करना- इसे श्रेष्ठ ऋषियों ने 'अहिंसा' कहा है। 'अहिंसा' से श्रेष्ठ कोई धर्म नहीं है और 'अहिंसा' से बढ़कर कोई सुख नहीं है।[१७] जैसे राह चलने वाले अन्य सभी प्राणियों के पदचिह्न हाथी के चरणचिह्न में समा जाते हैं, उसी प्रकार धर्म के सभी साधन 'अहिंसा' में गतार्थ मान जाते हैं। हिंसा के दस भेद हैं-किसी को उद्वेग में डालना, संताप देना, रोगी बनाना, शरीर से रक्त निकालना, चुगली खाना, किसी के हित में अत्यन्त बाधा पहुँचाना, उसके छिपे हुए रहस्य का उद्घाटन करना, दूसरे को सुख से वंचित करना, अकारण कैद करना और प्राणदण्ड देना।[१८] अहिंसा योगमार्ग में सिद्धि प्रदान करने वाली है।[१९] सभी प्राणियों को अपनी तरह समझना और सभी प्राणियों के कल्याण में रत रहना अहिंसा है। यह आत्मज्ञान में सहायक है।[२०]

'सत्य' के द्वारा सब कुछ प्राप्त हो जाता है, 'सत्य' में सब कुछ प्रतिष्ठित है। द्विजातियों द्वारा यथार्थ कथन के आचार को 'सत्य' कहा गया है।[२१] लिङ्गपुराण के अनुसार देखे, सुने, समझे गए और अनुभव कए गए को बिना किसी को पीड़ा पहुँचाए हुए कहना ही 'सत्य' है। दूसरों का दोष जानकर भी दूसरों से नहीं कहना चाहिए।[२२] स्कन्दपुराण के अनुसार जिसका वेदों में विधान किया गया है, जो स्वयं देखा गया हो, सुना गया हो, अनुमान किया गया हो, अथवा अपने अनुभव में लाया गया हो, उसे दूसरे को पीड़ा न देते हुए यथार्थरूप से वाणी द्वारा प्रकट करना 'सत्य' कहलाता है।[२३] नारद पुराण के अनुसार धर्म और अधर्म का विचार रखते हुए जो यथार्थ बात कही जाती है, उसे 'सत्य' कहते हैं।[२४] अग्निपुराण के अनुसार जो बात दूसरे प्राणियों के लिए अत्यन्त हितकर है, वह 'सत्य' है। 'सत्य' का यही लक्षण है-सत्य बोले, किन्तु प्रिय बोले, अप्रिय सत्य कभी न बोले। इसी प्रकार प्रिय असत्य भी मुँह से न निकाले, यह सनातन धर्म है।[२५]

चोरी से अथवा बलपूर्वक दूसरे के द्रव्य का अपहरण करना 'स्तेय' है, उसका आचरण न करना 'अस्तेय' है, यह धर्म का साधन है।[२६] लिङ्गपुराण के अनुसार दूसरों की वस्तु सोद्देश्य भी

---

१७. कूर्मपुराण-उ/११/१४-१५

१८. अग्निपुराण-३७२/४-७

१९. नारदपुराण-पूर्वखण्ड/३३/७६

२०. लिङ्गपुराण-पू०/८/१२, स्कन्दपुराण-माहेश्वरखण्ड/कुमारिकाखण्ड/५५/१६

२१. कूर्मपुराण-उ/११/१६

२२. लिङ्गपुराण-पू०/८/१३-१४

२३. स्कन्दपुराण-माहेश्वरखण्ड/कुमारिकाखण्ड/५५/१६-१७

२४. नारदपुराण-पूर्वखण्ड/३३/७७

२५. अग्निपुराण-३७२/७-८

२६. कूर्मपुराण-उ/११/१७, नारदपुराण-पूर्वखण्ड/३३/७८

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

न चुराना, यहाँ तक कि मानसिक, भौतिक और वाचिक संकट में नहीं चुराना 'अस्तेय' है।[२७] स्कन्दपुराण के अनुसार अपने ऊपर आपत्ति पड़ने पर भी मन, वाणी और क्रिया द्वारा किसी प्रकार भी दूसरों का धन न लेना अस्तेय कहलाता है।[२८] अग्निपुराण के अनुसार यदि मनुष्य बलपूर्वक दूसरे की वस्तु का अपहरण करता है, तो उसे अवश्य तिर्यग्योनि में जन्म लेना पड़ता है।[२९]

मन, वाणी तथा कर्म के द्वारा सभी अवस्थाओं में सर्वदा सर्वत्र मैथुन का त्याग करना 'ब्रह्मचर्य' कहलाता है।[३०] लिङ्गपुराण का भी यही मन्तव्य है।[३१] स्कन्दपुराण के अनुसार मन, वाणी, शरीर और क्रिया द्वारा मैथुन से सर्वथा दूर रहना यह 'संन्यासियों का ब्रह्मचर्य' है तथा ऋतुकाल में अपनी ही पत्नी के साथ केवल एक बार समागम करना तथा अन्य समय में पूर्ण संयम रखना 'गृहस्थों का ब्रह्मचर्य' है।[३२] अग्निपुराण के अनुसार 'ब्रह्मचर्य' कहते हैं मैथुन के त्याग को। मैथुन आठ प्रकार का होता है। स्त्री का स्मरण, उसकी चर्चा, उसके साथ क्रीड़ा करना, उसकी ओर देखना, उससे लुक-छिपकर बातें करना, उसे पाने का संकल्प, उसके लिए उद्योग तथा क्रियानिर्वृत्ति-ये मैथुन के आठ अङ्ग हैं। ब्रह्मचर्य ही सम्पूर्ण शुभकर्मों की सिद्धि का मूल है, उसके बिना सारी क्रिया निष्फल हो जाती है।[३३]

आपत्तिकाल में भी इच्छापूर्वक द्रव्यों को ग्रहण न करना 'अपरिग्रह' कहा गया है। प्रयत्नपूर्वक उस 'अपरिग्रह' का पालन करना चाहिए।[३४] यह योगमार्ग में उत्तम सिद्धि प्रदान करने वाला है।[३५] स्कन्दपुराण के अनुसार मन, वाणी, शरीर और क्रिया द्वारा सब वस्तुओं का त्याग कर देना यह संन्यासियों का 'अपरिग्रह' है तथा सब वस्तुओं का संग्रह करते हुए भी केवल मन से उनका त्याग करना-उनके प्रति ममता और आसक्ति का न होना-यह गृहस्थों का 'अपरिग्रह' माना गया है।[३६]

जो अपना उत्कर्ष दताते हुए किसी के प्रति अत्यन्त कठोर वचन बोलता है, उसके उस क्रूरतापूर्ण भाव को धर्मज्ञ पुरुष 'क्रोध' कहते हैं। इसके विपरीत शान्तभाव का नाम अक्रोध हैं।[३७]

---

२७. लिङ्गपुराण-पृ०/८/१५
२८. स्कन्दपुराण-माहेश्वरखण्ड/कुमारिकाखण्ड/५५/१७-१८
२९. अग्निपुराण-३७२/१४-१५
३०. कूर्मपुराण-उ/११/१८, नारदपुराण-पूर्वखण्ड/३३/७९
३१. लिङ्गपुराण-पृ०/८/१७
३२. स्कन्दपुराण-माहेश्वरखण्ड/कुमारिकाखण्ड/५५/१८-१९
३३. अग्निपुराण-३७२/९-११
३४. कूर्मपुराण-उ/११/१९
३५. नारदपुराण-पूर्वखण्ड/३३/८३
३६. स्कन्दपुराण-माहेश्वरखण्ड/कुमारिकाखण्ड/५५/१९-२०
३७. नारदपुराण-पूर्वखण्ड/३३/८४

 CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

धन आदि के द्वारा किसी को बढ़ते देखकर ईर्ष्या के कारण जो मन में संताप होता है, उसे असूया कहा गया है। इस असूया का त्याग ही 'अनसूया' है।[३८]

नियम

तप, स्वाध्याय, सन्तोष, शौच तथा ईश्वर का पूजन-संक्षेप में 'नियम' बतलाए गए हैं। ये योगसिद्धि प्रदान करने वाले हैं।[३९] स्कन्दपुराण के अनुसार शौच, सन्तोष, तप, जप और गुरुभक्ति-ये पाँच 'नियम' हैं।[४०] नारदपुराण के अनुसार तप, स्वाध्याय, सन्तोष, शौच, भगवान् विष्णु की आराधना तथा सन्ध्योपासना आदि 'नियम' कहे गए हैं।[४१] श्रीमद्देवीभागवत पुराण में 'नियम' दस बताए गए हैं-तप, सन्तोष, आस्तिकभाव, दान, देवताओं का पूजन, शास्त्रसिद्धान्त का श्रवण, बुरे कामों में लज्जा, सद्बुद्धि, जप और हवन।[४२] लिङ्गपुराण में भी 'नियम' दस बताए गए हैं जिनका नामोल्लेख आगे किया जा रहा है-शौच (स्वच्छता), इज्या (बलि), तप, दान, स्वाध्याय, प्रजनन अङ्गों का निग्रह, व्रत, उपवास, मौन और स्नान।[४३] श्रीमद्भागवतपुराण के अनुसार नियमों की संख्या बारह है-शौच, जप, तप, हवन, श्रद्धा, अतिथिसेवा, भगवत्पूजा, तीर्थयात्रा, परोपकार की चेष्टा, सन्तोष और कुरुसेवा।[४४]

तपस्वियों ने पराक आदि उपवासों तथा कृच्छ्रचान्द्रायणादि व्रतों के द्वारा शरीर के शोषण को उत्तम 'तप' कहा है।[४५] स्कन्दपुराण के अनुसार अपने आहार को घटाते हुए साधक पुरुष जो चान्द्रायण आदि विहित 'तप' का अनुष्ठान करता है, उसका नाम 'तप' है।[४६] अग्निपुराण के अनुसार मन और इन्द्रियों की एकाग्रता को 'तप' कहते हैं। मन और इन्द्रियों पर विजय पाना सब धर्मों से श्रेष्ठ धर्म कहलाता है। 'तप' तीन प्रकार का होता है-वाचिक, मानसिक और शारीरिक। मन्त्रजप आदि वाचिक, आसक्ति का त्याग मानसिक और देवपूजन आदि शारीरिक तप है। यह तीनों प्रकार का 'तप' सब कुछ देने वाला है।[४७]

विद्वान् लोगों ने वेदान्तशास्त्र, शतरुद्रीय और प्रणव आदि के जप को पुरुषों के लिए सत्त्व की शुद्धि करने वाला 'स्वाध्याय' कहा है। 'स्वाध्याय' के तीन भेद हैं- वाचिक, उपांशु और मानस। वेदार्थ जानने

३८. नारदपुराण-पूर्वखण्ड/३३/८५
३९. कूर्मपुराण-उ/११/२०
४०. स्कन्दपुराण-माहेश्वरखण्ड/कुमारिकाखण्ड/५५/२१
४१. नारदपुराण-पूर्वखण्ड/३३/८७
४२. श्रीमद्देवीभागवत पुराण-७/३५/७
४३. लिङ्गपुराण-पृ०/८/२९-३०
४४. श्रीमद्भागवतपुराण-११/१९/३४
४५. कूर्मपुराण-उ/११/२१, लिङ्गपुराण-पृ०/८/३८
४६. स्कन्दपुराण-माहेश्वरखण्ड/कुमारिकाखण्ड/५५/२४
४७. अग्निपुराण-३७२/१९-२१

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

वालों ने इन तीनों नें उत्तरोत्तर का वैशिष्ट्य कहा है अर्थात् वाचिक स्वाध्याय से उपांशु स्वाध्याय श्रेष्ठ और उपांशु स्वाध्याय से मानस स्वाध्याय श्रेष्ठ है। दूसरे सुननेवाले को स्पष्टरूप से शब्द का ज्ञान उत्पन्न करने वाला स्वाध्याय वाचिक कहलाता है जो दूसरों को स्पष्ट सुनायी पड़े। ओठों में केवल स्पन्दन होने के कारण दूसरे को शब्द का बोध न कराने वाला स्वाध्याय उपांशु कहलाता है। यह वाचिक जप से हजार गुनाश्रेष्ठ है। स्पन्दन रहित अक्षर एवं उस पद की संगति के अनुसार सभी शब्दों के चिन्तन को विद्वान् मानस जप कहते हैं।[४८] नारदपुराण के अनुसार ॐकार , उपनिषद्, द्वादशाक्षर मन्त्र (ॐ नमो भगवते वासुदेवाय), अष्टाक्षरमन्त्र (ॐ नमो नारायणाय) तथा तत्त्वमसि आदि महावाक्यों के समुदाय का जो जप, अध्ययन एवं विचार है, उसे 'स्वाध्याय' कहा गया है। यह भी योग का उत्तम साधन है। जो मूढ 'स्वाध्याय' छोड़ देता है, उसका योग सिद्ध नहीं होता। किन्तु योग के बिना भी केवल 'स्वाध्यायमात्र' से मनुष्यों के पाप का नाश हो जाता है। 'स्वाध्याय' से सन्तुष्ट किए हुए इष्टदेवता प्रसन्न होते है।[४९] अग्निपुराण में प्रणव पर विशिष्ट चर्चा प्राप्त होती है। इसके अनुसार वेद प्रणव से ही आरम्भ होते हैं, अतः प्रणव में सम्पूर्ण वेदों की स्थिति है। वाणी का जितना भी विषय है, सब प्रणव है, इसलिए प्रणव का अभ्यास करना चाहिए। यह स्वाध्याय के अन्तर्गत है। प्रणव अर्थात् ओंकार में अकार, उकार तथा अर्धमात्रावशिष्ट मकार है। तीनों मात्राएँ तीनों वेद, भू- आदि तीनों लोक, तीन गुण, जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति-ये तीन अवस्थाएँ तथा ब्रह्मा, विष्णु और शिव-ये तीनों देवता प्रणवरूप हैं। ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र, स्कन्द, देवी और महेश्वर तथा प्रद्युम्न, श्री और वासुदेव-ये सब क्रमशः ॐकार के ही स्वरूप हैं। ॐकार मात्रा से रहित और अनेक मात्राओं से युक्त है। वह द्वैत की निवृत्ति करने वाला तथा शिवस्वरूप है। ऐसे ॐकार को जिसने जान लिया, वही मुनि है, दूसरा नहीं।[५०]

पुरुष को जो यदृच्छापूर्वक मिल जाता है, उसे ही पर्याप्त समझनेवाली बुद्धि को ऋषिलोग नित्य सुख लक्षणवाला सन्तोष कहते हैं।[५१] लिङ्गपुराण के अनुसार उचित माध्यम से प्राप्त जीविका से सन्तुष्टि प्राप्त करने वाला व्रती सन्तोषी है। वह अपनी आवश्यकताओं से चिन्तित नहीं रहता।[५२] स्कन्दपुराण के अनुसार न्याय से प्राप्त हुई जीविका या भिक्षा अथवा वार्ता (कृषि-वाणिज्य आदि) के द्वारा जो कुछ प्राप्त हो, उसी से सदा सन्तुष्ट रहना सन्तोष कहलाता है।[५३] नारदपुराण के अनुसार प्रारब्ध के अनुसार जो कुछ मिल जाए, उसी से प्रसन्न रहना सन्तोष कहलाता है। सन्तोषहीन पुरुष कभी सुख नहीं पाता। भोगों की कामना भोग्य वस्तुओं को भोग लेने से शान्त नहीं होती, अपितु इससे भी

---

४८. कूर्मपुराण-उ/११/२२-२६, लिङ्गपुराण-पृ०/८/३९

४९. नारदपुराण-पूर्वखण्ड/३३/८९-९१

५०. अग्निपुराण-३७२/२१-२५

५१. कूर्मपुराण-उ/११/२७

५२. लिङ्गपुराण-पृ०/८/३७-३८

५३. स्कन्दपुराण-माहेश्वरखण्ड/कुमारिकाखण्ड/५५/२३

 CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अधिक भोग मुझे कब मिलेगा-इस प्रकार की कामना बढ़ती रहती है। अतः कामना का त्याग करके दैवात् जो कुछ मिले, उसी से सन्तुष्ट रहकर मनुष्य को धर्म के पालन में लगे रहना चाहिए।[५४]

बाह्य और आभ्यन्तर-भेद से 'शौच' दो प्रकार का कहा गया है। मिट्टी और जल से होने वाला 'शौच' बाह्य 'शौच' और मन की शुद्धि आभ्यन्तर 'शौच' है।[५५] लिङ्गपुराण के अनुसार बाह्य शुचिता वाले को आन्तरिक शुचिता का अभ्यास करना चाहिए। विधि के अनुसार पवित्र स्नान करना चाहिए। यह स्नान तीन प्रकार का होता है-आग्नेय, वारूण तथा ब्राह्म। बाह्य स्नान करने के उपरान्त आन्तरिक स्नान का अभ्यास करना चाहिए। आन्तरिक शुचिता से रहित व्यक्ति सारे शरीर पर मिट्टी का लेप करके तीर्थ के जलों से स्नान करके भी अपवित्र है। आन्तरिक शुचिता का अभ्यास करना चाहिए। आन्तरिक शुचिता इस प्रकार बताई गई है-व्यक्ति को विरक्ति रूपी पवित्र राख श्रद्धा से लपेटनी चाहिए और आत्मज्ञानरूपी जल में स्नान करना चाहिए। इस प्रकार आन्तरिक शुचिता प्राप्त की जा सकती है। सिद्धियों की प्राप्ति शुद्ध व्यक्ति को हो सकती है, अशुद्ध व्यक्ति को नहीं।[५६] नारदपुराण के अनुसार जो आन्तरिक शुद्धि से रहित होकर केवल बाहर से शरीर को शुद्ध करता है, वह ऊपर से सजाए हुए मदिरा पात्र की तरह अपवित्र होता है, उसे शान्ति नहीं मिलती। जो मानसिक शुद्धि से हीन होकर तीर्थयात्रा करते हैं, उन्हें वे तीर्थ उसी तरह पवित्र नहीं करते जैसे मदिरा से भरे हुए पात्र को नदियाँ। जो वाणी से धर्मों का उपदेश देता हो और मन से पाप की इच्छा रखता है, उसे महापातकियों का सिरमौर समझना चाहिए। जिनका अन्तःकरण शुद्ध है, वे यदि परम उत्तम धर्ममार्ग का आचरण करते हैं तो उसका फल अक्षय और सुखदायक हो जाता है।[५७]

मन, वाणी तथा कर्म द्वारा स्तुति, स्मरण तथा पूजा करते हुए शिव में अचल भक्ति रखना-यह 'ईश्वर का पूजन' है।[५८] नारदपुराण के अनुसार मन, वाणी और क्रिया द्वारा स्तुति, कथाश्रवण तथा पूजा करने से भगवान् विष्णु की 'आराधना' कही गई है।[५९]

भगवान् शिव ही ज्ञानस्वरूप गुरु हैं, उनमें जो भक्ति की जाती है, वही 'गुरुभक्ति' मानी जाती है।[६०]

विष्णुपुराण में कहा गया है कि संयतचित्त होकर 'नियम' का पालन करना चाहिए तथा मन को निरन्तर परब्रह्म में लगाना चाहिए।[६१]

---

५४. नारदपुराण-पूर्वखण्ड/३३/९७-९९
५५. कूर्मपुराण-उ/११/२८, स्कन्दपुराण-माहेश्वरखण्ड/कुमारिकाखण्ड/५५/२२
५६. लिङ्गपुराण-पू०/८/३२-३७
५७. नारदपुराण-पूर्वखण्ड/३३/१०४-१०८
५८. कूर्मपुराण-उ/११/२९
५९. नारदपुराण-पूर्वखण्ड/३३/१०९
६०. स्कन्दपुराण-माहेश्वरखण्ड/कुमारिकाखण्ड/५५/२५
६१. विष्णुपुराण-६/७/३७

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

आसन

यम और नियमों द्वारा बुद्धि को स्थिर करके जितेन्द्रिय पुरुष को योग-साधना के अनुकूल 'आसन' का विधिपूर्वक अभ्यास करना चाहिए।[६२]

कूर्मपुराण में स्वस्तिकासन, पद्मासन तथा अर्धासन-भेद से 'आसन' तीन प्रकार का कहा गया है। सभी साधनों में यह साधन उत्तम है। अपने दोनों ऊरुओं के ऊपर दोनों पादतलों को रखकर बैठने को उत्तम पद्म नामक आसन कहा गया है। एक पैर को दूसरे जाँघ के ऊपर रखकर बैठने को अर्धासन कहा जाता है। यह योग का उत्तम साधन है। दोनों पैरों को जानुओं एवं ऊरुओं के भीतर करके बैठने को श्रेष्ठ स्वस्तिक नामक आसन कहा जाता है।[६३]

श्रीमद्देवीभागवत पुराण में पाँच आसन बताए गए हैं-पद्मासन, स्वस्तिकासन, भद्रासन, वज्रासन और वीरासन।[६४]

नारदपुराण में पद्मासन, स्वस्तिकासन, पीठासन, सिंहासन, कुक्कुटासन, कुञ्जरासन, कूर्मासन, वज्रासन, वाराहासन, मृगासन, चैलिकासन, क्रौञ्चासन, नालिकासन, सर्वतोभद्रासन, वृषभासन, नागासन, मत्स्यासन, व्याघ्रासन, अर्धचन्द्रासन, दण्डवातासन, शैलासन, खड्गासन, मुद्गरासन, मकरासन, त्रिपथासन, काष्ठासन, स्थाणु-आसन, वैकर्णिकासन, भौमासन और भौमासन को योगसाधन का हेतु बताया गया है। साधक पुरुष को शीत-उष्ण आदि द्वन्द्वों से पृथक् हो ईर्ष्या-द्वेष छोड़कर गुरुदेव की चरणों में भक्ति रखते हुए उपर्युक्त आसनों में से किसी एक को सिद्ध करके प्राणों को जीतने का अभ्यास करना चाहिए।[६५]

आत्मा के जानने वाले को योगिक सिद्धियों के लिए आसनों को करना चाहिए।[६६]

प्राणायाम

नियमों और यमों का भलीभाँति साधन करके विद्वान् पुरुष को 'प्राणायाम' के लिए सन्नद्ध होना चाहिए, अन्यथा वह योग की सिद्धि नहीं कर सकता।[६७]

---

६२. नारदपुराण-पूर्वखण्ड/३३/११०-१११

६३. कूर्मपुराण-उ/११/४३-४६

६४. श्रीमद्देवीभागवत पुराण-७/३५/८-९

६५. नारदपुराण-पूर्वखण्ड/३३/१११-११६

६६. लिङ्गपुराण-पृ०/८/७८

६७. स्कन्दपुराण-माहेश्वरखण्ड/कुमारिकाखण्ड/५५/२६

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

शिवपुराण के अनुसार अपने शरीर में प्रकट हुई जो वायु है, उसको 'प्राण' कहते हैं। उसे रोकना ही उसका आयाम है। इस 'प्राणायाम' के तीन भेद कहे गए हैं। नासिका के एक छिद्र को दबाकर या बन्द करके दूसरे से उदरस्थित वायु को निकालने की क्रिया को 'रेचक' कहते हैं। फिर दूसरे नासिका छिद्र द्वारा वायु से शरीर को धौंकनी की भाँति भरने की क्रिया 'पूरक' कहलाती है। जब साधक भीतर की वायु को न छोड़ता है और न बाहर की वायु को ग्रहण करता है, केवल भरे हुए घड़े की भाँति अविचलभाव से स्थित रहता है, तब उस प्राणात्मक को 'कुम्भक' नाम दिया जाता है। योग के साधक को चाहिए कि वह रेचक आदि तीनों प्राणायामों को न तो बहुत जल्दी-जल्दी करे न बहुत देर से करे। साधक के लिए उद्यत हो क्रम से उसका अभ्यास करना चाहिए।[६८] शिवपुराण के अनुसार 'प्राणायाम' से धृति, मेधा, युवापन, स्थिरता और प्रसन्नता आती है। तप, प्रायश्चित्त, यज्ञ, दान और व्रत आदि जितने भी साधन हैं-ये प्राणायाम की सोलहवीं कला के भी बराबर नहीं हैं।[६९]

विष्णुपुराण के अनुसार अभ्यास के द्वारा जो प्राणवायु को वश में किया जाता है, उसे 'प्राणायाम' समझना चाहिए।[७०] प्राण और अपान का निरोध 'प्राणायाम' है। यह बारह मात्राओं का होती है।[७१] आँख को बंद करन और खोलने में जितना समय लगता है, वह एक मात्रा है।[७२] प्राणों का उपरोध(संयम) करने से उस साधन का नाम 'प्राणायाम' है।[७३]

नारदपुराण के अनुसार जहाँ मनुष्यों की भीड़ न हो और किसी प्रकार का कोलाहल न होता हो, ऐसे एकान्त स्थान में पूर्व, उत्तर अथवा पश्चिम की ओर मुँह करके अभ्यासपूर्वक प्राणायाम करना चाहिए। शरीर के भीतर स्थित वायु का नाम प्राण है। उसके विग्रह (वश में करने की चेष्टा) को आयाम कहते हैं।[७४] जैसे मतवाले गजराज को धीरे-धीरे वश में किया जाता है, उसी प्रकार प्राण को धीरे-धीरे जीतना चाहिए। अन्यथा बड़े-बड़े रोग हो जाते हैं। जो योगी क्रमशः वायु को जीतने का अभ्यास करता है, वह निष्पाप हो जाता है और सब पापों से मुक्त होने पर वह ब्रह्मलोक को प्राप्त हो जाता है।[७५]

---

६८. शिवपुराण-वायवीयसंहिता/उत्तरखण्ड/३७/२२-२५

६९. वही-वायवीयसंहिता/उत्तरखण्ड/३७/४४-४५

७०. विष्णुपुराण-६/७/४०

७१. लिङ्गपुराण-पृ०/८/४६, स्कन्दपुराण-माहेश्वरखण्ड/कुमारिकाखण्ड/५५/२९

७२. स्कन्दपुराण-माहेश्वरखण्ड/कुमारिकाखण्ड/५५/३०

७३. वही-माहेश्वरखण्ड/कुमारिकाखण्ड/५५/३३

७४. नारदपुराण-पूर्वखण्ड/३३/११७-११८

७५. वही-पूर्वखण्ड/३३/१२७-१२८

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

कूर्मपुराण के अनुसार अपनी देह से उत्पन्न वायु को प्राण कहते है और उस वायु का निरोध करना आयाम है। उत्तम, मध्यम तथा अधम के भेद से यह तीन प्रकार का कहा गया है। वही सगर्भ और अगर्भ-भेद से दो प्रकार का है। द्वादश मात्रा (अर्थात् प्रणव का बारह बार जप करने तक) के काल को मन्द प्राणायाम, चौबीस मात्रा के प्राणनिरोध को मध्यम और छत्तीस मात्रा तक के कालतक प्राणनिरोध को उत्तम प्राणायाम कहा गया है।[७६]

तीनों तरह के 'प्राणायाम' में क्रमशः पसीना आना, कम्पन और उत्थान होता है। जब प्राणायाम में निद्रा, चक्कर आना, तरह-तरह की ध्वनि से रोमाञ्च हो जाना, शरीर के अङ्गों में दबाव और कम्पन आदि हो तो यह उत्तम लक्षण है क्योंकि यह आनन्द का आरम्भ है।[७७] निरन्तर अभ्यास से वायु भी सामान्य और सन्तुलित हो जाता है। योगाभ्यास करने वाले पर कोई संकट नहीं रहता। समुचित अभ्यास से प्राणवायु, मन, वाणी और शरीर के दोषों को दूर करके साधक के शरीर को सुरक्षित रखता है। इस प्रकार 'प्राणायाम' के अभ्यास से दोषों का नाश होता है। अभ्यासी श्वास तक पर नियन्त्रण कर लेता है और दिव्य शान्ति आदि गुण प्राप्त होते है। 'प्राणायाम' कर शान्ति, प्रशान्ति, दीप्ति और प्रसाद चार गुण होते हैं। शान्ति का अर्थ है पापों का दमन चाहे वे जन्मजात हों या प्राप्त किए हुए। प्रशान्त वाणी पर पूर्ण निरोध है। हर समय और सब तरफ की चमक दीप्ति कहलाती है और मन की स्पष्टता प्रसाद है। प्रसाद चार तरह का होता है। ये है ज्ञानेन्द्रियों, बुद्धि और मारुत के प्रसाद। मारुत, प्राण, अपान, समान, उदान और व्यान हैं। इन्हें क्रमशः नाग, कर्म, कृकल, देवदत्त और धनञ्जय भी कहते हैं। इन सबकी स्पष्टता ही प्रसाद है। जो शरीर से प्रयाण करती है वह वायु प्राण कही जाती है। जो आहार और पान आदि को नीचे ले जाती है वब अपान कही जाती है। जो वायु शरीर के झुकने से योग्य बनाती है वह व्यान होती है। यह रोगों को भी उत्तेजित करती है। शरीर के मर्म स्थानों को उत्तेजित और प्रभावित करने वाली वायु उदान है और सब अङ्गों को सामान्य करने वाल वायु समान है। नाग का कार्य उद्गार है और कर्म का उन्मीलन है। कृकल छींकने का कार्य करता है जबकि धनञ्जय घोष(तीव्र ध्वनि) करता है। इन वायुओं का नियन्त्रण ही प्रसाद है। बुद्धि के पर्यायवाची हैं-विस्वर, महत्, प्रज्ञा, मानस, ब्रह्मा, चित्ति, स्मृति, ख्याति, संवित, ईश्वर और मति। 'प्राणायाम' से बुद्धि का प्रसाद प्राप्त होता है। यह बुद्धि दो विपरीत भावों को मिलाती है। अतः इसे विस्वर कहते हैं। यह सभी तत्त्वों में अग्रणी है। अतः महत् कही जाती है। यह प्रज्ञा कही जाती है क्योंकि यह ज्ञान का भण्डार है। यह सोचती है, इसीलिए मानस कहलाती है। यह बड़ी है और फैलती है इसीलिए ब्रह्मा कही जाती है। यह आनन्द के लिए सभी गतिविधियों को एकत्र करती है, इसीलिए इसे चिति कहते हैं। यह वस्तुओं का स्मरण रखती है इसीलिए इसे स्मृति कहते हैं। चूँकि इसे सब जगह ज्ञान के कारण जानी जाती है, इसीलिए इसे ख्याति कहते हैं।

७६. कूर्मपुराण-उ/११/३०-३२

७७. लिङ्गपुराण-पृ०/८/४८-५०, कूर्मपुराण-उ/११/३३

 CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

चूँकि यह सब कुछ प्राप्त कर सकती है इसीलिए इसे संवित कहते हैं। इसे ईश्वर कहते हैं क्योंकि यह सभी तत्त्वों की स्वामिनी हैं। यह मति कही जाती है क्योंकि यह विषयगत और विषयीगत विचारों का उपकरण है। क्योंकि यह सभी वस्तुओं का बोध कराती है और स्वयं बोधवती है, अतः यह बुद्धि कही जाती है। 'प्राणायाम' से बुद्धि का प्रसाद सिद्ध होता है। 'प्राणायाम' से यमी सभी दोषों को जला देता है।[७८]

विद्वान् 'जपयुक्त प्राणायाम' को सगर्भ और 'जपरहित प्राणायाम' को 'अगर्भ' कहते हैं। योगियों के 'प्राणायाम' का यही लक्षण कहा गया है।[७९] प्राणधारणपूर्वक व्याहृति (भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः, सत्यम्), प्रणव और शीर्षमन्त्रसहित गायत्री का तीन वार जप सगर्भ 'प्राणायाम' कहा जाता है।[८०]

अग्निपुराण के अनुसार इन्द्रियों पर विजय पाने के लिए सगर्भ प्राणायाम ही उत्तम होता है, उसी का अभ्यास करना चाहिए। ज्ञान और वैराग्य से युक्त होकर प्राणायाम के अभ्यास से इन्द्रियों को जीत लेने पर सबपर विजय प्राप्त हो जाती है। जिसे स्वर्ग और नरक कहते है, वह सब इन्द्रियाँ ही हैं। वे ही वश में होने पर स्वर्ग में पहुँचाती हैं और स्वतन्त्र छोड़ देने पर नरक में ले जाती हैं। शरीर को रथ कहते हैं, इन्द्रियाँ ही उसके घोड़े हैं, मन को सारथि कहा गया है और प्राणायाम को चाबूक माना गया है। ज्ञान और वैराग्य की बागडोर में बँधे हुए मन रूपी घोड़े को प्राणायाम से आबद्ध करके जब अच्छी तरह काबू में किया जाता है तो वह धीरे-धीरे स्थिर हो जाता है।[८१]

स्कन्दपुराण के अनुसार जैसे आग में धौंके जाने पर पर्वतीय धातुओं की मैल जल जाती है, उसी प्रकार प्राणायाम से इन्द्रियजनित सम्पूर्ण दोष दग्ध हो जाते हैं। सौ कपिला गायों के दान करने से जो फल प्राप्त होता है, वही 'प्राणायाम' से भी मिल जाता है। इसीलिए योगज पुरुष को सदैव 'प्राणायाम' करना चाहिए।[८२] स्कन्दपुराण में ही शान्ति, प्रशान्ति, दीप्ति एवं प्रसाद को दिव्य गुण मानते हुए परिभाषित किया गया है। स्वाभाविक और आगन्तुक पापों की निवृत्ति तथा उनकी वासनाओं का शमन यह 'शान्ति' नामक प्रथम गुण है। मन और बुद्धि केद्वारा लोभ और मोहरूपी दोषों का पूर्णतया निराकरण करके जो शान्ति की प्राप्ति होती है, उसी को इस लोक में 'प्रशान्ति' कहते हैं। भूत, भविष्य, दूरस्थ तथा अदृश्य पदार्थों का यहाँ भलीभाँति ज्ञान होना ही 'दीप्ति' है। सम्पूर्ण इन्द्रियों की प्रसन्नता तथा बुद्धि और प्राणों की भी निर्मलता को 'प्रसाद' कहा गया है।[८३]

---

७८. लिङ्गपुराण-पृ०/८/५५-७५

७९. कूर्मपुराण-उ/११/३४

८०. वही-उ/११/३५

८१. अग्निपुराण-३७३/१४-१८

८२. स्कन्दपुराण-माहेश्वरखण्ड/कुमारिकाखण्ड/५५/३५

८३. वही-माहेश्वरखण्ड/कुमारिकाखण्ड/५५/३५-३९

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अग्निपुराण के अनुसार प्राण को जीत लेने पर हिचकी और साँस आदि रोग दूर हो जाते है तथा मल-मूत्रादि के दोष भी धीरे-धीरे कम हो जाते हैं। निरोग होना, तेज चलना, मन में उत्साह होना, स्वर में माधुर्य आना, बल बढ़ना, शरीरवर्ण में स्वच्छता आना तथा सब प्रकार के दोषों का नाश हो जाना-ये प्राणायाम से होने वाले लाभ है।[८४]

वायुपुराण के अनुसार सौ सम्वत्सरों तक प्रत्येक मास कुश के अग्र भाग से जलबिन्दु पान करने से जो फल प्राप्त होता है, वही फल प्राणायाम करने से होता है।[८५] श्रीमद्भागवतपुराण के अनुसार जिस प्रकार वायु और अग्नि से तपाया हुआ सोना अपने मल को त्याग देता है, उसी प्रकार जो योगी प्राणवायु को जीत लेता है, उसका मन बहुत शीघ्र शुद्ध हो जाता है।[८६]

प्रत्याहार

सज्जनों ने स्वभावतः विषयों में विचरण करने वाली इन्द्रियों के निग्रह को 'प्रत्याहार' कहा है।[८७] श्रीमद्देवीभागवत पुराण में भी इसी ओर सङ्केत किया गया है। इन्द्रियाँ स्वच्छन्द रूप से अपने विषयों में विचरती रहती है। उनको बलपूर्वक विषयों से हटाने का नाम 'प्रत्याहार' है।[८८] लिङ्गपुराण के अनुसार मानसिक, शारीरिक और वाणी से शिव प्रणिधान, गुरु पर अटूट श्रद्धा, ज्ञानेन्द्रियों का सांसारिक सुखसे निवारण-यही 'प्रत्याहार' है।[८९] 'प्रत्याहार' से व्यक्ति सभी पापों को जला देता है।[९०] स्कन्दपुराण के अनुसार विषय सेवन से लगे हुए चित्त को विषय की ओर से लौटाने का जो प्रयत्न है, उसे 'प्रत्याहार' बताया गया है। चित्त को संयम में रखना ही 'प्रत्याहार' का मुख्य लक्षण है।[९१] नारदपुराण में कहा गया है कि जो विषयों में फँसी हुई इन्द्रियों को विषयों से सर्वथा समेटकर अपने भीतर रोके रहता है, उसके इस प्रयत्न का नाम 'प्रत्याहार' है। जिन्होंने प्रत्याहार के द्वारा अपनी इन्द्रियों को जीत लिया है, वे महात्मा पुरुष ध्यान न करने पर भी पुनरावृत्तिरहित परब्रह्म पद को प्राप्त कर लेते हैं। जो इन्द्रियसमुदाय को वश में किये बिना ही ध्यान में तत्पर होता है, उसे मूर्ख समझना चाहिए क्योंकि उसका ध्यान सिद्ध नहीं होता।[९२] अग्निपुराण

---

८४. अग्निपुराण-३७३/१२-१३

८५. वायुपुराण-१०/९२

८६. श्रीमद्भागवतपुराण-३/२८/१०

८७. कूर्मपुराण-उ/११/३८

८८. श्रीमद्देवीभागवत पुराण-७/३५/२१-२२

८९. लिङ्गपुराण-पू०/८/४०-४२

९०. वही-८/७६

९१. स्कन्दपुराण-माहेश्वरखण्ड/कुमारिकाखण्ड/५५/४२

९२. नारदपुराण-पूर्वखण्ड/३३/१२९-१३१

 CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

के अनुसार विषयों के समुद्र में प्रवेश करके वहाँ फँसी हुई इन्द्रियों को जो आहूत करके, अर्थात् लौटाकर अपने अधीन करता है, उनके इस प्रयत्न को 'प्रत्याहार' कहते हैं। जैसे जल में डूबा हुआ मनुष्य उससे निकलने का प्रयत्न करता है, उसी प्रकार संसारसमुद्र में डूबे हुए अपने-आपको स्वयं ही निकालने का प्रयत्न करना चाहिए। भोगरूपी नदी का वेग अत्यन्त बढ़ जाने पर उससे बचने के लिए अत्यन्त सुदृढ़ ज्ञानरूपी वृक्ष का आश्रय लेना चाहिए।[९३]

शिवपुराण के अनुसार अपने-अपने विषय में आसक्त हुई इन्द्रियों को वहाँ से हटाकर जो अपने भीतर निगृहीत करता है, उस साधन को 'प्रत्याहार' कहते हैं। मन और इन्द्रियाँ ही मनुष्य को स्वर्ग और नरक में ले जाने वाली हैं। इसीलिए सुख की इच्छा रखने वाले बुद्धिमान् पुरुष को चाहिए कि वह ज्ञान-वैराग्य का आश्रय ले इन्द्रियरूपी अश्वों को शीघ्र ही काबू में करके स्वयं ही आत्मोद्धार करे।[९४]

धारणा

हृदयकमल, नाभिदेश, मूर्धा तथा पर्वतशिखर आदि स्थानों में चित्त के बन्धन को 'धारणा' कहा जाता है।[९५] श्रीमद्देवीभागवत पुराण में इसका व्यापक वर्णन प्राप्त होता है। इसके अनुसार अँगूठे, एड़ी, घुटने, जाँघ, गुदा, लिङ्ग, नाभि, हृदय, ग्रीवा, कण्ठ, भ्रूमध्य और मस्तक-इन बारह स्थानों में प्राणवायु को विधिपूर्वक धारण किए रहने को 'धारणा' कहा जाता है।[९६] लिङ्गपुराण के अनुसार चित्त का उचित स्थान पर स्थिरीकरण 'धारणा' है।[९७] 'धारणा' से व्यक्ति सभी पापों को जला देता है।[९८] नारदपुराण के अनुसार मनुष्य जिस-जिस वस्तु को देखता है, उसे अपने आत्मा में आत्मस्वरूप समझे और प्रत्याहार द्वारा वश में की हुई इन्द्रियों को अपने आत्मा में ही अन्तर्मुख करके धारण करना चाहिए। इस प्रकार इन्द्रियों को जो आत्मा में धारण करना है, उसी को 'धारणा' कहते हैं।[९९] स्कन्दपुराण के अनुसार जैसे जल पीने की अभिलाषा रखने वाले लोग पत्र और नाल आदि के द्वारा धीरे-धीरे जल पीते हैं, उसी प्रकार योगी पुरुष धारणा द्वारा साधित वायु का धीरे-धीरे पान करता है। गुदा, लिङ्ग, नाभि, हृदय, तालु तथा भ्रूमध्यभाग ललाट में क्रमशः चतुर्दल, षट्दल, द्वादशदल, षोडशदल तथा द्विदल कमल का चिन्तन करके उन सबमें प्राणवायु की धारणा करना चाहिए और धीरे-धीरे एक स्थान में समेटकर दूसरे स्थान में ऊपर उठाते हुए उस प्राण

---

९३. अग्निपुराण-३७३/२०-२१

९४. शिवपुराण-वायवीयसंहिता/उत्तरखण्ड/३७/४५-४८

९५. कूर्मपुराण-उ/११/३९

९६. श्रीमद्देवीभागवत पुराण-७/३५/२२-२४

९७. लिङ्गपुराण-पृ०/८/४२

९८. वही-८/७६

९९. नारदपुराण-पूर्वखण्ड/३३/१३२

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

को मस्तक के भीतर ब्रह्मरन्ध्र में स्थापित कर देना चाहिए। गुदा आदि छः अंग और चतुर्दश आदि छः चक्र-इन बारह स्थानों में प्राणवायु की 'धारणा' तथा संकोच करने से सब मिलकर बारह प्राणायाम होते हैं। इसी को 'धारणा' कहते हैं। इस धारणाओं को सिद्ध कर लेने पर योगी पुरुष अक्षर ब्रह्म की समता को प्राप्त हो जाता है।[१००] गरुडपुराण के अनुसार विधिवत् अठारह बार किया गया जो प्राणायाम है, उसे योग में धारणा के नाम से स्वीकार किया गया है। योग के दो तत्त्व को जानने वाले योगीजन ऐसी धारणा की दो आवृत्ति को ही योग कहते हैं। योगियों की पहली धारणा नाड़ी में, दूसरी हृदय में, तीसरी वक्षःस्थल में, चौथी उदर में, पाँचवी कण्ठ में, छठी मुख में, सातवीं नासाग्र पर, आठवीं नेत्र में, नवीं दोनों भौंहों के मध्य और दसवीं मूर्धास्थान में होती है। इस प्रकार योग में धारणा को दस प्रकार का माना गया है। इन दसों धारणाओं में सफलता प्राप्त करके योगी अक्षररूपता को प्राप्त कर लेता है।[१०१] अग्निपुराण के अनुसार ध्येय वस्तु में जो मन की स्थिति होती है, उसे धारणा कहते हैं। इसके दो भेद हैं-'साकार' और 'निराकार'। भगवान् के ध्यान में जो मन को लगाया जाता है , उसे क्रमशः मूर्त और अमूर्त 'धारणा' कहते हैं। इस धारणा से भगवान् की प्राप्ति होती है। जो बाहर का लक्ष्य है, उससे मन जब तक विचलित नहीं होता, तब तक किसी भी प्रदेश में मन की स्थिति को धारणा कहते हैं। देह के भीतर नियत समय तक जो मन को रोक रखा जाता है और वह अपने लक्ष्य से विचलित नहीं होता, यही अवस्था धारणा कहलाती है।[१०२]

किसी देश (स्थान) विशेष का अवलम्बन कर उसमें बुद्धि की जो एकतान वृत्ति बनी रहती हे और दूसरी वृत्तियों से कोई भी सम्बन्ध नहीं रहता है, उसे विद्वानों ने 'ध्यान' कहा है।[१०३] श्रीमद्देवीभागवत पुराण अनुसार मन को चेतन आत्मा में समाहित करके उसमें अपने अभीष्ट देवता का 'ध्यान' करने को 'ध्यान' कहा जाता है।[१०४] लिङ्गपुराण के अनुसार धारणा का सामान्य हो जाना ही 'ध्यान' है।[१०५] सांसारिक विषयों को विष के समान मानते हुए ध्यानी अनीश्वरी गुणों को जला देता है।[१०६] अग्निपुराण के अनुसार 'ध्यान' 'ध्यै' धातु से निष्पन्न हुआ है। 'ध्यै' धातु का प्रयोग चिन्तन के अर्थ में होता है। अतः स्थिरचित्त से भगवान् विष्णु का वारंवार चिन्तन करना 'ध्यान' कहलाता है। समस्त उपाधियों

१००.स्कन्दपुराण-माहेश्वरखण्ड/कुमारिकाखण्ड/५५/४३-४६

१०१.गरुडपुराण-आचारकाण्ड/२२६/२०-२२

१०२.अग्निपुराण-३७५/१-३

१०३.कूर्मपुराण-उ/११/४०

१०४.श्रीमद्देवीभागवत पुराण-७/३५/२४-२५

१०५.लिङ्गपुराण-पृ०/८/४३

१०६.वही-पृ०/८/७६

 CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

से मुक्त मन सहित आत्मा का ब्रह्मविचार में परायण होना भी ध्यान है। ध्येयरूप आधार में स्थित एवं सजातीय प्रतीतियों से युक्त चित्त को जो विजातीय प्रतीतियों से रहित प्रतीति होती है, उसको भी 'ध्यान' कहते हैं। जिस किसी प्रदेश में ध्येय वस्तु के चिन्तन में एकाग्र हुए चित्त को प्रतीति के साथ जो अभेद भावना होती है, उसका नाम भी 'ध्यान' है। इस प्रकार ध्यानपरायण होकर जो अपने शरीर का परित्याग करता है, वह अपने कुल, स्वजन और मित्रों का उद्धार करके स्वयं भगवत्स्वरूप हो जाता है।[१०७] तत्त्ववेत्तायोगी को चाहिए कि वह ध्याता, ध्यान, ध्येय तथा ध्यान का प्रयोजन-इन चार वस्तुओं का ज्ञान प्राप्त करके योग का अभ्यास करे। योगाभ्यास से मोक्ष तथा आठ प्रकार के महान् ऐश्वर्यों (अणिमा आदि सिद्धियों) की प्राप्ति होती है। जो ज्ञान-वैराग्य से सम्पन्न, श्रद्धालु, क्षमाशील, विष्णुभक्त तथा ध्यान में सदा उत्साह रखने वाला हो, ऐसा पुरुष ही ध्याता माना जाता है। व्यक्त और अव्यक्त, जो कुछ प्रतीत होता है, सब परम ब्रह्म परमात्मा का ही स्वरूप है-इस प्रकार विष्णु का चिन्तन करना ध्यान कहलाता है। सर्वज्ञ परमात्मा श्रीहरि को सम्पूर्ण कलाओं से युक्त तथा निष्कल जानना चाहिए। अणिमादि ऐश्वर्यों की प्राप्ति तथा मोक्ष-ये ध्यान के प्रयोजन हैं। भगवान् विष्णु ही कर्मों के फल की प्राप्ति कराने वाले हैं, अतः उन परमेश्वर का ध्यान करना चाहिए। वे ही ध्येय हैं। चलते-फिरते, खड़े होते, सोते-जागते, आँख खोलते और आँख मींचते समय भी, शुद्ध या अशुद्ध अवस्था में भी निरन्तर परमेश्वर का ध्यान करना चाहिए।[१०८] स्कन्दपुराण के अनुसार धारणा में स्थित हुआ साधक जब आधे पल के लिए भी अपने ध्येय (इष्टदेव) से भिन्न चिन्तन न करे तो यह ध्यान की अवस्था है।[१०९] नारद पुराण के अनुसार प्रत्याहार से इन्द्रियों के समुदाय को जीतकर धारणा द्वारा उन इन्द्रियों को दृढ़तापूर्वक हृदय में धारण कर लेने के पश्चात् साधक को उन परमात्मा का ध्यान करना चाहिए जो सबका धारण-पोषण करने वाले हैं और जो कभी अपनी महिमा से च्युत नहीं होते। सम्पूर्ण विश्व उन्हीं का स्वरूप है। ये सर्वत्र व्यापक होने से विष्णु कहलाते हैं। समस्त लोकों के एकमात्र कारण वे ही हैं। उनके नेत्र विकसित कमलदल के समान सुशोभित हैं। मनोहर कुण्डल उनके कानों की शोभा बढ़ाते हैं। उनकी भुजाएँ विशाल हैं। अङ्ग-अङ्ग से उदारता सूचित होती है। सब प्रकार के आभूषण उनके सुन्दर विग्रह की शोभा बढ़ाते हैं। उन्होंने पीताम्बर धारण कर रखा है। वे दिव्यशक्ति से सम्पन्न हैं। उन्होंने स्वर्णमय यज्ञोपवित धारण कर रखा है। गले में तुलसी की माला पहन रखी है। कौस्तुभमणि से उनकी शोभा और बढ़ गयी है। वक्षःस्थल में श्रीवत्स का चिह्न सुशोभित है। देवता और असुर सभी भगवान् के चरणों में मस्तक नवा रहे हैं। बारह अंगुल विस्तृत तथा आठ दलों से विभूषित अपने हृदयकमल के आसन पर विराजमान सर्वव्यापी अव्यक्तस्वरूप परात्पर परमात्मा का उपयुक्त रूप से ध्यान करना

१०७.अग्निपुराण-३७४/१-५५

१०८.वही-३७४/७-१२

१०९.स्कन्दपुराण-माहेश्वरखण्ड/कुमारिकाखण्ड/५५/५२

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

चाहिए। ध्येय वस्तु में चित्त की वृत्ति का एकाकार हो जाना ही साधु पुरुषों द्वारा ध्यान कहा गया है। दो घडी ध्यान करके भी मनुष्य परम मोक्ष को प्राप्त कर लेता है। ध्यान से पाप नष्ट हो जाते हैं। ध्यान से मोक्ष मिलता है। ध्यान से भगवान् विष्णु प्रसन्न होते हैं तथा ध्यान से सम्पूर्ण मनोरथों की सिद्धि हो जाती है। भगवान् के जो-जो स्वरूप हैं, उनमें से किसी का भी एकाग्रतापूर्वक ध्यान करना चाहिए। उस ध्यान से सन्तुष्ट होकर भगवान् विष्णु निश्चय ही मोक्ष देते हैं। ध्येय वस्तु में मन को इस प्रकार स्थिर कर देना चाहिए कि ध्याता और ध्येय की त्रिपुटी का तनिक भी भान न रह जाए। तब साधक ज्ञानरूपी अमृत के सेवन से अमृततत्त्व (परमात्मा) को प्राप्त हो जाता है।[११०]

शिवपुराण के अनुसार ध्येय में स्थित हुए चित्त की जो ध्येयाकार वृत्ति होती है और बीच में दूसरी वृत्ति अन्तर नहीं डालती, उस ध्येयाकार वृत्ति का प्रवाहरूप से बना रहना ध्यान कहलाता है। दूसरी सब वस्तुओं को छोडकर केवल कल्याणकारी परमदेव देवेश्वर शिव का ध्यान करना चाहिए। वे ही सबके परम ध्येय हैं।[१११] ध्यान के दो प्रयोजन हैं। पहला है मोक्ष और दूसरा प्रयोजन है अणिमा आदि सिद्धियों की उपलब्धि। ध्याता, ध्यान, ध्येय और ध्यान-प्रयोजन-इन चारों को अच्छी तरह जानकर योगवेत्ता पुरुष को योग का अभ्यास करना चाहिए। जो ज्ञान और वैराग्य से सम्पन्न, श्रद्धालु, क्षमाशील, ममतारहित तथा सदा उत्साह रखने वाला है, ऐसा पुरुष ही ध्याता कहा गया है अर्थात् वही ध्यान करने में सफल हो सकता है। साधक को चाहिए कि वह जप से थकने पर फिर ध्यान करे और ध्यान से थकने जाने पर पुनः जप करे। इस तरह जप और ध्यान में लगे हुए पुरुष का योग जल्दी सिद्ध हो जाता है।[११२]

समाधि

जो चैतन्यस्वरूप से युक्त और प्रशान्त समुद्र की भाँति स्थिर हो, जिसमें आत्मा के सिवा अन्य किसी वस्तु की प्रतीति न होती हो, उस ध्यान को समाधि कहते हैं। जो ध्यान के समय अपने चित्त को ध्येय में लगाकर वायुहीन प्रदेश में जलती हुई अग्निशिखा की भाँति अविचल और स्थिरभाव से बैठा रहता है, वह योगी समाधिस्थ कहलाता है।[११३]

किसी देश या अन्य आलम्बन से रहित चित्त की एकाकारता समाधि है। इसमें ध्येय मात्र का भान होता है। यह योग का उत्तम साधन है। बारह प्राणायामपर्यन्त धारणा, बारह धारणापर्यन्त ध्यान और बारह

११०.नारदपुराण-पूर्वखण्ड/३३/१३३-१४२

१११.शिवपुराण-वायवीयसंहिता/उत्तरखण्ड/३७/५१-५४

११२.वही-वायवीयसंहिता/उत्तरखण्ड/३७/५६-५९

११३.अग्निपुराण-३७५/१-२

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ध्यानपर्यन्त 'समाधि' कही जाती है।[११४] श्रीमद्देवीभागवत पुराण के अनुसार जीवात्मा और परमात्मा में नित्य समत्वभाव-दोनों के ऐक्य को 'समाधि' कहा जाता है।[११५] लिङ्गपुराण के अनुसार विचार के साथ किया गया ध्यान 'समाधि' है। 'समाधि' में चित्त और ध्यान का केन्द्रीकरण है। इसमें बाहरी वस्तु पर विचार वर्जित है। 'समाधि' में मात्र उच्चतम चेतना रह जाती है मानो यह शरीर से रहित शून्यमात्र में हो।[११६] 'समाधि' से बुद्धि की क्षमता बढ़ानी चाहिए। योग के आठों अङ्गों का अभ्यास समुचित स्थान की प्राप्ति के बाद ही करना चाहिए।[११७]

स्कन्दपुराण के अनुसार जो शब्द, स्पर्श, रस, गन्ध तथा रूप से सर्वथा रहित है, उस परमपुरुष परमात्मा को प्राप्त हुआ योगी 'समाधिस्थ' कहलाता है। समाधि में स्थित हुआ मनुष्य कभी विघ्नों से अभिभूत नहीं होता। भारी-से-भारी दुःख क्यों न आ जाए, वह उससे विचलित नहीं होता। उसके कानों के पास यदि सैकडों शंख फूँके जाएँ और बहुत से नगाड़े पीटे जाएँ तो भी वह बाहर के शब्दों को नहीं सुनता। कोड़ों के प्रहार से उसे घायल कर दिया जाए, आग से उसका शरीर जला दिया जाए तथा सर्दी से भरे हुए भयंकर स्थान में बैठा दिया जाए, तो भी वह बाहर के स्पर्श का अनुभव नहीं करता। फिर वैसे पुरुष के लिए बाहरी, रूप, गन्ध और रस के विषय में तो कहना ही क्या ? जो इस प्रकार आत्मा का साक्षात्कार करके पुनः समाधि को प्राप्त करता है, उसे भूख और प्यास कभी बाधा नहीं पहुँचा सकती। निश्चल समाधि को प्राप्तकर मनुष्य जिस सुख का अनुभव करता है, वह न तो स्वर्गलोक में है और न पाताल में ही है, फिर मनुष्यलोक में तो वह हो ही कहाँ सकता है।[११८]

नारदपुराण में समाधि को परिभषित करते हुए कहा गया है कि निरन्तर ध्यान करने से ध्येय वस्तु के साथ अपना अभेदभाव स्पष्ट अनुभव हो जाता है। जिसकी सब इन्द्रियाँ विषयों से निवृत्त हो जाती हैं और वह परमानन्द से पूर्ण हो वायुशून्य स्थान में जलते हुए दीपक की भाँति अविचलभाव से ध्यान में स्थित हो जाता है, तो उसकी इस ध्योयाकार स्थिति को समाधि कहते हैं। योगी पुरुष समाधि अवस्था में न देखता है, न सुनता है, न सूँघता है, न स्पर्श करता है और न वह कुछ बोलता ही है। उस अवस्था में योगियों क सम्पूर्ण उपाधियों से मुक्त, शुद्ध, निर्मल, सच्चिदानन्दस्वरूप तथा अविचल आत्मा का साक्षात्कार होता है। यह आत्मा परम ज्योतिर्मय तथा अमेय है। जो माया के अधीन हैं, उन्हीं को वह मायायुक्त सा प्रतीत होता है। उस माया का निवारण होने पर वह निर्मल ब्रह्मरूप से प्रकाशित होता है। वह ब्रह्म एक, अद्वितीय, परमज्योतिःस्वरूप, निरञ्जन तथा सम्पूर्ण प्राणियों के अन्तर्यामी आत्मारूप

११४.कूर्मपुराण-उ/११/४१

११५.श्रीमद्देवीभागवत पुराण-७/३५/२५-२६

११६.लिङ्गपुराण-पृ०/८/४३-४४

११७.वही-पृ०/८/७७

११८.स्कन्दपुराण-माहेश्वरखण्ड/कुमारिकाखण्ड/५५/५३-६०

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

से स्थित है। परमात्मा सूक्ष्म से भी अत्यन्त सूक्ष्म और महान से भी अत्यन्त महान है। वह सनातन परमेश्वर समस्त विश्व का कारण है। ज्ञानियों में श्रेष्ठ पुरुष परम पवित्र परात्पर ब्रह्मरूप में उसका दर्शन करते हैं। अकार से लेकर हकार तक के भिन्न-भिन्न वर्णों के रूप में स्थित अनादि पुराणपुरुष परमात्मा को ही शब्दब्रह्म कहा गया है और जो विशुद्ध, अक्षर, नित्य, पूर्ण, हृदयाकाश के मध्य विराजमान अथवा आकाश में व्याप्त, आनन्दमय, निर्मल एवं शान्त तत्त्व है, उसी को परब्रह्म परमात्मा कहते हैं।[११९]

शिवपुराण में कहा गया है कि 'समाधि' से सर्वत्र बुद्धि का प्रकाश फैलता है। जिस ध्यान में केवल ध्येय ही अर्थरूप से भासता है, ध्याता निश्चल महासागर के समान स्थिरभाव से स्थित रहता है और ध्यानस्वरूप से शून्य सा हो जाता है, उसे 'समाधि' कहते हैं। जो योगी ध्येय में चित्त को लगाकर सुस्थिरभाव से उसे देखता है और बुझी हुई आग के समान शान्त रहता है, वह 'समाधिस्थ' कहलाता है।[१२०] जैसे वायुरहित स्थान में रखा हुआ दीपक कभी हिलता नहीं है-निःस्पन्द बना रहता है, उसी तरह 'समाधिनिष्ठ' शुद्ध चित्त योगी भी उस 'समाधि' से कभी विचलित नही होता-सुस्थिरभाव से स्थिर रहता है। इस प्रकार उत्तम योग का अभ्यास करने वाले योगी के सारे अन्तराय शीघ्र नष्ट हो जाते हैं और सम्पूर्ण विघ्न भी धीरे-धीरे दूर हो जाते हैं।[१२१]

मान, अपमान, सुख, दुःख, बन्धु, साधु, मित्र, अमित्र, उदासीन, द्वेषी, मिट्टी के ढेले और सुवर्ण इत्यादि में समानबुद्धि रखनेवाला, जितेन्द्रिय, विज्ञानी और जितात्मा साधक को तबतक योग का अभ्यास करना चाहिए जबतक योग की सिद्धि न हो जाए। जो सन्तप्त हो, श्रान्त हो, व्याकुल, क्षुधित अथवा व्यग्रचित्त हो, उसे योगाभ्यास नहीं करना चाहिए। अतिशीतकाल अथवा अति उष्णकाल, अग्नि, वायु और जल की अधिकता वाले देश में, जिस स्थान में ध्वनि अधिक हो, जो टूटा-फूटा हो, गोष्ठ, अग्नि के निकट, जल के निकट, कूप के निकट, श्मशान, नदी, दीवार के निकट तथा जहाँ शुष्क पर्ण का शब्द सुनाई पड़ता हो, चैत्यवृक्ष के नीचे, वल्मीक वाले स्थान में और पिशाचादि से युक्त स्थान में योगपरायण योगी को अभ्यास नहीं करना चाहिए। स्मृति का लोप होना, गूँगापन, बधिरता, मन्दता, ज्वर, जड़ता-ये सब विकार योगाभ्याससम्बन्धी दोषों के अज्ञान से योगी को होते हैं। योगाभ्यासी को ये सब दोषपूर्ण स्थान त्याग देना चाहिए, ऐसा नहीं करने से अवश्य ही स्मृतिलोप आदि दोष होते हैं। योगी को सदा थोड़ा भोजन करना चाहिए, बिना भोजन किए नहीं रहना चाहिए। न बहुत सोना चाहिए

---

११९. नारदपुराण-पूर्वखण्ड/३३/१४३-१५१

१२०. शिवपुराण-वायवीयसंहिता/उत्तरखण्ड/३७/६१-६३

१२१. वही-वायवीयसंहिता/उत्तरखण्ड/३७/६६-६७

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

न बहुत जागना चाहिए। उसे सम्पूर्ण इच्छाओं और कामनाओं का त्याग कर देना चाहिए। बुद्धि से सब इन्द्रियों को वश में करके शनैः शनैः ऐन्द्रिय विषयों से विरत हो जान चाहिए।[१२२]

यदि समय और स्थान उचित न हो तो योग की झलक भी प्राप्त नहीं की जा सकती है। अग्नि के पास, जल में, सूखी पत्तियों के ढेर पर, प्राणियों से व्याप्त, श्मशान में, जर्जर, गोशाला में, चौराहे पर, कोलाहलयुक्त स्थान में, भय उत्पन्न करने वाली जगह में, मठ में, चींटी की बॉबी के पास, अशुभ स्थान पर, दुष्टों से आक्रान्त स्थान पर और मच्छरों से युक्त स्थानों पर योगाभ्यास नहीं करना चाहिए। जब शरीर रोगग्रस्त हो या मन दुःखी हो तो योगाभ्यास नहीं करना चाहिए। साधक को प्रसन्न मन से योगाङ्गों का अभ्यास करना चाहिए। स्थान सुरक्षित, शुभ सुखद होना चाहिए या पर्वत की गुफा या शिव का मन्दिर या सुरक्षित उद्यान या घर की ही कोई स्थान जो मनुष्यों और पुरुषों से रहित हो। स्थान स्वच्छ गोबर से लिपा हुआ और अच्छे ढंग से सजा हुआ और दर्पण की तरह साफ होना चाहिए। चारों तरफ पुष्प बिखरे होने चाहिए। वह स्थान नाना प्रकार के पुष्पों, पल्लवों, फलों, मूलों और कुश घास से बने हुए छत से ढका होना चाहिए। साधक को सन्तुलित आसन में बैठना चाहिए। साधक को गुरु, भगवान् शिव, देवी और विनायक एवं योगी गुरुओं और उनके शिष्यों को प्रणाम करना चाहिए। उसे (साधक को) स्वस्तिक, पद्मासन या अर्धासन में बैठना चाहिए।[१२३]

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि योगसिद्धि के लिए योगाङ्गों को सम्यक् रीति से समझना होगा, तदनुकूल आचरण करना होगा। ऐसा करता हुआ ही मनुष्य योगी कहलाने का अधिकारी होगा। ऐसा योगी जन्म-मरण के चक्र से छुटकारा तो पाता है, वह लोकोपकारक भी होता है। योगाङ्गों का अभ्यास करने से मानवीय एवं सांस्कृतिक मूल्यों की भी रक्षा की जा सकती है। योगाभ्यास करता हुआ व्यक्ति शारीरिक तथा मानसिक दोनों दृष्टियों से सबल रहता है।

सन्दर्भग्रन्थसूची

अग्निपुराण, गीताप्रेस, गोरखपुर, वि०स० २०५९

उपाध्याय बलदेव (सम्पादक), अग्निपुराणम्, चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी, १९६६

कल्याणकूर्मपुराणाङ्क, गीताप्रेस, गोरखपुर, १९१९

कल्याणयोगाङ्क, गीताप्रेस, गोरखपुर, २०६५

कल्याणश्रीगणेशपुराणाङ्क, गीताप्रेस, गोरखपुर, २००५

पाण्डेय पण्डित रामतेज (सम्पादक), गरुडपुराणम्, चौखम्बा विद्याभवन, २००५

---

१२२. श्रीगणेशपुराण-क्री०ख०/१४२/५-१६

१२३. लिङ्गपुराण-पृ०/८/७८-८२

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

शास्त्री पं० द्वारकाप्रसाद शास्त्री (अनुवादक एवं सम्पादक),लिङ्गमहापुराणम्, चौखम्बा संस्कृत सीरिज आफिस, वाराणसी, २००८

शास्त्री रामप्रताप त्रिपाठी (अनुवादक), वायुपुराणम्, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, इलाहाबाद, २००५

श्रीनारदीयमहापुराणम्, राष्ट्रीय-संस्कृत-संस्थान, नई दिल्ली, २००२

श्रीमद्देवीभागवतमहापुराणम्, गीताप्रेस, गोरखपुर, वि०स० २०६५

श्रीमद्भागवतमहापुराण, गीताप्रेस, गोरखपुर, वि०स० २०७६

श्रीश्रीविष्णुपुराणम्, गीताप्रेस, गोरखपुर, वि०स० २०५९

श्रीशिवमहापुराण, गीताप्रेस, गोरखपुर, वि०स० २०७८

श्रीस्कन्दमहापुराणम्, राष्ट्रीय-संस्कृत-संस्थान, नई दिल्ली, २००६

संक्षिप्त गरुडपुराण, गीताप्रेस, गोरखपुर, वि०स० २०६७

संक्षिप्त नारदपुराण, गीताप्रेस, गोरखपुर, वि०स० २०६६

संक्षिप्त श्रीमद्देवीभागवत, गीताप्रेस, गोरखपुर, वि०स० २०६६

संक्षिप्त स्कन्दपुराण, गीताप्रेस, गोरखपुर, वि०स० २०६६

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

कूर्मपुराण और अग्निपुराण में अष्टाङ्गयोग के स्वर

सत्यव्रत वर्मा*

वेद और पुराण भारतीय चिन्तन के मूलाधार हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार तो ब्रह्मा के मूल से पहले निस्सृत होने के कारण पुराण वेद से भी प्राचीनतर हैं[१]। धर्म के स्वरूप में धीरे-धीरे परिवर्तन होने पर वैदिक देवों के स्थान पर नवीन देवकुल का आविर्भाव हुआ और भारतीय क्षितिज पर एक नये धर्म का उदय हुआ, जो पौराणिक धर्म के नाम से ख्यात है। पुराण विद्या की सुगमता तथा भक्तिभाव की उच्छलता के कारण पुराण-साहित्य तथा उसमें प्रतिपादित धर्म को अपूर्व ख्याति मिली है। पुराणों के व्यापक प्रसार और लोकप्रियता का भरपूर सदुपयोग करते हुए उनके प्राचीन संशोधकों, सम्पादकों ने, समय-समय पर, उनमें ऐसी पुराणेतर सामग्री भी भर दी, जिसे वे जन-जन तक पहुँचाने को लालायित थे। भागवत, मत्स्य, विष्णुधर्मोत्तर, गरुड, पद्म आदि पुराणों में इस प्रकार की सामग्री प्रचुर मात्रा में समाहित है। अग्निपुराण में तो यह प्रक्रिया इस पराकाष्ठा तक पहुँच गयी कि वह ज्ञान-विज्ञान का भरा-पूरा विश्वकोष बन गया है। कूर्मपुराण में भी कुछ इस श्रेणी के रोचक विषयों का निरूपण हुआ है। उनमें योगदर्शन-अष्टाङ्गयोग विशेष उल्लेखनीय है। कूर्मपुराण में योग का यह विशद विश्लेषण ईश्वरगीता के अन्तर्गत एक अध्याय (२.११) में हुआ है, जिसके उपदेष्टा महेश्वर परब्रह्म, परमपुरुष, परमात्मा, आत्मा आदि सब कुछ हैं। अग्निपुराणकार ने जम कर पूरे पाँच अध्यायों में योग का प्रतिपादन किया है (३७२-३७६), भले ही उसमें विस्तार का आधिक्य हो। पुराणद्वय का यह योग-दर्शन निश्चय ही प्राचीन परम्परा तथा मान्य ग्रन्थों से प्रेरित रहा होगा, किन्तु उसमें कुछ भिन्नताएँ अथवा नवीनताएँ भी दृष्टिगोचर होती हैं, जिनका विश्लेषण योग-विमर्श को समृद्धता प्रदान करेगा।

रोचक संयोग है कि कूर्मपुराण तथा अग्निपुराण दोनों में योग का प्रतिपादन उसके उद्देश्य, महत्त्व के निरूपण से आरम्भ हुआ है। कूर्मपुराण में यह प्रयोजन-निरूपण अधिक व्यवस्थित तथा विस्तृत है। उसके अनुसार योग-साधना का चरम उद्देश्य आत्मा का साक्षात् दर्शन करना है, जो अपने शुद्ध रूप में परमात्मा से भिन्न नहीं है (येनात्मानं प्रपश्यन्ति भानुमन्तमिवेश्वरम् (२.११.१)। अग्निपुराण में यही बात प्रकारान्तर

'स्वाध्याय' पु. ५९, वर्ष २०२२, पृ. १३५-१४१. ISSN 2250-0391

* ७/३४, पुरानी आबादी, नामदेव फ्लोर मिल के पास, श्रीगंगानगर – ३३० ००१, M: 08778798755, Email : srinarasimhan05@gmail.com

१. पुराणं सर्वशास्त्राणां प्रथमं ब्रह्मणा स्मृतम्।
अनन्तरं च वक्त्रेभ्यो वेदास्तस्य विनिर्गताः।। मत्स्यपुराण, गीताप्रेस, गोरखपुर, वि. सं. २०७६, अ. ५३.३

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

से कही गयी है । 'ब्रह्म को प्रकाशित करने वाला ज्ञान (भी) योग से सुलभ होता है' । पुराणद्वय की यह मान्यता एक प्रकार से योग शब्द की व्याख्या है, जिसका तात्पर्यार्थ आत्मा और परमात्मा का मिलन (योग) है । वह परम आनन्द की अवस्था है, जिसमें सब दुःखों की निवृत्ति हो जाती है । अग्निपुराण के शब्दों में योग जगत् के त्रिविध दुःखों से मुक्ति पाने का अचूक साधन है (संसारतापमुक्त्यर्थं वक्ष्याम्यष्टाङ्गयोगकम् (३७२.१) । भगवद्गीता के समान कूर्मपुराण की निर्भ्रान्त मान्यता है कि योग की अग्नि समूचे पापों को तत्काल दग्ध कर देती है । उससे साधक को निर्मल ज्ञान की प्राप्ति होती है और वह अन्ततः मोक्ष को प्राप्त होता है । योगानुष्ठान का स्तर उन्नत होने पर चित्त के दोषों और क्लेशों का क्षय हो जाता है और ज्ञान की दीप्ति उज्ज्वलता से प्रकाशित होती है, जिसकी परिणति आत्मज्ञान में होती है[२] । पुराण की भाषा में योग और ज्ञान से सम्पन्न योगी महेश्वर पद को प्राप्त करता है – ते विज्ञेया महेश्वराः (२.११.२-४) । अग्निपुराण के विपरीत कूर्मपुराण में योग के दो भेद किये गये हैं – अभाव योग और महा योग, जो सब योगों में उत्तमोत्तम है । जिसमें ध्याता, ध्यान आदि का भान तक समाप्त हो जाता है और केवल ध्येय के शून्य (निर्विकल्पक) स्वरूप निरञ्जन आत्मा का दर्शन होता है और साधक परमेश्वर (महेश्वर) के साथ एकाकार हो जाता है, उसे महायोग कहते हैं (२.११.६)[३] । ऐसा प्रतीत होता है कि उस समय योग की नाना विधियाँ प्रचलित थीं पर पुराणकार ने उन्हें वेदबाह्य तथा महत्त्वहीन कह कर बहिष्कृत कर दिया है[४] । उनका अनुसरण करनेवाले अभ्यासी परमात्मा को प्राप्त नहीं कर सकते थे (न ते पश्यन्ति मामेकं योगिनो यतमानसाः (२.११.१०) ।

यद्यपि कूर्मपुराण ने पतञ्जलि के योग के लक्षण को यथावद् उद्धृत नहीं किया है, जैसा अग्निपुराणकार ने किया है, किन्तु दोनों ने, लगभग समान रूप से लक्षण को कुछ विस्तार देकर नयी भंगिमा देने की चेष्टा की है । जहाँ पतञ्जलि ने चित्त की समस्त वृत्तियों के निरोध को योग कहा है, वहाँ उक्त दोनों पुराणों के अनुसार योग की सिद्धि तभी होती है, जब चित्त में उठने वाली समस्त वृत्तियों को निरुद्ध कर उन्हें सर्वात्मा परमात्मा में केन्द्रित कर दिया जाता है[५] । यह प्रकारान्तर से योग में भक्ति का समावेश है । इसके संकेत ईश्वरप्रणिधानाद्वा (१.२३), तस्य वाचकः प्रणवः (१.२८) आदि सूत्रों द्वारा योग दर्शन में भी मिलते हैं । भागवतकार ने योग और भक्ति के इस संयोग को और दृढता प्रदान की है । भक्तिमय पुराण के रचयिता के लिये यह बहुत स्वाभाविक था[६] ।

---

२. यह पतञ्जलि के सूत्र 'योगाङ्गानुष्ठानादशुद्धिक्षये ज्ञानदीप्तिराविवेकख्यातेः (२.२८) की स्वतन्त्र व्याख्या है।

३. योगदर्शन में इसे समाधि कहा गया है : 'तदेवार्थमात्र निर्भासं स्वरूपशून्यमिव समाधिः' (३.३) ।

४. ये चान्ये योगिनां योगाः श्रूयन्ते ग्रन्थविस्तरे ।
सर्वे ते ब्रह्मयोगस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम् ॥ कूर्मपुराण, गीताप्रेस, गोरखपुर, वि. सं. २०७५, अ. २.११.८

५. मय्येकचित्ततायोगो वृत्त्यन्तरनिरोधतः । वही, अ. २.११.१२
''जीवात्मा एवं परमात्मा में ही अन्तःकरण की वृत्तियों को स्थापित करना उत्तम योग है'' । अग्निपुराण (हिन्दी अनुवाद), गीता प्रेस, गोरखपुर, वि.सं. २०६५, अ. ३७२, पृ. ८१९

६. तस्मात् सर्वात्मना तात निगृहाण मनो धिया ।
मय्यावेशितया युक्त एतावान् योगसंग्रहः ॥ भागवतपुराण, गीताप्रेस, गोरखपुर, वि. सं. २०७१, अ. ११.२३.६१

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

कूर्मपुराण और अग्निपुराण में योग के प्रसिद्ध आठ अंगों का रोचक निरूपण हुआ है । छन्द की विवशता के कारण कूर्मपुराण में उनकी गणना का क्रम उलट-पुलट हो गया है परन्तु उनका विवेचन सुविज्ञात क्रम के अनुसार ही है । अग्निपुराण में धारणा से पूर्व ध्यान की व्याख्या करने से विवेचनक्रम भी भंग हो गया है । कूर्मपुराण के कर्ता ने यम के अन्तर्गत अहिंसा को विशेष गौरव दिया है । उसके लिये अहिंसा सामान्य भाव नहीं है बल्कि परम धर्म और सुख का अक्षय स्रोत है । अपने यथार्थ स्वरूप में अहिंसा सर्वोच्च भाव है । केवल शारीरिक पीडा अथवा प्राणहरण ही हिंसा नहीं है । मन और वाणी से किसी का अहित करना अथवा उसका अहित सोचना भी उतना ही जघन्य है, जितना उसका वध अथवा उसका प्राणहरण करना । इस उच्च आदर्श की पृष्ठभूमि में शास्त्रविहित हिंसा को अहिंसा मानना वदतो व्याघात प्रतीत होता है (२.११.१४-१५) । अग्निपुराणकार ने भी लगभग इसी शैली और स्वर में अहिंसा का निरूपण किया है । ''अहिंसा सबसे उत्तम धर्म है । धर्म के सभी साधन अहिंसा में गतार्थ हो जाते हैं, जैसे हाथी के पाँव में सब पाँव समा जाते हैं''[७] । अग्निपुराण में अहिंसा के दस भेद बता कर उसकी व्यापकता, सूक्ष्मता तथा दुस्साध्यता को दृढता से रेखांकित किया गया है (३७२.५-६) । कूर्मपुराण ने सत्य के विस्तृत आयामों को सहजता तथा विशदता से उजागर किया है । यथार्थ कथनाचारः सत्यं प्रोक्तं द्विजातिभिः (२.११.१६) : जो जैसा है, उसे यथावत्, बिना ननु न च के, कहना सत्य है । सब कुछ सत्य में समाहित है और संसार में ऐसी कोई वस्तु नहीं, जिसे सत्य से प्राप्त न किया जा सके (सत्येन सर्वमाप्नोति सत्ये सर्वं प्रतिष्ठितम्, २.११.१६) । अग्निपुराण में सत्य के स्वरूप का जो निरूपण हुआ है, उससे उसे और भव्य किन्तु कुछ विवादास्पद आयाम मिला है । जो वचन मनुष्य तथा समाज के लिये हितकारी हो वही (वास्तविक) 'सत्य' है (यद् भूतहितमत्यन्तं वचः, ३७२.६) । 'न ब्रूयात् सत्यमप्रियम्' का विधान वाल्मीकि के समय से ही भारतीय साहित्य में गूँज रहा है !' इस कठोरता से सत्य का अवमूल्यन नहीं हुआ है, बल्कि वह 'परहित' के परीक्षण की आँच में तप कर और उज्ज्वल बन गया है[८] । अग्निपुराण में ब्रह्मचर्य को अपूर्व महत्त्व मिला है । उसके अनुसार ब्रह्मचर्य सम्पूर्ण शुभ कर्मों की सिद्धि का मूल है । उसके बिना सारी क्रियाएँ निष्फल हो जाती हैं । पुराणकार ने मैथुन के आठ भेद तथा नारी की मोहिनी के समक्ष प्रख्यात ऋषि-मुनियों के भी स्खलित होने का उल्लेख कर ब्रह्मचर्य-पालन की दुष्करता का कडा संकेत भी किया

---

७. अग्निपुराण अ. ३६२, पृ. ८१९

८. Kural _ The Great Book of Tiru-Valluvar, ed. C. Rajagopalachari, Bhartiya Vidya Bhavan, Mumbai, 2009, p. 50, Editor's Note.
भगवान् वेदव्यास की व्यावहारिक प्रज्ञा के अनुसार जो सच झूठ के समान हानिकारक, अहितकारी हो, उसे न बोलना ही अच्छा है, किन्तु जो झूठ सच की भाँति लाभकारी, हितकारी हो, उसे बोलने में हिचक नहीं होनी चाहिये। भवेत् सत्यमवक्तव्यं वक्तव्यमनृतं भवेत् । यत्रानृतं भवेत् सत्यं सत्यं चाप्यनृतं भवेत् ॥ महाभारत, गीताप्रेस, गोरखपुर, वि. सं. २०७१, कर्णपर्व, ६८/३२

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

है[९]। कूर्मपुराण ने यह सब प्रकारान्तर से एक पद्य में बड़ी कुशलता से समेट लिया है[१०]। विपत्काल में भी आवश्यकता से अधिक धन का संचय न करना सच्चा अपरिग्रह है। (द्रव्याणामप्यनादानमापद्यपि यथेच्छया, २.११.१९)। अग्निपुराण ने अपरिग्रह को कठोरता की चरम सीमा तक पहुँचा दिया है जिससे प्राचीन आदर्श की झलक मिलती है। कौपीन, पादुका, कन्था तथा उत्तरीय के अतिरिक्त किसी अन्य वस्तु का संग्रह करना भी परिग्रह है (३७२. २४-२६)। यह बहुत डरावना विधान है।

नियमों में सम्मिलित तप की कूर्मपुराण में दी गयी परिभाषा अतिवादी है। उसके अनुसार उपवास, चान्द्रायण आदि कठोर व्रतों के नियमित पालन से शरीर को सुखा देना उत्तम तप है (२.११.२१)। भगवद्गीता में ऐसी क्लेशजनक क्रियाओं को आसुरी क्रियाएँ कहा है (१८/६)। अग्निपुराण ने मन और इन्द्रियों की एकाग्रता को तप माना है और उसके वाचिक, मानसिक तथा शारीरिक तीन भेद किये हैं[११]। सुख-दुःख लाभ-हानि आदि द्वन्द्वों में अविचल रह कर वासनाओं को क्षीण करना ही सच्चा तप है। कूर्मपुराण ने 'स्वाध्याय' का सच्चा व्यावहारिक पक्ष दिया है। चित्त की शुद्धि करने वाले सत्साहित्य का अध्ययन तथा प्रणव का जप 'स्वाध्याय' है। स्वाध्याय के सूक्ष्म आयामों का संकेत पुराणकार ने नहीं किया है, यद्यपि उसने स्वाध्याय के तीन भेद – वाचिक, उपांशु, मानस-कर उसे विशदता प्रदान की है (२.११.२२-२६)। अग्निपुराण के अनुसार भी प्रणव का अभ्यास। जप स्वाध्याय का पर्याय है। इस प्रसंग में, पुण्य में, प्रणव के स्वरूप का विस्तृत निरूपण किया गया है, जो रोचक तथा ज्ञानवर्धक है। मन, वचन, कर्म तथा काया से भगवान् शिव में अविचल भक्ति रखना 'ईश्वर-प्रणिधान' है। 'ईश्वर-प्रणिधान' का यह स्वरूप प्रसंग से अनुशासित है। अनन्यभाव तथा समर्पणपूर्वक ईश्वर के चिन्तन-आराधन से कर्तृत्वभाव विगलित हो जाता है, अहंकार लुप्त हो जाता है और चित्त ईर्ष्या, द्वेष आदि तुच्छ भावों से मुक्त होकर निर्मल हो जाता है। कूर्मपुराण में यमों को 'चित्तशुद्धिप्रदाः' और नियमों को 'योगसिद्धिप्रदायिनः' कहा गया है। वस्तुतः यम-नियम के अन्तर्गत सभी भाव, सम्यक्तया पालन करने पर, चित्त को निर्मल बना कर योगानुष्ठान का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इतना अवश्य है कि यमों का सम्बन्ध समाज से है जबकि नियम वैयक्तिक आचरण के भाव हैं। आसन को यद्यपि योगानुष्ठान का सर्वोत्तम साधन कहा गया है, किन्तु कूर्मपुराण में उसका निरूपण अन्त में हुआ है, और उसका लक्षण तक नहीं किया गया है (२.११.४३)। इसका कारण सम्भवतः यह है कि इसके पश्चात् योगाभ्यास का वर्णन है, जो उचित आसन लगा कर विधिपूर्वक किया जाता है। अतः आसन को इसके निकट ही स्थान देना उचित था। अग्निपुराण का आसन का विवरण भगवद्गीता पर आधारित है (६.१२-१४)।

---

९. अग्निपुराण अ. ३६२, पृ. ८१९

१०. कर्मणा मनसा वाचा सर्वावस्थासु सर्वदा।
सर्वत्र मैथुनत्यागं ब्रह्मचर्यं प्रचक्षते॥ कूर्मपुराण, अ. २.११.१८

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

योग-साधना की सफलता के लिये प्राण का शोधन आवश्यक है। प्राणशोधन की सर्वोत्तम विधि प्राणायाम है। प्राणायाम एक प्रकार से योगानुष्ठान का प्राण है। इसीलिये कूर्मपुराण तथा अग्निपुराण में उसका कुछ विस्तार से विश्लेषण किया गया है। दोनों में प्राणायाम का लक्षण एक समान है – शरीर के भीतर रहने वाली वायु को प्राण कहते हैं, उसे रोकने का नाम आयाम है – 'प्राणः स्वदेहजो वायुरायामस्तन्निरोधनम्' (२.११.३०)। प्राण को रोकने का अभिप्राय है श्वास-प्रश्वास की स्वाभाविक गति को अधिक देर तक रोकना, उसे आयाम देना, जैसे पूरक और रेचक के बीच कुम्भक द्वारा किया जाता है। दोनों पुराणों में पहले उसकी अवधि के आधार पर प्राणायाम के तीन भेद किये गये है – अधम (मन्द) / कनिष्ठ (अग्निपुराण), मध्यम तथा उत्तम। बारह, चौबीस तथा छत्तीस पल तक किये जाने वाले प्राणायाम को क्रमशः मन्द, मध्यम तथा उत्तम कहा गया है। तत्पश्चात् उसके अन्य दृष्टि से दो भेद किये गये हैं – सगर्भ, अगर्भ। जिस प्राणायाम में प्रणव का जप साथ-साथ चलता है, उसे सगर्भ प्राणायाम कहते हैं। जो प्राणायाम प्रणव-जप के बिना किया जाता है, वह अगर्भ प्राणायाम है। अग्निपुराण के अनुसार इन्द्रियों पर विजय पाने के लिये सगर्भ प्राणायाम उत्तम है। इन्द्रियों को जीत लेने पर सब पर विजय प्राप्त हो जाती है। मन के घोडे को प्राणायाम से बाँधने पर वह स्थिर हो जाता है।[१२] अग्निपुराण में प्राणायाम के अनुष्ठान के फल का विशद निरूपण है। प्राणायाम के नियमित अभ्यास से शरीर निरोग रहता है, गति में तीव्रता आती है, मन उत्साह से भर जाता है, स्वर स्पष्ट से स्पष्टतर हो जाता है, शरीर की कान्ति उत्तरोत्तर बढती जाती है और सब दुःख नष्ट हो जाते हैं (३७३.१३)। सौ वर्ष से अधिक तक, एक-एक मास के अन्तराल से, कुश की नोंक पर स्थित जल की बूँद पीने का तप करना और प्राणायाम का अभ्यास करना – ये दोनों तप एक समान हैं (३७३.१९)। प्राणायाम का सर्वोत्तम फल, जैसा पतञ्जलि ने कहा है, यह है कि उसके नियमित अभ्यास से ज्ञान को आच्छादित करने वाले कर्मों का आवरण क्षीण हो जाता है, जिससे क्रमशः आत्म-अनात्म के भेद का प्रकाश फैल जाता है (ततः क्षीयते प्रकाशावरणम्, २.५२)। इसीलिये मनु ने प्राणायाम को परम तप कहा है – प्राणायामाः परमं तपः।

विशेषज्ञों ने योग के आठ अंगों को दो वर्गों में पृथक् पृथक् एकीकृत किया है। यम, नियम, आसन और प्राणायाम योग के बाह्य अंग हैं। धारणा, ध्यान और समाधि उसके आन्तरिक अंग हैं। प्रत्याहार इन दो वर्गों की संयोजक कडी है। कूर्मपुराण और अग्निपुराण में प्रत्याहार का केवल एक पद्य में चलता-सा उल्लेख है। स्वभावतः अपने-अपने विषयों में विचरण करने वाली इन्द्रियों को उनके विषयों से लौटाना, उनका निग्रह करना प्रत्याहार है (२.११.३८)। पतञ्जलि ने योगदर्शन में प्रत्याहार के स्वरूप का बहुत सटीक निरूपण किया है – स्वविषयासम्प्रयोगे चित्तस्य स्वरूपानुकार इवेन्द्रियाणां प्रत्याहारः (२.५४)। इन्द्रियों का स्वभाव है कि वे अपने विषयों की ओर दौडती हैं, किन्तु चित्त के साथ सम्बन्ध के बिना वे उन्हें

---

११. अग्निपुराण अ. ३६२, पृ. ८२०
१२. वही, पृ. ८२२

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ग्रहण नहीं कर सकतीं। चित्त का बाह्य विषयों के साथ सीधा सम्बन्ध नहीं होता। योगाभ्यास के कारण जब चित्त विषयों से विमुख होने लगता है तब इन्द्रियों को भी विषयों के साथ सम्बन्ध होने पर भी, उनका ज्ञान नहीं होता। उस स्थिति में चित्त और इन्द्रियों का स्वरूप एक-जैसा हो जाता है। दोनों को विषयों का ज्ञान नहीं होता। योग के इस स्तर को प्रत्याहार कहते हैं। इन्द्रियों का विषयों से आहरण हो जाता है। वे विषयों से हट जाती है। प्रत्याहार से इन्द्रियाँ पूर्णतया वश में हो जाती हैं (ततः परमा वश्यतेन्द्रियाणाम्, २.५५)।

धारणा, ध्यान और समाधि का सामूहिक पारिभाषिक नाम 'संयम' है। अग्निपुराण में धारणा का पूरे एक अध्याय में विस्तृत विवेचन किया गया है, यद्यपि उसमें पारिभाषिकता और विस्तार अधिक है। उसमें धारणा का जो लक्षण दिया गया है, वह कूर्मपुराण के लक्षण से भिन्न नहीं है। देह के भीतर हृदयकमल, नाभिचक्र, मूर्धा आदि किसी अंग में अथवा पर्वतशिखर आदि किसी बाह्य लक्ष्य में चित्त को बांधना - एकाग्र करना-'धारणा' कहलाता है (२.११.३८)। यह पतञ्जलि के सूत्र 'देशबन्धश्चित्तस्य' (३.१) का विस्तार मात्र है। धारणा में चित्त एक विषय में एकाग्रता अवश्य प्राप्त करता है, किन्तु अन्य विषय की वृत्ति उभर कर उसे वाधित कर देती है। विषयान्तर को हटा कर चित्त को लक्ष्य देश में केन्द्रित करने के प्रयत्न भी धारणा की सीमा में आते हैं। अग्निपुराण में विष्णु की चार प्रकार की -ऐशानी, आग्नेयी, वारुणी तथा अमृतात्मिका - धारणा करने का उल्लेख किया गया है और व्याख्या द्वारा उनके स्वरूप को स्पष्ट करने का प्रयत्न भी किया है[१३]। अग्निपुराण में ध्यान का भी एक पूरे अध्याय में विस्तार से निरूपण हुआ है। इस विवेचन की एक विशेषता यह है कि उसके अन्तर्गत ध्याता, ध्येय और ध्यान के प्रयोजन के स्वरूप की विस्तृत चर्चा की गयी है, क्योंकि, पुराणकार के अनुसार, उनके सम्यक् ज्ञान के बिना योगाभ्यास सम्भव नहीं है। उनके स्वरूप का विश्लेषण पुराण की वैष्णवी भावना से अनुप्राणित है। ध्यान अन्तःकरण की शुद्धि का प्रमुख साधन और चित्त को वश में करने वाला है। इसीलिये ध्यानयज्ञ सब से श्रेष्ठ तथा मोक्ष रूपी फल देने वाला है। अग्निपुराण ने ध्येय के दो भेद किये हैं। तीन गुणों का ध्यान 'अशुद्ध ध्येय' है। पुरुष (आत्मा) सत्त्वोपाधिक गुणों से अतीत चौबीस तत्त्वों से परे जो पच्चीसवाँ तत्त्व है, वह 'शुद्ध ध्येय' है[१४]। कूर्मपुराण का ध्यान का निरूपण अति संक्षिप्त होता हुआ भी सार पूर्ण है। किसी एक विषय का अवलम्बनकर उसमें बुद्धि(चित्त) की जो एकतान वृत्ति बनी रहती है और उसमें अन्य वृत्ति का उदय नहीं होता, विद्वज्जन उसे 'ध्यान' कहते हैं (२.११.४०)। यह योगदर्शन के 'तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यानम्' (३.२) की प्रतिच्छाया है। चित्त जिस विषय में अवस्थित है, उसी की वृत्ति निरन्तर बनी रहे, विषयान्तर की वृत्ति उदित न हो, यही ध्यान का स्वरूप है। वृत्ति की यह एकतानता जितनी अधिक देर तक बनी रहे, उतनी ही अधिक उसकी श्रेष्ठता है। अग्निपुराण में भी ध्यान का लगभग यही लक्षण दिया गया है -

ध्येयालम्बनसंस्थस्य सदृशप्रत्ययस्य च।
प्रत्ययान्तरनिर्मुक्तः प्रत्ययो ध्यानमुच्यते ॥ ३७४.२

१३. वही, पृ. ८२५
१४. वही, पृ. ८२३

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अग्निपुराण ने धारणा और ध्यान की भाँति समाधि का भी विस्तारपूर्वक निरूपण किया है, यद्यपि उसमें विषयान्तरों की भरमार है (३७६), कूर्मपुराण में समाधि के स्वरूप को मात्र एक पद्य में समाहित कर दिया है। किसी (बाह्य-आन्तरिक) आलम्बन के बिना चित्त की एकतानता समाधि है। इसमें ध्येय मात्र का भान होता है। यह योग का उत्तम साधन है (२.११.४१)। ध्यान ही अपनी विशेष अवस्था में समाधि कहा जाता है। ध्याता जब ध्यान में इतना गहरा संलीन हो जाता है कि उसे यह प्रतीति भी न रहे कि वह अमुक ध्येय का ध्यान कर रहा है और जब ध्याता और ध्येय का भेद समाप्त हो जाए, उस अवस्था में केवल ध्येय भासित होता है। वह समाधि की स्थिति है - तदेवार्थमात्रनिर्भासं स्वरूपशून्यमिव समाधिः (३.३)। अग्निपुराण में निरूपित समाधि का स्वरूप योगदर्शन और कूर्मपुराण की परिभाषाओं से भिन्न नहीं है। ''जो चैतन्यस्वरूप से युक्त और प्रशान्त समुद्र की भाँति स्थिर हो, जिसमें आत्मा के सिवा अन्य किसी वस्तु की प्रतीति न हो, उस ध्यान को समाधि कहते हैं''[१५]। स्पष्टतः उसके अनुसार भी 'ध्यान' की समुन्नत अवस्था विशेष ही समाधि है।

कूर्मपुराण में, अन्त में, योगाभ्यास की विधि बताई गयी है। शान्त एवं शुद्ध स्थान में सुविधानुसार स्वस्तिक अथवा पद्मासन लगा कर, अर्धखुली दृष्टि को नासिका के अग्रभाग पर स्थिर करके, और मायामय जगत् को भूलकर अपनी आत्मा में स्थित परमेश्वर का चिन्तन करना चाहिए। शिखा के अग्रभाग में अष्टदल कमल की कल्पना करके उसकी कर्णिका में हिरण्मय श्रेष्ठ कोश का ध्यान करे। उस कोश में स्थित ज्योति से अपनी आत्मा को अभिन्न मान कर आकाश के मध्य में स्थित परमेश्वर का ध्यान करना चाहिए (२.११.४७-४८)। ध्यान की दूसरी विधि यह है कि पूर्वोक्त हृदयकमल में अग्नि के समान तेजस्वी सनातन तत्त्व महेश्वर का तन्मयता से चिन्तन किया जाए। योगाभ्यास की इस विधि से जीव रूपी पशु को बन्धन रूपी पाश से मुक्ति मिलती है, अतः इसे पाशुपतयोग कहा जाता है। पुराणकार की शब्दावली में यही समूचे वेदान्त का सार है। इसी से पशुपति शिव से सायुज्य प्राप्त होता है (२.११.६०-६८)। पुरुष की नाभि से प्रकट हुए कमल की कर्णिका के मध्य भाग में ओंकारमय ईश्वर का अथवा कमल के ऊपर प्रकृति और पुरुष से भी अतीत विराजमान परमेश्वर का ध्यान करने और अक्षर ओंकार का निरन्तर जप करने की चर्चा अग्निपुराण में भी हुई है[१६]।

उपर्युक्त तुलनात्मक विमर्श से स्पष्ट है कि कूर्मपुराण और अग्निपुराण में निरूपित योग प्राचीन योगदर्शन की थाती लेकर पल्लवित हुआ है। अतः उसके साथ साम्य होना स्वाभाविक था। किन्तु दोनों पुराणों ने परम्परा में कुछ महत्त्वपूर्ण परिवर्तन करने का साहस किया है। उससे प्राचीन परम्परा को कुछ नयी आभा मिली है।

-----

१५. वही, पृ. ८२६
१६. वही, पृ. ८२४

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

અમારાં આગામી પ્રકાશનો...

(૧) ચરકનો સ્વાધ્યાય, ભાગ-૨ (પુનઃપ્રકાશન)

(૨) સોરઠ અને બરડા પ્રદેશનો ઇતિહાસ

(૩) ચાંપાનેર : એક અધ્યયન (પુનઃપ્રકાશન)

(૪) આધુનિક ગુજરાતના સંતો (પુનઃપ્રકાશન)

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

योग के अष्टाङ्ग : आयुर्वेदशास्त्रीय अवधारणाएँ

शैलेश कुमार मिश्र*

आयुर्वेद और योगशास्त्र भारत की महनीय आर्ष-परम्परा के महान अवदान हैं। रोग शोकादि से मुक्त कर मनुष्य को आरोग्यमय शरीर और स्वस्थ चित्त प्रदान करने वाले ये दोनों शास्त्र परस्पर सम्बद्ध हैं क्योंकि शारीरिक विकृति के निवारण के लिए चित्तविकृति का निवारण, चित्त की विशुद्धि अत्यावश्यक है। अष्टांग आयुर्वेद और अष्टांग योग के प्रवक्ता ऋषियों को चित्त और देह का घनिष्ठ सम्बन्ध भली-भाँति ज्ञात था, अतः आयुर्वेद के महनीय आचार्यों ने अपने ग्रंथों में योगमार्ग के अनुसरण पर बल दिया है। कतिपय विद्वानों की तो यह मान्यता है कि योगदर्शन के आचार्य महर्षि पतंजलि ने ही चरकसंहिता का प्रतिसंस्करण किया है, अत एव चरकसंहिता में योग के अंगों का विवरण शब्दान्तरेण मिलता है। महाभाष्यकार, योगसूत्रकार तथा चरकसंहिता के रचयिता के रूप में पतंजलि की स्तुति का यह श्लोक विद्वज्जगत् में विश्रुत है–

योगेन चित्तस्य पदेन वाचां मलं शरीरस्य तु वैद्यकेन।
योऽपाकरोत्तं प्रवरं मुनीनां पतञ्जलिं प्राञ्जलिरानतोऽस्मि॥

चरकसंहिता सूत्रस्थान के आरंभिक श्लोक की टीका करते हुए टीकाकार आचार्य चक्रपाणिदत्त शेषावतार पतंजलि को नमन करते हैं–

पातञ्जलमहाभाष्यचरकप्रतिसंस्कृतैः।
मनोवाक्कायदोषाणां हर्त्रेऽहिपतये नमः॥[१]

योग का लक्षण प्रतिपादित करते हुए पतंजलि कहते हैं–

योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः।[२]

अर्थात् चित्तवृत्ति का निरोध योग है। वृत्तिनिरोध का अर्थ है किसी एक इच्छित विषय में चित्त को स्थिर रखना। विषय का अर्थ केवल घट-पट आदि बाह्य द्रव्य नहीं है; मानसिक भाव

'स्वाध्याय' पु. ५९, वर्ष २०२२, पृ. १४३-१५८. ISSN 2250-0391

* राजकीय संस्कृत कॉलेज, कुम्हारटोली, किशोरगंज, राँची- ८३४ ००१ (झारखण्ड), M: 07541933637, Email : shail.vbu@gmail.com

१. चरकसंहिता, १.१ सम्पा, नरेन्द्रनाथ शास्त्री, मोतीलाल बनारसीदास, लाहौर, १९२९, सूत्रस्थान (१.१ पर चक्रपाणिदत्त की आयुर्वेददीपिका टीका)

२. योगसूत्र, समाधिपाद, २

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

भी ध्येय विषय हो सकता है । जब चित्त में स्थिरता की शक्ति आ जाती है तो कोई भी मनोवृत्ति चित्त में स्थिर रखी जा सकती है । तात्पर्य यह है कि चित्त की बहिर्मुखी वृत्तियों को सांसारिक विषयों से हटाकर अंतर्मुखी कर देना किं वा आत्मस्थ कर देना ही योग है ।

चरकसंहिताकार ने भी शब्दान्तर से पतंजलि के अभिमत को ही प्रकट किया है–

आत्मेन्द्रियमनोऽर्थानां सन्निकर्षात्प्रवर्तते ।
सुखदुःखमनारम्भादात्मस्थे मनसि स्थिरे ।।
निवर्तन्ते तदुभयं वशित्वं चोपजायते ।
सशरीरस्य योगज्ञास्तद्योगमृषयो विदुः ।।[३]

चरक का अभिप्राय है कि आत्मा, इन्द्रिय, अर्थ और मन के सन्निकर्ष से सुख और दुःख की उत्पत्ति होती है । जब मन विषयों से हटकर आत्मा में स्थिर हो जाता है तब कर्मो का आरंभ न होने से सुख-दुःख की निवृत्ति हो जाती है, सुख-दुःख समाप्त हो जाते हैं और वशित्व उत्पन्न होता है अर्थात् आत्मा वशी हो जाती है । शरीरयुक्त इस दुःखनिवृत्ति रूप अवस्था को योगविद् योग कहते हैं । पतंजलि जिसे चित्तवृत्तियों का निरोध कहते हैं, आचार्य चरक उसे ही आत्मा के वशी हो जाने की संज्ञा देते हैं । चित्तवृत्तियों के निरोध का तात्पर्य है अभ्यास द्वारा अपनी इच्छा के अनुसार चित्त को किसी विषय में स्थिर रखना । चरक के कथनानुसार मन के आत्मा में स्थिर हो जाने पर, सुख-दुःख की निवृत्ति हो जाने पर आत्मा का वशी हो जाना ही योग है । दोनों आचार्य चित्त के नियंत्रण का संकेत कर रहे हैं ।

योग के आठ अंगों का उल्लेख करते हुए महर्षि पतंजलि ने सूत्र दिया है–

यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधयोऽष्टावङ्गानि ।[४]

इनमें प्रथम पाँच यम, नियम, आसन, प्राणायाम और प्रत्याहार योग के पाँच बहिरंग साधनों का निरूपण साधनपाद में तथा शेष तीन अन्तरंग साधनों धारणा, ध्यान और समाधि की व्याख्या विभूतिपाद में की गई है । आयुर्वेदशास्त्र में भी पतंजलिनिरूपित इन अष्टांगों की व्याख्या मिलती है ।

योग का प्रथम अंग यम है जो पाँच विशिष्ट गुणों का समाहार है–

अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहाः यमाः ।[५]

---

३. चरकसंहिता, शारीरस्थान १.१३६-१३७

४. योगसूत्र, साधनपाद २९

५. वही, साधनपाद ३०

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

आचार्य वाग्भट भी अष्टांगहृदय में दिनचर्याध्याय के अंतर्गत हिंसा, स्तेय आदि दुर्गुणों के परित्याग का निर्देश देते हैं–

हिंसास्तेयान्यथाकामं पैशून्यं परुषानृते ।
सम्भिन्नालापव्यापादममिध्यादृग्विपर्ययम् ॥
पापं कर्मेति दशधा कायवाङ्मानसैस्त्यजेत् ।[६]

आचार्य ने स्पष्ट निर्देश दिया है 'पापं कर्मेति दशधा कायवाङ्मानसैस्त्यजेत्'; अर्थात् हिंसा आदि पापकर्म न मन से, न वाणी से और न देह से किये जाने चाहिए। मनोवाक्कायेन अहिंसा का आचरण करना चाहिए। स्तेय और अनृत का त्याग करना चाहिए। आचार्य कहते हैं कि कीट, चींटी आदि क्षुद्र प्राणियों के प्रति भी आत्मीय भाव रखना चाहिए-

आत्मवत् सततं पश्येदपि कीटपिपीलिकाम् ।[७]

सत्य के आचरण के सम्बन्ध में आचार्य का यह भी निर्देश है कि यथासमय, यथाकाल, हितकारी, सत्य और सीमित वचन बोलना चाहिए–

काले हितं मितं ब्रूयादविसंवादि पेशलम् ।[८]

वाणी के प्रयोग को लेकर वक्ता को इस बात के लिए सचेष्ट रहना चाहिए कि उसकी वाणी सत्य और हितकर हो। इसका समर्थन करते हुए महर्षि व्यास महाभारत में कहते हैं–

सत्यस्य वचनं श्रेयः सत्यज्ञानं तु दुष्करम् ।
यद् भूतहितमत्यन्तमेतत् सत्यं ब्रवीम्यहम् ॥[९]

अष्टांगहृदयकार ने सत्य के परित्याग का उल्लेख पूर्वनिर्दिष्ट श्लोक में किया है तथा उसे पापकर्मों में परिगणित किया है। आयुर्वेदशास्त्र में ब्रह्मचर्य को लेकर विस्तृत चर्चा की गई है। शरीर को धारण करने वाले तीन उपस्तम्भों (आधारस्तम्भों) का उल्लेख किया गया है–

आहारशयनब्रह्मचर्यैर्युक्त्या प्रयोजितैः ।
शरीरं धार्यते नित्यमागारमिव धारणैः ॥[१०]

---

६. अष्टांगहृदय, २.२१ सम्पा. अन्ना मोरेश्वर कुंटे, निर्णयसागर प्रेस, मुम्बई, १९२५
७. वही, २.२२
८. वही, २.२५
९. महाभारत, शांतिपर्व २८७.२०, गीताप्रेस गोरखपुर, सं. २०७०
१०. अष्टांगहृदय, ७.५१

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

योगियों के लिए ब्रह्मचर्य का वास्तविक रूप सभी इन्द्रियों के निरोधपूर्वक 'उपस्थेन्द्रिय' का संयम करना है। गृहस्थ के संदर्भ में ब्रह्मचर्य की परिभाषा थोडी अलग हो जाती है। ब्रह्मचर्याश्रम के पच्चीस वर्षों तक अखंड ब्रह्मचर्य का पालन करने के पश्चात् गृहस्थाश्रम में केवल संतानोत्पत्ति के लिए ऋतुकाल में स्त्रीसंभोग करने से ब्रह्मचर्य का व्रत भंग नहीं होता है अतः गृहस्थाश्रम में भी ब्रह्मचर्य का पालन हो सकता है। महर्षि याज्ञवल्क्य का कथन है–

ऋतुकाले स्वदारेषु संगतिर्या विधानतः।
ब्रह्मचर्यं तदेवोक्तं गृहस्थाश्रमवासिनाम्॥[११]

वाग्भट अष्टांगसंग्रह में कहते हैं कि शुक्र शरीर का उत्कृष्ट तेज है। यह आहारसार का भी सारभूत है। संयमी बनकर इस शुक्र की रक्षा करनी चाहिए–

कायस्य तेजः परमं हि शुक्रमाहारसारादपि सारभूतम्।
जितात्मना तत्परिरक्षणीयं ततो वपुः संततिरप्युदारा॥[१२]

इस शास्त्रानुकूल ब्रह्मचर्य के अनुपालन का निर्देश करते हुए अष्टांगसंग्रह में कहा गया है–

त्रिवर्गशून्यं नारम्भं भजेत्तं चाविरोधयन्।[१३]

अर्थात् धर्म, अर्थ और काम के शास्त्रानुकूल निर्देश के विरुद्ध कोई कार्य न करें।

इस पञ्चविध यम के अनुपालन का निर्देश चरकसंहिता में भी प्राप्त होता है। चरकसंहिताकार ने सद्वृत्त के पालन का निर्देश देते हुए सत्य अहिंसादि के अनुसरण का उल्लेख किया है–

नानृतं ब्रूयान्नान्यस्वमाददीत नान्यस्त्रियमभिलषेन्नान्यश्रियं न वैरं रोचयेन्न कुर्यात्पापं...।[१४]

आचार्य का निर्देश है कि असत्यभाषण नहीं करना चाहिए, दूसरे का धन नहीं लेना चाहिए, दूसरे की स्त्री की अभिलाषा नहीं करनी चाहिए, वैरादि पापकर्म नहीं करने चाहिए। 'न वेगान् धारणीय' नामक अध्याय में आचार्य चरक मलमूत्र वीर्य आदि के वेगधारण को निषिद्ध बतलाते हुए यह भी निर्देश करते हैं कि किस प्रकार के वेगों को धारण करना चाहिए–

इमांस्तु धारयेद् वेगान् हितार्थी प्रेत्य चेह च।
साहसानामशस्तानां मनोवाक्कायकर्मणाम्॥

११. पातंजलयोगप्रदीप, गीताप्रेस गोरखपुर, सं. २०६१, पृ. ३८४
१२. अष्टांगसंग्रह, ९.८४, अत्रिदेव गुप्त, निर्णयसागर प्रेस, मुम्बई, १९५१
१३. वही- २.२९
१४. चरकसंहिता, ८.१९

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

लोभशोकभयक्रोधमानवेगान् विधारयेत् ।
नैर्लज्ज्येर्ष्यातिरागाणामभिध्यायाश्च बुद्धिमान् ॥[१५]

इसी प्रसंग में उन्होंने स्पष्टतः कहा है कि परुषवचन, असत्यवचन, स्तेय, स्त्रीभोग, हिंसा आदि वेगों को रोकना चाहिए–

परुषस्यातिमात्रस्य सूचकस्यानृतस्य च ।
वाक्कायस्याकालयुक्तस्य धारयेद्वेगमुत्थितम् ॥
देहप्रवृत्तिर्या काचिद्विद्यते परपीडया ।
स्त्रीभोगस्तेयहिंसाद्या तस्या वेगान् विधारयेत् ।[१६]

शरीरधारण के लिए तीन उपस्तम्भों की चर्चा के प्रसंग में चरक ब्रह्मचर्य का स्पष्ट निर्देश करते हैं–

त्रय उपस्तम्भा इत्याहारः स्वप्नो ब्रह्मचर्यमिति एभिस्त्रिभिः युक्तियुक्तैरुपस्तब्धमुपस्तम्भैः शरीरं बलवर्णोपचयोपचितमनुवर्तते यावादायुः संस्कारात्..... ।[१७]

टीकाकार चक्रपाणिदत्त ब्रह्मचर्य शब्द की व्याख्या करते हुए कहते हैं कि ब्रह्मचर्य शब्द इन्द्रियसंयम तथा सौमनस्य आदि गुणों का द्योतक है–

ब्रह्मचर्यशब्देन इन्द्रियसंयमसौमनस्यप्रभृतयो ब्रह्मज्ञानगुणा गृह्यन्ते ।[१८]

योग के दूसरे अंग नियम के अंतर्गत पतंजलि शौच, संतोष, ताप, स्वाध्याय, ईश्वरप्रणिधान, आदि का उल्लेख करते हैं–

शौचसंतोषतपः स्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमाः ।[१९]

शौच अर्थात् शुचिता दो प्रकार की है– बाह्य और आभ्यंतर । शुचिता के परिपालन से ब्रह्मचर्यादि के आचरण में सहायता मिलती है । उत्तेजक मदिरा आदि के पास से इन्द्रियाँ उत्तेजित होती हैं और उससे अशुचिता आती है, व्यक्ति का चित्त मलिन हो जाता है । अतएव अमेध्य आहार विहार से शरीर

---

१५. वही, ७.२६-२७
१६. वही, ७.२८-२९
१७. वही, ११.३५
१८. वही, ११.३५ पर आयुर्वेददीपिका टीका
१९. योगसूत्र, साधनपाद, ३२

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

में अशुचिता का प्रवेश होता है और चित्त में मलिनता आती है। ऐसा चित्त योग के आचरण के लिए अनुकूल नहीं है।

आचार्य चरक शौचाचरण के लिए उपदेश देते हुए कहते हैं कि प्रातः सायं स्नान और अग्निहोत्र करना चाहिए। मल के स्थानों को तथा पैरों को स्वच्छ रखना चाहिए। केश, दाढी, मूछ, नाखून, कक्ष और गुह्यस्थानों के केश को पाँच-पाँच दिनों के अंतराल पर कटवाना चाहिए। स्वच्छ, शुद्ध वस्त्र धारण करना चाहिए। इस बाह्य शौचाचारों के अतिरिक्त चरक आभ्यन्तर शौच के सम्बन्ध में कहते हैं कि कल्याण चाहने वालों को हितकारी, परिमित और मधुर वाणी बोलनेवाला, वश्यात्मा, चिंताविहीन, निर्भय, रागद्वेषमुक्त, उत्साही, क्षमाशील और आस्तिक होना चाहिए–

देवगोब्राह्मणगुरुवृद्धसिद्धाचार्यानर्चयेत् अग्निमुपाचरेत् ओषधीः प्रशस्ता धारयेत् द्वौ कालावुपस्पृशेत् मलायनेष्वभीक्ष्णं पादयोश्च वैमल्यमादध्यात् त्रिः पक्षस्य केशश्मश्रुलोमनखान्संहारयेत् नित्यमनुपहतवासाः सुमनाः सुगन्धिः स्यात्। काले हितमितमधुरार्थवादी वश्यात्मा.... निर्भीकः ह्रीमान् धीमान् महोत्साहः दक्षः क्षमावान् धार्मिकः आस्तिकः विनयबुद्धिविद्याभिजनवयोवृद्धसिद्धाचार्याणामुपासिता ..... सत्यसन्धः सामप्रधानः परपुरुषवचनसहिष्णुः, अमर्षघ्नः प्रशमगुणदर्शी रागद्वेषहेतूनां हन्ता।[२०]

शरीरशोधन के अभाव में चित्त की शुद्धि असंभव है अतः हठयोग के अंतर्गत छह क्रियाओं द्वारा शरीरशोधन करने का उल्लेख है। ये छह क्रियाएँ हैं– धौति, वस्ति, नेति, नौली, त्राटक और कपालभाति–

धौतिर्वस्तिस्तथा नेतिर्नौलिकिस्त्राटकस्तथा।
कपालभातिश्चैतानि षट् कर्माणि समाचरेत्।[२१]

शरीरशोधन के लिए आयुर्वेद में निर्दिष्ट पंचकर्म की पद्धति इसी प्रकार की है। स्नेहन, स्वेदन से बाह्य शोधन कर आमाशयादि अन्तःशोधन के लिए वमन, विरेचन, द्विविध वस्ति तथा नस्य आदि का निर्देश किया गया है। चरकसंहिताकार कहते हैं–

तान्युपहितदोषाणां स्नेहस्वेदोपपादनैः।
पञ्च कर्माणि कुर्वीत मात्राकालौ विचारयन्॥[२२]

दूसरे की सम्पत्ति से ईर्ष्याभाव न रखते हुए, अपने सुख-दुःख को समान भाव से स्वीकार करने से ही सुख का अनुभव किया जा सकता है, जो संतोष का लक्ष्य है। संतोष का लक्ष्य तृष्णा का नितांत क्षय है–

---

२०. चरकसंहिता, ८.१८
२१. पातंजलयोगप्रदीप, ? पृ. ३८७
२२. चरकसंहिता, २.१३

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सन्तोषादनुत्तमसुखलाभः ।[२३]

'नान्यस्वमाददीत अभिलषेन्नान्यस्त्रियं ..... ।'[२४] कहकर चरक ने संतोष के आचरण की ओर संकेत किया है । आचार्य वाग्भट ने भी संपत्ति और विपत्ति में एक समान भाव रखने का निर्देश किया है–

सम्पद्विपत्स्वेकमना हेतावीर्ष्येत्फले न तु ।[२५]

इसके अतिरिक्त सभी जीवों पर दया, स्वार्थादि का परित्याग कहकर आचार्य वाग्भट संतोष, तप आदि सद्‌गुणों को लक्ष्य करते हैं–

आर्द्रसन्तानता त्यागः कायवाक्चेतसां दमः ।
स्वार्थबुद्धिः परार्थेषु पर्याप्तमिति सद्व्रतम् ॥[२६]

दूसरे की परितुष्टि का ध्यान रखने के सद्‌गुण का उल्लेख करते हुए वाग्भट ने कहा है कि लोक का अभिप्राय भली-भाँति समझते हुए जो व्यक्ति जिस तरह प्रियवचन, दानादि से संतुष्ट होता है, उसी तरह व्यवहार करना चाहिए–

जनस्याशयमालक्ष्य यो यथा परितुष्यति ।
तं तथैवानुवर्तेत पराराधनपण्डितः ॥[२७]

ईश्वरप्रणिधान से तात्पर्य है भक्तिविशेष । अर्थात् फलसहित सभी कर्मों के फल की इच्छा का त्याग करते हुए ईश्वरार्थ सर्वकर्म समर्पण ।

चरकसंहिताकार चिकित्सास्थान में रसायनपाद के अंतर्गत आचाररसायन की चर्चा करते हैं । इसके अंतर्गत निर्दिष्ट कार्य शौच, सत्य, अहिंसा ईश्वरप्रणिधानादि का संकेत करते हैं । चरक का अभिमत है कि रसायन के संपूर्ण गुण प्राप्त करने के लिए मनुष्य को अपनी आचारसंहिता में कुछ इस तरह गुणों का सन्निवेश करना चाहिए– सत्यवादी होना, क्रोध न करना, मद्य और मैथुन से पृथक् रहना, मन, वचन और कर्म से अहिंसक होना, प्रियवादी होना, तपस्वी, देवता, गौ, ब्राह्मण तथा आचार्य और गुरु की पूजा में तत्पर होना, उदारचेता होना, अहंकारशून्य होना, आत्मज्ञानियों और आस्तिकों का

---

२३. योगसूत्र, साधनपाद .४२
२४. चरकसंहिता, ८.१८
२५. अष्टांगहृदय, २.२५
२६. वही, सूत्रस्थान २.४५
२७. वही, सूत्रस्थान २.२८

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सत्संग करना, धर्मशास्त्र का अनुपालन करना आदि–

सत्यवादिनमक्रोधं निवृत्तं मद्यमैथुनात् ।
अहिंसकमनायासं प्रशान्तं प्रियवादिनम् ।।
याज्यशौचपरं धीरं दाननित्यं तपस्विनम् ।
देवगोब्राह्मणाचार्यगुरुवृद्धार्चने रतम् ।।
उपासितारं वृद्धानामास्तिकानां जितात्मनाम् ।
धर्मशास्त्रपरं विद्यान्नरं नित्यरसायनम् ।।[२८]

योग का तीसरा और महत्त्वपूर्ण अंग है आसन । आसन अर्थात् सुखपूर्वक निश्छल बैठने की स्थिति–

स्थिरसुखमासनम् ।[२९]

चरक इसे व्यायाम के रूप में व्याख्यायित करते हैं । उनका मत है कि शरीर की जो चेष्टाएँ शरीर की स्थिरता दृढता के लिए, शरीर के बल बढाने की इच्छा से की जाती है उन्हें शारीरिक व्यायाम कहते हैं । व्यायाम का सेवन यथोचित मात्रा में ही किया जाना चाहिए–

शरीरचेष्टा या चेष्टा स्थैर्यार्था बलवर्धिनी ।
देहव्यायामसंख्याता मात्रया तं समाचरेत् ।।[३०]

व्यायाम की मात्रा की अधिकता से थकान, धातुक्षय, रक्तपित्त रोग, कास, ज्वर तथा वमन हो सकते हैं । आचार्य वाग्भट भी व्यायाम की परिभाषा देते हुए कहते हैं कि जिस कर्म से शरीर में थकावट उत्पन्न हो वह व्यायाम है–

शरीरायासजननं कर्म व्यायाम उच्यते ।[३१]

व्यायाम से कार्यक्षमता में वृद्धि होती है, जठराग्नि प्रदीप्त होती है, मेद-क्षय अर्थात् स्थूलता घटती है और शरीर के अंग-प्रत्यंग सुगठित हो जाते हैं-

लाघवं कर्मसामर्थ्यं दीप्तोऽग्निर्मेधसः क्षयः ।
विभक्तघनगात्रत्वं व्यायामादुपजायते ।।[३२]

---

२८. चरकसंहिता, चिकित्सास्थान १.२९, ३०, ३३
२९. योगसूत्र, साधनपाद ४६
३०. चरकसंहिता, ७.३१
३१. अष्टांगसंग्रह, ३.६२
३२. अष्टांगहृदय, २.९

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

व्यायाम करने के नियमों का निर्देश करते हुए आचार्य वाग्भट कहते हैं कि वातज और पित्तज रोगों से ग्रस्त, अजीर्ण रोग से ग्रस्त तथा बालक (सोलह वर्ष से कम उम्र के), वृद्ध (सत्तर वर्ष से अधिक अवस्था वाले) व्यायाम न करें।

बलवान् और स्निग्धभोजन करनेवाले लोग शीत एवं वसंत ऋतु में आधी शक्ति से ही व्यायाम करें। अन्य ऋतुओं में इससे भी कम शक्ति से व्यायाम करें–

वातपित्तामयी बालो वृद्धोऽजीर्णो च तं त्यजेत्।
अर्धशक्त्या निषेव्यस्तु बलिभिः स्निग्धभोजिभिः॥[३३]

आचार्य सुश्रुत भी व्यायाम को व्याधिनिवारक साधन के रूप में प्रस्तुत करते हैं, जिससे अंग सुगठित हो जाते हैं, देह कांतिमय हो जाती है, जठराग्नि प्रदीप्त होती है तथा शरीर में हल्कापन आ जाता है। मोटापा दूर होता है, श्रम, प्यास, गर्मी, ठंडक आदि को सहने की शक्ति आ जाती है–

शरीरायासजननं कर्म व्यायामसंज्ञितम्।
तत् कृत्वा तु सुखं देहं विमृद्नीयात् समन्ततः॥
शरीरोपचयः कान्तिर्गात्राणां सुविभक्तता।
दीप्ताग्नित्वमनालस्यं स्थिरत्वं लाघवं मृजा॥
श्रमक्लमपिपासोष्णशीतादीनां सहिष्णुता।
आरोग्यं चापि परमं व्यायामादुपजायते॥[३४]

बलार्ध से व्यायाम का निर्देश देते हुए आचार्य सुश्रुत बलार्ध को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि जब हृदयस्थ प्राणवायु मुख से निकलने लगे तो उसे बलार्ध की सीमा समझना चाहिए–

बलस्यार्धेन कर्तव्यो व्यायामो हन्त्यतोऽन्यथा।
हृदि स्थानस्थितो वायुर्यदा वक्त्रं प्रपद्यते॥
व्यायामं कुर्वतो जन्तोस्तद् बलार्धस्य लक्षणम्।[३५]

आयुर्वेद के आचार्यों ने व्यायाम की विस्तृत चर्चा की है किन्तु किसी प्रकार के आसन का उल्लेख नहीं किया है। पतंजलि भी आसनों का उल्लेख नहीं करते। योगदर्शन के भाष्यकारों ने ही विभिन्न प्रकार के आसनों का उल्लेख किया है। श्रीमद्भगवद्गीता में भी योगाभ्यास के प्रसंग में भगवान् कहते हैं कि विशुद्ध भूमि पर रखे आसन पर बैठ कर चित्त और इन्द्रियों को नियंत्रित कर, एकाग्र होकर अंतःकरण

---

३३. वही, २.१०.११
३४. सुश्रुतसंहिता, चिकित्सास्थान २४.३८-४०
३५. वही, चिकित्सास्थान २४.४७, ४८

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

की शुद्धि के लिए योग का अभ्यास करना चाहिए–

तत्रैकाग्रं मनः कृत्वा यतचित्तेन्द्रियक्रियः ।
उपविश्यासने युञ्ज्याद्योगमात्मविशुद्धये ॥[३६]

इस योगाभ्यास में शरीर की मुद्रा क्या हो, आसन किस तरह का हो, इस सम्बन्ध में मात्र इतना ही निर्देश है कि देह, सिर और गले को सीधा रखते हुए निश्चल और स्थिर होकर नासिका के अग्रभाग पर दृष्टि जमाकर ब्रह्मचर्यव्रत में स्थित, निर्मल होकर ईश्वर में अपना चित्त लगाए–

समं कायशिरोग्रीवं धारयन्नचलं स्थिरः ।
सम्प्रेक्ष्य नासिकाग्रं स्वं दिशश्चानवलोकयन् ॥
प्रशान्तात्मा विगतभीर्ब्रह्मचारिव्रते स्थितः ।
मनः संयम्य मच्चित्तो युक्त आसीत मत्परः ॥[३७]

प्राणायाम योग का चौथा महत्त्वपूर्ण अंग है । प्राणायाम के सम्बन्ध में पतंजलि कहते हैं कि उस आसन के स्थिर हो जाने पर श्वास प्रश्वास की गति को रोकना ही प्राणायाम है–

तस्मिन् सति श्वासप्रश्वासयोर्गतिविच्छेदः प्राणायामः ।[३८]

यह प्राणायाम बाह्यवृत्ति, आभ्यंतरवृत्ति और स्तम्भवृत्ति रूप से तीन प्रकार का होता है । ये तीन प्रकार पुनश्च देश, काल और संख्या द्वारा दीर्घ और सूक्ष्म होते हैं । श्वास को बाहर निकालकर उसकी स्वाभाविक गति का अभाव करना बाह्यवृत्तिप्राधान्य है । श्वास को अन्दर लेकर उसकी स्वाभाविक गति का अभाव आभ्यंतरवृत्तिप्राधान्य तथा श्वास प्रश्वास दोनों गतियों के अभाव से प्राण को रोक देना स्तम्भवृत्तिप्राधान्य है । ये तीनों वृत्तियाँ पुनः देशपरिदृष्ट, कालपरिदृष्ट तथा संख्यापरिदृष्ट होती हैं । देशपरिदृष्ट अर्थात् जिस स्थान तक उसका विषय है, कालपरिदृष्ट का अर्थ समय की विशेष मात्रा में श्वास प्रश्वास तथा संख्यापरिदृष्ट का तात्पर्य प्रथम उद्घात, द्वितीय उद्घात इस प्रकार संख्या से श्वास प्रश्वास का उपलक्षित होना है । पूरक, कुम्भक रेचकादि भेदों को इन नामों से व्यवहृत नहीं किया जाता था । सूत्रकार ने इन नामों का उल्लेख नहीं किया है, यह परवर्ती उद्भावना है ।

आचार्य चरक वातकलाकलीयाध्याय के अंतर्गत शरीर में वायु संचरण के विविध गुणों पर प्रकाश डालते हुए कहते हैं कि वायु के पाँच प्रकार हैं – प्राण, अपान, उदान, व्यान और समान । यह वायु तंत्र अर्थात् शरीर और यंत्र अर्थात् शरीर के अवयवों को धारण करती है । यह वायु ही सभी चेष्टाओं

३६. श्रीमद्भगवद्गीता, सम्पा. वासुदेव लक्ष्मण पणशीकर, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, दिल्ली, २०१०, ६.१२
३७. वही, ६.१३-१४
३८. योगसूत्र, साधनपाद ४९

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

का प्रवर्तक है, मन का नियामक है, इन्द्रियों का प्रेरयिता है, अर्तात् इन्द्रियों को विषयों में प्रेरित करता है। यह वायु ही शरीर के धातुओं को एक स्थान से दूसरे स्थान वहन करता है। यह वाणी को प्रवृत्त करनेवाला, स्पर्श तथा शब्द का मूल कारण है–

वायुस्तन्त्रयन्त्रधरः प्राणोदानसमानव्यानापानात्मा प्रवर्तकश्चेष्टानामुच्चावचानां नियन्ता प्रणेता च मनसः सर्वेन्द्रियाणामुद्योजकः सर्वेन्द्रियार्थानामभिवोढा सर्वशरीरधातुव्यूहकरः सन्धानकरः शरीरस्य प्रवर्तको वाचः प्रकृतिः स्पर्शशब्दयोः ..... ।[३९]

प्रत्याहार का लक्षण देते हुए पतंजलि ने कहा है–

स्वविषयासम्प्रयोगे चित्तस्य स्वरूपानुकार इवेन्द्रियाणां प्रत्याहारः ।[४०]

इन्द्रियों का अपने विषयों से निरुद्ध होकर चित्त के स्वरूप में तदाकार हो जाना प्रत्याहार है। प्रत्याहार में इन्द्रियाँ अपने बहिर्मुख विषय से हटकर अंतर्मुखी हो जाती हैं। प्रत्याहार सिद्ध हो जाने वाले व्यक्ति की इन्द्रियाँ वश में हो जाती हैं। किसी अन्य उपाय से इन्द्रियविजय करने में विषय से दूर हटना होता है, अथवा चित्त को प्रबोधित करना होता है, किन्तु प्रत्याहार में ऐसा नहीं करना पडता क्योंकि उसमें चित्त की इच्छा के अनुकूल कार्य होता है। इन्द्रियाँ चित्त का अनुसरण करती हैं।

इसी प्रसंग को चरक 'इन्द्रियोपक्रमणीयाध्याय' के अंतर्गत उल्लेख करते हुए अतियोग, योग और मिथ्यायोग की चर्चा करते हैं। चरक का अभिमत है कि मन के साथ इन्द्रियाँ अपने अर्थों के अतियोग, योग और मिथ्यायोग से विकृत होकर अर्थात् रोग उत्पन्न कर अपने ज्ञान का नाश करती हैं। ये ही इन्द्रियाँ जब सामर्थ्ययोग से अर्थात् समयोग से विषयों के साथ युक्त होती हैं तो अपने-अपने ज्ञान को बढानेवाली होती हैं। मन का विषय चिंतन करना है। अतएव मन और बुद्धि का समयोग स्वस्थता का कारण है तथा मन एवं बुद्धि का अतियोग, योग या मिथ्यायोग विकृति का कारण है, रोगोत्पत्ति का कारण है–

तदर्थातियोगायोगमिथ्यायोगात् समनस्कमिन्द्रियं विकृतिमापद्यमानं यथास्वं बुद्ध्युपघाताय सम्पद्यते सामर्थ्ययोगात्पुनः प्रकृतिमापद्यमानं यथास्वं बुद्धिमाप्यायाति। मनसस्तु चिन्त्यमर्थः तत्र मनसो मनोबुद्धेश्च त एव समानातिहीनमिथ्यायोगाः प्रकृतिविकृतिहेतवो भवन्ति ।[४१]

यहाँ 'मनसस्तु चिन्त्यम्' विशेष ध्यातव्य है, जिसके माध्यम से आचार्य यह कहना चाह रहे हैं कि इन्द्रियनिरपेक्ष मन जो कुछ ग्रहण करता है, मन के उन विषयों का समयोग या सम्यग्योग ही प्रकृति

---

३९. चरकसंहिता, १२.८

४०. योगसूत्र, साधनपाद ५४

४१. चरकसंहिता, ८.१५-१६

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

है, अन्यथारूप अर्थात् अतियोग या अयोग विकृति है। तात्पर्य यह है कि जब मन इन्द्रिय के विषयों को ग्रहण नहीं करता है, बल्कि इन्द्रियाँ मनोनुकूल विषयों को ग्रहण करती हैं तो वह विशुद्ध चित्त जिसके वश में इन्द्रियाँ हैं, स्वास्थ्यगत विकृतियों को दूर रखता है। मन और इन्द्रियों का विषयों के साथ असंतुलित योग जो विकृति या रोग का कारण है, उसके निराकरण के लिए चरक का निर्देश है कि मन सहित इन्द्रियों को स्वस्थ्य रखने के लिए, विकृति से बचाने के लिए इन्द्रिय और विषयों के अतियोग, योग और मिथ्यायोग से बचना चाहिए। आचार्य चरक इसके लिए देश कालादि के अनुरूप हितकारी वस्तुओं के सेवन का निर्देश देते हैं। इससे इन्द्रियाँ उपतप्त न होकर अविकृत (प्रकृति) अवस्था में रहती हैं। विविध प्रकार के सद्वृत्त का पालन मनसा वाचा कर्मणा करना चाहिए। इससे एक साथ ही नैरुज्य और इन्द्रियविजय दोनों की प्राप्ति होती है–

तत्रेन्द्रियाणां समनस्कानामनुपतप्तानामनुपतापाय प्रकृतिभावे प्रयतितव्यं एभिर्हेतुभिः तद्यथा सात्म्येन्द्रियार्थसंयोगेन बुद्ध्या सम्यगवेक्ष्यावेक्ष्यकर्मणां सम्यक्प्रतिपादनेन देशकालात्मगुणविपरीतोपासनेन च इति तस्मादात्महितं चिकीर्षता सर्वेण सर्वं सर्वदा स्मृतिमास्थाय सद्वृत्तमनुष्ठेयम्। तद्ध्यनुतिष्ठन् युगपत् सम्पादयत्यर्थद्वयमारोग्यमिन्द्रियविजयं चेति ......।[४२]

चरक द्वारा प्रतिपादित यह आरोग्य और इन्द्रियविजय की अवस्था प्रत्याहार के सन्निकट है जहाँ चित्त इन्द्रियों के वशीभूत नहीं वरन् इन्द्रियाँ चित्त के वशीभूत हैं। चरक इसे समयोग अर्थात् सम्यग्योग कहते हैं जो उनके अनुसार योग और अतियोग की मध्यावस्था है। आचार्य वाग्भट भी इन्द्रियों के नियंत्रण के सम्बन्ध में कहते हैं कि इन्द्रियों को न तो अत्यधिक पीडित किया जाए और न ही अत्यधिक विलासी बनाया जाए–

न पीडयेदिन्द्रियाणि न चैतान्यतिलालयेत्।[४३]

योग का छठा, सातवाँ और आठवाँ अंग क्रमशः धारणा, ध्यान और समाधि है। ये तीनों योग के अन्तरंग अंग हैं। पूर्वोक्त पाँच अंगों का निरूपण साधनपाद के अंतर्गत किया गया है तथा इन तीनों का विभूतिपाद के अंतर्गत। धारणा, ध्यान और समाधि इन तीनों अंगों के लिए एक शब्द व्यवहृत किया गया है – संयम। धारणा, ध्यान और समाधि तीनों का लक्षण करने के बाद पतंजलि ने यह सूत्र दिया-

त्रयमेकत्र संयमः।[४४]

यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार आदि के द्वारा जब चित्त स्थिर हो जाए तो उसे अन्य विषयों से हटाकर एक ध्येय विषय में वृत्तिमात्र से बाँधना ही धारणा है। ध्येय से अभिप्राय यह है

४२. चरकसंहिता, ८.१७, १८
४३. अष्टांगहृदय, २.२९
४४. योगसूत्र, विभूतिपाद ४

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

कि जिस देशरूप विशेष स्थान पर वृत्ति को ठहराया जाए वह नाभि, हृदय, नासिकाग्र, भृकुटी आदि आभ्यंतर देश हो सकते हैं अथवा चंद्रमादि कोई बाह्यदेशरूप विषय हो सकते हैं। इन विषयों को, जिनमें ध्यान लगाया जाए उसे ही ध्येय कहते हैं। इस धारणा में चित्त जिस वृत्तिमात्र के ध्येय में लगा रहता है उस वृत्ति का अक्षुण्ण प्रवाह बना रहता है, कोई दूसरी वृत्ति उसे बाधित नहीं करती तो उस एकाग्रता या एकतानता को ध्यान की संज्ञा दी जाती है। यही ध्यान ही समाधि कहलाता है, जब उसमें केवल ध्येय अर्थमात्र से भासित होता है। ध्यान और समाधि में अंतर इतना ही है कि ध्यान में ध्येय का भान होता है, ध्येयमात्र का नहीं; जबकि समाधि में ध्येयमात्र में ध्यान स्थिर हो जाता है। धारणा, ध्यान और समाधि इन तीनों का समुदाय ही संयम कहलाता है। समाधि अंगी है और धारणा तथा ध्यान अंगरूप हैं–

देशबन्धश्चित्तस्य धारणा।[४५]
तत्रैकतानता ध्यानम्।[४६]
तदेवार्थमात्रनिर्भासं स्वरूपशून्यमिव समाधिः।[४७]
त्रयमेकत्र संयमः।[४८]

आचार्य चरक ने प्रवृत्ति और निवृत्ति अर्थात् संसार की ओर प्रवृत्ति और मोक्षरूपा निवृत्ति के कारणों का उल्लेख चरकसंहिता के शारीरस्थान में किया है। मोक्ष या कैवल्य के उपायों का चिंतन करते हुए चरक कहते हैं–

ध्यानहेतोः कायनिबन्धनं........... तन्द्रालस्यादिकर्मवर्जनम् इन्द्रियार्थेष्वनुरागोपताप-निग्रहः.......... योगारम्भे सततमनिर्वेदः सत्त्वोत्साहोऽपवर्गाय धीधृतिस्मृतिबलाधानं नियमनमिन्द्रियाणां चेतासी चेतस आत्मनि ....सर्वसंन्यासेषु सुखमित्यभिनिवेशः।[४९]

'ध्यानहेतोः कायनिबन्धनम्' कहकर आचार्य ने ध्यानार्थ योगासन के विधान का संकेत किया है। पुनश्च वे यह भी कहते हैं कि ध्यानादि के लिए इन्द्रियों के विषयों–रूप रसादि के प्रति अनुराग नहीं करना चाहिए तथा इन्द्रियों के विषयों के न मिलने से उत्पन्न उपताप अर्थात् द्वेषादि का निग्रह करना चाहिए। मोक्ष के लिए बुद्धि, धैर्य एवं स्मृति के बल का आधान करना चाहिए, चित्त में इन्द्रियों का नियमन तथा आत्मा में मन का नियमन करना चाहिए। चरकाचार्य कहते हैं कि सर्वसंन्यास अर्थात्

---

४५. वही, विभूतिपाद १
४६. वही, विभूतिपाद २
४७. वही, विभूतिपाद ३
४८. वही, विभूतिपाद ४
४९. चरकसंहिता, ५.१३

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सर्वपरित्याग की भावना से ही यथार्थ सुख की प्राप्ति हो सकती है। अतः सर्वसंन्यास की भावना रखनी चाहिए। शरीर को रस, मल, स्नायु आदि रूप में देखने से ही शरीर के प्रति वैराग्य उत्पन्न होता है–

मज्जास्थ्ना रजसा प्लीहायकृता शकृतापि च।
पूर्णः स्नायुशिरा याः स्युस्ताः स्त्रियश्चर्मपेशिकाः।[५०]

'नियमनमिन्द्रियाणां चेतसि चेतस आत्मन्यात्मनश्च .....' कहकर चरक ने इन्द्रियों की बाह्य विषयों से निवृत्ति और चित्त के द्वारा उनके वशीभूत हो जाने का उल्लेख कर धारणा और ध्यान की ओर संकेत किया है। 'चेतस आत्मनि आत्मनश्च ... ।' की शब्दावली चित्त को चिन्त्य विषयों से व्यावृत्त होकर परमात्मज्ञान के लिए नियमन का संकेत करती है। शरीर को अस्थि, मज्जा, रस, मल, स्नायु आदि के समुदाय के रूप में देखना वैराग्य का हेतु है।

'सर्वप्रवृत्तिष्वघसंज्ञा' कहकर चरक मोक्षाभिलाषी के लिए सभी प्रकार की सांसारिक प्रवृत्तियों को अघरूप अर्थात् पाप की संज्ञा देते हैं। 'सर्वसंन्यासेषु सुखम्' कहकर सभी प्रकार के त्याग को सुख का मूल बतलाते हैं। चरक स्पष्टतः कहते हैं एष मार्गोऽपवर्गाय अर्थात् यही मार्ग अपवर्ग या मोक्ष का मार्ग है, कैवल्य का मार्ग है। अन्यथारूप मार्ग का अवलंबन मनुष्य को बंधन में बाँधता है।

कैवल्य या मोक्ष के सम्बन्ध में भी पतंजलि और आचार्य चरक के विचारों का साम्य उल्लेख है। कैवल्यपाद में पतंजलि कहते हैं कि हेतु, फल, आश्रय, तथा आलंबन से वासनाएँ संगृहीत होती हैं। अविद्या आदि क्लेश वासनाओं का हेतु है। जाति, आयु और भोग वासनाओं के फल हैं। अधिकारयुक्त मन वासनाओं का आश्रय है। इन्द्रियों के विषय वासनाओं के आलम्बन हैं। ये वासनाएँ हेतु, फल, आश्रय और आलंबन के सहारे विद्यमान रहती हैं। इनकी सत्ता में ही वासनाओं की सत्ता है और इनके अभाव में वासनाओं का नाश हो जाता है। वासना का आश्रय साधिकार चित्त है और विवेकख्याति द्वारा अधिकार समाप्त होने पर चित्त में विवेक मात्र शेष रह जाता है अतः वासना नहीं रहती। विवेकख्यातिविहीन चित्त ही वासना का आश्रय है–

हेतुफलाश्रयालम्बनैः संगृहीतत्त्वादेषामभावे तदभावः।[५१]

पतंजलिप्रोक्त उक्त सूत्र के आलोक में चरक का अभिमत द्रष्टव्य है, जहाँ वे कहते हैं–

सर्वं कारणवद् दुःखमस्वं चानित्यमेव च।
न चात्मकृतकं तद्धि तत्र चोत्पद्यते स्वता॥

---

५०. वही, शारीरस्थान ५.१३ पर आयुर्वेददीपिका टीका
५१. योगसूत्र, कैवल्यपाद ११

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यावन्नोत्पद्यते सत्या बुद्धिर्नैतदहं यया ।
नैतन्मम च विज्ञाय ज्ञः सर्वमतिवर्तते ।।५२

अर्थात् कारणवान् सभी वस्तुएँ अनित्य और दुःखरूप हैं । आत्मा कारण रहित और अनित्य है । सत्य के प्रकट हो जाने पर यथा मेरा यह शरीर नहीं है आदि ज्ञान हो जाने पर ज्ञानी जन्म कर्म के बंधनों का अतिक्रमण कर जाता है और सभी वेदनाओं की निवृत्ति हो जाती है । पतंजलि द्वारा निर्दिष्ट विवेकख्याति जिससे सभी वासनाओं का नाश हो जाता है, कुछ इसी प्रकार की स्थिति है ।

चरक कहते हैं कि चरम संन्यास की अवस्था में सभी कर्मों के परित्याग के फलस्वरूप मिथ्याज्ञान से उत्पन्न सभी प्रकार की भूत, भविष्य तथा वर्तमान वेदनाएँ सम्पूर्ण रूप से निवृत्त हो जाती हैं क्योंकि ज्ञेय का भली प्रकार ज्ञान हो जाता है । इसके बाद वह ब्रह्मस्वरूप हो जाता है, उसका कोई चिह्न शेष नहीं रह जाता-

तस्मिंश्चरमसंन्यासे समूलाः सर्ववेदनाः ।
असंज्ञाज्ञानविज्ञाना निवृत्तिं यान्त्यशेषतः ।।
अतः परं ब्रह्मभूतो भूतात्मा नोपलभ्यते ।
निःसृतः सर्वभावेभ्यश्चिह्नं यस्य न विद्यते ।।५३

चित्त के भीतर राग द्वेषादि मल के होने से मलिन चित्त में स्थिरता नहीं होती अतः चित्त की निर्मलता प्राप्त करने के सम्बन्ध में पतंजलि का मत है कि सुखी मनुष्यों में मित्रता की भावना रखने से, दुखी मनुष्यों में दया की भावना रखने से, और पापियों में उपेक्षा की भावना रखने से मनोगत मलिनता नष्ट होती है, रागद्वेषादि दूर हो जाते हैं तथा चित्त निर्मल हो जाता है–

मैत्रीकरुणामुदितोपेक्षाणां सुखदुःखपुण्यापुण्यविषयाणां भावनातश्चित्तप्रसादनम् ।५४

पतंजलि के इन विचारों के सदृश चरक का भी मत दृष्टिगत होता है, यद्यपि उन्होंने इसे चिकित्सा के संदर्भ में कहा है–

मैत्रीकारुण्यमार्तेषु शक्ये प्रीतिरुपेक्षणम् ।
प्रकृतिस्थेषु भूतेषु वैद्यवृत्तिश्चतुर्विधेति ।।५५

अर्थात् चिकित्सक को चाहिए कि वह प्राणिमात्र के साथ मैत्री का व्यवहार करें । रुग्ण जनों के प्रति करुणा का भाव साध्य रोगों से ग्रस्त व्यक्ति के प्रति प्रीति अर्थात् प्रेमपूर्वक चिकित्सा तथा असाध्य रोग से ग्रस्त जिनका मरण निश्चित है, वहाँ उपेक्षा भाव रखना चाहिए ।

---

५२. चरकसंहिता, शारीरस्थान १.१५०-१५१

५३. वही, शारीरस्थान १.१५२-१५३

५४. योगसूत्र, समाधिपाद ३३

५५. चरकसंहिता, सूत्रस्थान ९.२४

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि योगसूत्रों में प्रतिपादित यम नियमादि अष्टांग की विवेचना आयुर्वेदशास्त्र में विशेषतया चरकसंहिता में प्राप्त होती है । योग और आयुर्वेद दोनों का लक्ष्य स्वस्थ देह और निर्मल चित्त की प्राप्ति से मोक्ष की ओर अग्रसर होता है । दोनों शास्त्रों का प्रयोजन एक ही है अतः चरक कहते हैं–

धर्मार्थकाममोक्षाणामारोग्यं मूलमुत्तमम् ।[५६]

अर्थात् धर्मार्थादि पुरुषार्थ चतुष्टय का मूल उत्तम आरोग्य है । वे यह भी कहते हैं कि मोक्ष में वेदनाओं की आत्यंतिक निवृत्ति हो जाती और योग मोक्ष का साधन है–

मोक्षे निवृत्तिर्निःशेषा योगो मोक्षप्रवर्तकः ।[५७]

दोनों ही शास्त्रों में अष्टांगों का विवेचन शब्दान्तरेण प्राप्त होता है । आयुर्वेद के पंचकर्म, दिनचर्या, ऋतुचर्या तथा आचाररसायन, सद्वृत्त के विवेचन में योग के यम, नियम स्पष्टतया प्रतिविम्बित है । ब्रह्मचर्य जो योग का एक प्रमुख विवेच्य विषय है, आयुर्वेद में शरीरधारण के तीन मूलभूत आधारस्तम्भों में परिगणित है तथा विस्तरेण व्याख्यात है । आयुर्वेद में प्रतिपादित वात की अवधारणा, पञ्चविध वायु के संचरण तथा उनके विनियमन का विवेचन योग में प्रतिपादित प्राणायाम के सन्दर्भों से एक अद्भूत साम्य रखता है । यद्यपि दोनों शास्त्र इन अष्टांगों के विवेचन में साम्य रखते हैं तथापि आयुर्वेद का लक्ष्य शरीर और मनोगत व्याधियों का निवारण कर आरोग्यमय शरीर प्रदान कर मोक्ष की ओर अग्रसर करना है जिसके लिए औषधियों के प्रयोग का विधान है । अतः व्याधियों के कारण निदानादि का विवेचन आयुर्वेद का प्रधान विषय है, योग इसमें उपकारक के रूप में, अंगरूप में व्याख्यात हुआ है । योगशास्त्र में अष्टांगों की सांगोपांग विवेचना है अतः उसमें आयुर्वेद की अपेक्षा विषय सुसंगठित और विस्तृत रूप में दृष्टिगत होता है, फिर भी यह कहना अनुचित न होगा कि आयुर्वेद और योग दोनों शास्त्रों में प्रतिपादित योगविषयक विचारों को एक दूसरे के पूरक के रूप में ग्रहण किया जा सकता है ।

-----

५६. वही, सूत्रस्थान १.११५

५७. वही, शारीरस्थान १.१३५

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

गोरक्षनाथ की योग-परम्परा

गोविन्दकुमार टी. वेकरिया*

'योग' भारतीय अध्यात्म, साधना, संस्कृति, साहित्य चेतना की सुन्दरतम एवं गौरवमयी अभिव्यक्तियों में सर्वोच्च है, यह वैज्ञानिक और अविवादास्पद विषय है । इसका उद्भव एवं विकास भारतवर्ष में हुआ है । पश्चिमी अतिभौतिकवादी, उपभोक्तावादी एवं उपयोगितावादी सभ्यता एवं जीवनशैली के वश में आकर आज का मानवसमाज अपने नैतिकमूल्यों एवं गरिमाओं की निरंतर अवहेलना कर रहा है, इसके फलस्वरूप राष्ट्र एवं समाज का निरंतर पतन हो रहा है । इसका एक मात्र उपाय 'योगविद्या' है । भारतीय 'योगविद्या' ही भौतिक उत्थान एवं आध्यात्मिकता का प्रवेशद्वार है । यही विश्व-मानव-समाज को गौरव लौटा सकता है ।

आचार्य रजनीश ने कहा है कि-''भारतीय धर्माकाश में सबसे ज्यादा चमकने वाले सितारें मुख्य चार हैं- कृष्ण, पतंजलि, बुद्ध और गोरक्षनाथ।'' इन चारों में 'योग' का निरूपण है । लेकिन 'योग' की बात आती है तो हमारे सामने दो नाम आते हैं- महर्षि पतंजलि और सिद्धमहायोगी गुरु गोरक्षनाथ । यह दोनों 'योगविद्या' के आधारस्तम्भ हैं ।[१] पतंजलि और गोरक्ष दोनों का कहना है कि परम तत्त्व आत्मा (परमात्मा) की खोज के लिए जीव को कहीं बाहर जाने की जरूरत नहीं है । वह तो हमारे अन्दर (भीतर) ही है ।

भारतीय दर्शन एवं अध्यात्म-साधना की प्रायः सभी वैदिक और अवैदिक, निगम और आगम की धारा अनादिकाल से बहती आ रही है एवं प्रचलित है । पतंजलि की परम्परा वैदिक (निगम) से है । गोरक्षनाथ के 'योगदर्शन' परम्परा के संस्थापक, प्रारंभकर्ता एवं प्रवर्तक आदिनाथ (शिव, शंकर) है और इनके विकास एवं संवर्धन में सर्व श्री मत्स्येन्द्रनाथ, जालंधरनाथ, गोरक्षनाथ, नवनाथों आदि की एक महान परंपरा रही है ।

गोरक्षनाथ ने अपने योग-दर्शन एवं साधना के लिए पूर्ववर्ती सभी वैदिक-अवैदिक, निगम-आगम परम्पराओं में विकसित योगिक एवं तांत्रिक विचारधाराओं और साधनाओं का समन्वित और संभवित

'स्वाध्याय' – पु. ५९, वर्ष २०२२, पृ. १५९-१७४. ISSN 2250-0391

* हिंदी विभाग, म्युनि. महिला विनयन कॉलेज, गोंडल, जिला-राजकोट, पीन-३६०३११ (गुजरात), M: 09409494111, Email: profgtvekariya@gmail.com

१. ओशो, मरौ हे जोगी मरौ (प्रवचनों का संकलन) रेबलः पब्लिशिंग हाउस प्रा. लि., ५० कोरेगाँव पार्क, पूना, विशेष राज संस्करण, १९९०, पृ. ४

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

रूप माना है । महासुख की प्राप्ति के लिए सिद्धों की वामाचार प्रक्रिया और मुक्त यौन सहवास साधना प्रक्रिया की प्रतिक्रिया के रूप में गोरक्षनाथ ने एक नूतन नाथ-संप्रदाय की स्थापना की । गोरक्षनाथ इस संप्रदाय के प्रबल समर्थक, सबल प्रचार-प्रसारक और दृढ संगठनकर्ता है । आज-कल नाथ-पंथ का पर्याय गोरक्षनाथ है । जो आदिनाथ शिव से प्रारंभ हुआ था । गुरु गोरक्षनाथ योगी-संप्रदाय के सर्वप्रधान नेता थे और इस संप्रदाय को संगठित एवं सुव्यस्थित रूप देने में इन्हीं का हाथ है । यह शिव के अवतार माने जाते हैं ।

रांगेय राघव ने ('गोरक्षनाथ और उनका युग' इस पुस्तक में) कहा है- ''गोरक्षनाथ का युग भारतीय इतिहास की एक कडी है । यदि यह हजारों वर्षों का परिणाम है तो इसका प्रभाव भी अनेक शताब्दियों का इतिहास है । यह भारतीय इतिहास का वह भूला हुआ विषय है जिसके बिना इतिहास समझा ही नहीं जा सकता ।''[२]

जब हम गोरक्षनाथ की योग-परंपरा की विवेचना करते है तो हमें कई ऐसे प्राचीन प्रमाण (साक्ष्य) मिलते हैं, जिनमें योग की बात निर्विवाद रूप से सिद्ध हो जाती है कि 'योग' सृष्टि के आरंभ से ही है । प्राचीन प्रमाणों के रूप में सिन्धु घाटी सभ्यता से प्राप्त मूर्तियों के अवशेषों से यह बात सिद्ध होती है । इन अवशेषों में योग-मुद्रा की अवस्था में ध्यानस्थ भगवान शिव (आदिनाथ) मूर्तियों से भी यह स्पष्ट होता है कि योग-क्रिया की परम्परा 'शिव' से जुडी है और उनकी 'योगविद्या' अनादिकाल परंपरा से चली आ रही है, वह केवल देवताओं तक ही सीमित थी, कालांतर यह विद्या ऋषि मुनियों, महर्षियों, मनीषियों से चलकर आज वह सामान्यजन तक प्रचलित हुई है ।

'हठयोगियों' के अनुसार भगवान् शिवजी ने धर्म-पत्नी पार्वती को योग का प्रथम उपदेश दिया था, इसका यह अर्थ है कि गोरक्षनाथ परम्परा में योग का प्रथम उपदेश माँ पार्वती को दिया था ।

''भारतीय संस्कृति की यह विलक्षण विशेषता है कि यहाँ अनेकों धर्म-सम्प्रदायों का उदय हुआ जिन्होंने परमसत्ता को समझने तथा उसके साक्षात्कार के लिए कई मार्ग सुझाएँ है । इन्हीं मार्गों में से योग एक है । इसी मार्ग का अनुसरण कर अनेक ऋषि-मुनियों ने अपने ध्येय की प्राप्ति की । जहाँ तक योग की उत्पत्ति का प्रश्न है, उनके अनुसार स्वयं आदिनाथ भगवान् शिव ही योग के उत्पत्तिकर्ता हैं । यही कारण है कि अधिकांश हठयोग एवं तंत्र सम्बन्धी ग्रन्थ शिव-पार्वती संवाद रूप में मिलते है ।''[३]

जब हम योगपरम्परा का अध्ययन करते है, तब बहुत ऐसे प्रमाण मिलते है, उससे एक बात स्पष्ट हो जाती है कि सृष्टि की उत्पत्ति के साथ ही 'योग-दर्शन' आया है । योगीन्द्र स्वात्माराम की हठयोग

२. रांगेय राघव, गोरक्षनाथ और उनका युग, आत्माराम एंड सन्स-दिल्ली, २०१७

३. धारु नरेशकुमार, नाथ संप्रदाय में योग का स्वरूप, गणेश शंकर, सत्यम् पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, २०१९, पृ. ७२

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

प्रदीपिका में कहा है- ''श्री आदिनाथ भगवान् शिव को नमस्कार है-जिन्होंने (भगवती पार्वती को) हठयोग (सूर्य-प्राणवायु और चन्द्र-अपानवायु के योग) की विद्या का उपदेश (महाज्ञान) का प्रकाशन किया है । यह (हठयोग विद्या) महती, राजयोग सिद्धि के लिए (साक्षात्) सीढी के रूप में शोभित है । ब्रह्मानंदने इस श्लोक की टीका करते हुए सर्ववृत्ति निरोध लक्षणवाले असंप्रज्ञातयोग को राजयोग कहा है । स्वात्माराम का कथन है कि केवल राजयोग के लिए ही हठविद्या का उपदेश किया जा रहा है:

श्री आदिनाथ नमोऽस्तु तस्मै येनोपदिष्टा हठयोगविद्या ।
विभ्राजते प्रसन्नोतराज योग मारोढुमिच्छोरधीरोहिणीव ॥१॥

प्रणम्य श्रीगुरुनाथ स्वात्मारामेण योगिना ।
केवलं राजयोगाय हठविद्योपदिश्यते ॥२॥[४]

योग-साधना के क्षेत्र में हठयोग-साधना नाथ-पंथ की एक अनुपम और मौलिक देन है । आदिनाथ भगवान् शिव ने तत्त्व-जिज्ञासु भगवती पार्वती के प्रश्नों के उत्तर देते हुए सर्वप्रथम योग-विषयक जो गुप्त-ज्ञान प्रकाशित किया था उसे दैवयोग से मछली के पेट में स्थित महायोगी मत्स्येन्द्रनाथजी ने ग्रहण कर अपने शिष्य महायोगी गोरक्षनाथ को प्रदान किया । गोरक्षनाथ और उनकी परम्परा ने अन्य योगेश्वरों के माध्यम से लोक-कल्याण के लिए महलों से कुटियों तक यह ज्ञान प्रचरित और प्रतिष्ठित किया । अब संपूर्ण विश्व में इसका प्रचार-प्रसार हो रहा है ।

डॉ. भारतीय सिंह के अनुसार नाथयोग दर्शन एवं साधना का प्रवर्तन आदिनाथ शिव ने किया था । उन्होंने देवी पार्वती के आग्रह पर जिस तत्त्वज्ञान का उपदेश किसी द्वीप में एकांत में किया था उसे एक मत्स्य के उदर में पल रहे श्री मत्स्येन्द्रनाथजीने सुनकर ग्रहण कर लिया बाद में शिव से प्राप्त इसी तत्त्वज्ञान को योगिराज श्री मत्स्येन्द्रनाथजीने अपने शिष्य गोरक्षनाथजी को प्रदान किया । कालांतर में भी मत्स्येन्द्रनाथ, गोरक्षनाथ, जालंधरनाथ, कानिपानाथ, भर्तृहरिनाथ आदि नवनाथों और उत्तरवर्ती अन्य नाथ योगियों ने नाथ योगदर्शन एवं योग-साधना को विस्तृत करते हुए उसे एक विशिष्ट दर्शन एवं साधना-प्रस्थान का गौरव दिलाया । इस परम्परा के गुरु गोरक्षनाथ सबसे सर्वोच्च स्थान पर है । इसी परम्परा में घेरण्ड ऋषि, स्वात्माराम आदि भी हुए है । शिवसंहिता, हठयोगप्रदीपिका, गोरखसंहिता, सिद्धसिद्धांत पद्धति, घेरण्डसंहिता आदि इस परम्परा के महत्वपूर्ण ग्रन्थ है ।[५]

एक बात स्पष्ट है कि गोरक्षनाथ की परंपरा अनादिकाल से है और अत्यन्त प्राचीन है । विभिन्न ग्रंथो में नाथ सिद्धों की अनेक सूचियाँ प्राप्त होती है । उनके अध्ययन से स्पष्ट नहीं होता है

---

४. श्रीवास्तव रामलाल, हठयोग प्रदीपिका, टीकाकार तथा संपादक - गोरक्षनाथ मंदिर - गोरखपुर, तृतीय संस्करण, वि.सं. २०५८, पृ.१

५. कामाख्या कुमार, योग महाविज्ञान, स्टैण्डर्ड पब्लिशर्स- नई दिल्ली, द्वितीय संस्करण, २०११, पृ. ३२

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

कि कौन से नाथ गोरक्षनाथ के पहले के थे और कौन से इनके बाद । वस्तुतः नाथ साहित्य परंपरा की मीमांसा कठिन है ।

आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी, रांगेय, राघव, राहुल, सांकृत्यायन आदि विद्वानों ने नाथ सिद्धों की जो सूचि अपने ग्रंथो में उद्धृत की है, उसके आधार पर हम यहाँ नाथों की चार सूचियों का उल्लेख कर रहे है । इनके ऐतिहासिक प्रमाणों का लेखा-जोखा हमारे पास नहीं है-[६]

''गोरक्षनाथ के पूर्ववर्ती नाथ''

१. एकनाथ	५. दण्डनाथ	८. कूर्मनाथ
२. आदिनाथ	६. सत्यनाथ	९. जालंधरनाथ
३. मत्स्येन्द्रनाथ	७. संतोषनाथ	१०. गोरक्षनाथ
४. उदयनाथ		

''गोरक्षनाथ के समसामयिक नाथ''

१. चौरंगीनाथ	९. धोबी	१७. धर्मनाथ
२. चामरीनाथ	१०. नागार्जुन	१८. भद्रपा
३. तंतिपा	११. अचिति	१९. सबर
४. दारिपा	१२. चम्पक	२०. सान्ति
५. विरूपा	१३. ठैण्टस	२१. कुमारी
६. कामरी	१४. चुणकर	२२. सियारी
७. कनखल	१५. भादे	२३. कमल कंगारी
८. मेखल	१६. कामरी	२४. चर्पटीनाथ

'' गोरक्षनाथ के उत्तरवर्ती नाथ''

१. अजयपाल	९. जालंध्री पाँव	१७. बाल्गुन्दाई
२. काणेरी	१०. दत्तजी	१८. भरथरी
३. गरीब	११. देवल	१९. मच्छेन्द्रनाथ
४. गोपीचन्द्र	१२. धूंधलीमल	२०. महादेव

६. गोस्वामी सुरक्षित, पतंजलियोग एवं नाथयोग, सत्यम् पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, २००६, पृ. २७

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

५. धोडाचौली	१३. नागार्जुन	२१. रामचंद्र
६. चरपटनाथ	१४. पार्वती	२२. लक्ष्मण
७. चौरंगीनाथ	१५. पृथ्वीनाथ	२३. सतवंती
८. चीणकनाथ	१६. बालकनाथ	२४. सुकुल हंस
		२५. हणवंत

विभिन्न ग्रंथों में उल्लिखित ८४ नामों की सूची

क्रम	नाथ सिद्ध	क्रम	सहजयानी सिद्ध
१	मीननाथ	१	लूहिपा
२	गोरक्षनाथ	२	लीलापा
३	चौरंगीनाथ	३	विरूपा
४	चामरीनाथ	४	डोम्भीपा
५	तंतिपा	५	शबरीपा
६	हालिपा	६	सरहपा
७	केदारिपा	७	कंकालीपा
८	धोंगपा	८	मीनपा
९	दारिपा	९	गोरक्षण
१०	विरूपा	१०	चौरंगीपा
११	कपाली	११	वीणापा
१२	कमारी	१२	शान्तिपा
१३	कान्हा	१३	तंतिपा

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

१४	कनखल	१४	चमरिपा
१५	मेखल	१५	खड्गपा
१६	उन्मन	१६	नागार्जुन
१७	काण्डलि	१७	कराहपा
१८	धोबी	१८	कर्णरिपा (आर्यदेव)
१९	जालंधर	१९	थगनपा
२०	तोंगी	२०	नारोपा
२१	मवह	२१	शलिपा (शीलपा)
२२	नागार्जुन	२२	तिलोपा
२३	दौली	२३	छत्रपा
२४	भिषाल	२४	भद्रपा
२५	अचिति	२५	दोखधिपा (द्विखंडिता)
२६	चम्पक	२६	अजोगिपा
२७	ढैण्टस	२७	कालपा
२८	भुम्बरी	२८	धोम्भिपा
२९	बाकलि	२९	कंकणपा
३०	तुजी	३०	कमरीपा (कम्बलपा)
३१	चर्पटी	३१	डेंगिपा
३२	भादे	३२	भदेपा

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

३३	चांदन	३३	तन्धेपा (तंतिपा)
३४	कामरी	३४	कुकुरिपा
३५	करवत	३५	कुचिपा (कुसूलिपा)
३६	धर्मपापतंग	३६	धर्मपा
३७	भद्र	३७	महीपा (महिलपा)
३८	पातलिभद्र	३८	अचिन्तिपा
३९	पालिहिह	३९	भलहपा (भवपा)
४०	भानु	४०	नलिनपा
४१	मीन	४१	भूसुकपा
४२	निर्दय	४२	इंद्रभूति
४३	सवर	४३	मेकोपा
४४	सांति	४४	कुडालिपा (कुद्दुलिपा)
४५	भर्तृहरि	४५	कमरिपा (कम्मरिपा)
४६	भीषण	४६	जालंधरपा (जालंधारक)
४७	भटी	४७	राहुलपा
४८	गगनपा	४८	धर्मरिपा (धर्मरि)
४९	गमार	४९	धोकरिपा
५०	मेनुरा	५०	मेदनीपा (हालीपा)
५१	कुमारी	५१	पंकजपा

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

५२	जीवन	५२	घंटापा (वज्रघंटा)
५३	अघोसाधव	५३	जोगिपा (अजोगिपा)
५४	गिरिवर	५४	चेलुकपा
५५	सियारी	५५	गुंडरिपा (गोरुपा)
५६	नागवालि	५६	लुपिकपा
५७	विभवत्	५७	निर्गुणपा
५८	सारंग	५८	जयानंत
५९	विविकिधज	५९	चर्पटपा (पचरिपा)
६०	मगरधज	६०	चम्पकपा
६१	अचित	६१	भिखनपा
६२	विचित	६२	भलिपा
६३	नेचक	६३	कुभरिपा
६४	चाटल	६४	चवरि (जवरि) अजपालिपा
६५	नाचन	६५	मणिभद्रा (योगिनी)
६६	भीलो	६६	मेखलापा (योगिनी)
६७	पाहिल	६७	कनखलापा (योगिनी)
६८	पासल	६८	कलकपा
६९	कमल-कंगारी	६९	कन्ताली (कन्थाली)पा
७०	चिपिल	७०	धहुलि(रि) पा (दबडिपा?)

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

७१	गोविन्द	७१	उधनि (उधलि) पा
७२	भीम	७२	कपाल (कमल) पा
७३	भैरव	७३	किलपा
७४	भद्र	७४	सागरपा
७५	भमरी	७५	सर्वभक्षपा
७६	मुरुकुटी	७६	नागबोधिपा
		७७	दारिकपा
		७८	पुतुलिपा
		७९	पनहपा
		८०	कोकालिपा
		८१	अनंगपा
		८२	लक्ष्मीकरा
		८३	समुदपा
		८४	भलि (व्यालि)पा

गोरक्षनाथ की योगपरंपरा आदिनाथ शिव से होती है । इन नामों से गोरक्षनाथ परम्परा समृद्ध है । पं. परशुराम चतुर्वेदीने नवनाथों की कल्पना पर विचार करते हुए नवनाथों की लगभग ३० सूचियों का उल्लेख किया है । इन पर विचार कर जो नौ नाम निकले है, वे है- (१) मीनपा (मत्स्येन्द्रनाथ), (२) गोरक्षनाथ, (३) जालन्धरनाथ, (४) चौरंगीनाथ, (५) कनिप (कुणेरीपानाथ), (६) चर्पटीनाथ, (७) भर्तृहरि, (८) कंथडिनाथ और (९) गहनीनाथ ।

आचार्य विनयमोहन शर्माने अपनी पुस्तक 'हिन्दी को मराठी संतो की देन' में गोरक्षनाथ की परम्परा की बहुमान्य नाथपरम्परा का निरूपण इस तरह किया है-[७]

७. अनुजप्रताप सिंह, गोरक्षनाथ और नाथसिद्ध, गोरक्षनाथ मंदिर - गोरखपुर, द्वितीय संस्करण, वि.सं. २०६२, पृ. १३०

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



'महाराष्ट्र के नाथपंथीय कवियों का हिन्दी काव्य' ग्रन्थ में डॉ. कामत ने निवृत्तिनाथ की गुरु-शिष्य-परंपरा की सूची इस प्रकार दी है-[८]



८. कामत अशोक प्रभाकर, महाराष्ट्र के नाथपंथी कवियों का हिन्दी काव्य, कुंजबिहारीलाल पंचोरी, जवाहर पुस्तकालय - मथुरा वि. सं. १९७६ ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

श्री 'ज्ञानेश्वर चरित्र' में पं. लक्ष्मण रामचंद्र पंगारकर ने ज्ञाननाथ तक की गुरुपरम्परा इस प्रकार बताई है-[१]



इस प्रकार यदि नवनाथों, कापालिकों, ज्ञाननाथ तक के गुरु सिद्धों और 'वर्णरत्नाकर' के चौरासी नाथ-सिद्धों को नाथ परम्परा में मान लिया जाय तो चौदहवीं शताब्दी के आरम्भ होने के पूर्व लगभग सौ सिद्धों के नाम उपलब्ध होते हैं ।

गोरक्षनाथ परंपरा के प्रारंभ-कर्ता, प्रवर्तक आदिनाथ भगवान शिव है, इनके शिष्य मत्स्येन्द्रनाथ हैं । गोरक्षनाथ ने नाथ योगी संप्रदाय का संगठन किया था । इन नाथ योगियों की अनेक शाखाएँ हुई जिनमें १२ पंथ प्रसिद्ध है जो इस तरह हैं-

१) सत्यानाथी, २) धर्मनाथी, ३) रामपंथी, ४) नाटेश्वरी, ५) कन्हड, ६) कपिलानी, ७) वैराग पंथ, ८) माननाथी, ९) आईपंथ, १०) पागलपंथ, ११) धजपंथ और १२) गंगानाथी ।

आजकल नाथ-पंथ का जो रूप है, वह मुख्यतः गोरक्षनाथी संप्रदाय ही है । नाथ संप्रदाय को सम्पूर्ण भारत एवं भारत से बाहर प्रसारित करने का श्रेय अकेले गोरक्षनाथ को जाता है । वह भारतीय धर्माकाश का ध्रुव तारा है । उनसे एक नये प्रकार के धर्म का जन्म हुआ है, आविर्भाव हुआ है । गोरक्षनाथ के बिना न कबीर हो सकते थे, न नानक, न दादू, न वाजिद, न फरीद, न मीरा, न लाल । गोरक्षनाथ के बिना निर्गुण परम्परा ही न बनती । इन सबका मौलिक आधार गुरु गोरक्षनाथ है । वह नींव का पत्थर है । भारत की सारी संत परम्परा गोरक्षनाथ की ऋणी है । गोरक्षनाथ के पास अपूर्व व्यक्तित्व और कृतित्व है ।

---

१. द्विवेदी हजारीप्रसाद, नाथ संप्रदाय : लोकभारती प्रकाशन - इलाहाबाद, २०१०, पृ. ३२

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

महर्षि पतंजलि की परम्परा :

महर्षि पतंजलि वैदिक (निगम) परम्परा से हैं । विश्व के प्राचीन ग्रन्थ 'वेद' में 'योग' शब्द की चर्चा मिलती है । वेद भारतीय संस्कृति एवं ज्ञान विज्ञान का मूल उद्गमस्थान है । वेद का मुख्य प्रतिपाद्य विषय योग-विद्या (योग-विज्ञान) है । योग सम्बन्धी विचारधारा का सर्व प्रथम उल्लेख हमें ऋग्वेद में प्राप्त होता है । ऋग्वेद में अपने पूर्वजो, ऋषियों एवं मार्ग प्रदर्शकों के प्रति समर्पणभाव यह स्पष्ट करता है कि उनमें वर्णित सभ्यता का स्वरूप बहुत पहले उद्भुत हो चुका था । ऋग्वेद से हमें जिस सभ्यता का बोध होता है वह वेद के पूर्व ही फल-फूल चुकी थी । वैदिक मन्त्रों की रचना योग की उच्चतम रूप की देन हैं । ऋषियों ने परम सत्य का दर्शन करके उसे वैदिक मन्त्रों में प्रकट किया । वेद को अपौरुषेय एंव मंत्रदृष्टा कहा है । 'योग' का सर्वप्रथम वर्णन श्रुति और स्मृति ग्रंथो में है । याज्ञवल्क्यस्मृति (१२/५) में कहा है-

''हिरण्यगर्भो योगस्य वक्ता नान्यः पुरातनः ।''

अर्थात् - हिरण्यगर्भ ही योग के वक्ता हैं । उनसे पुरातन कोई नहीं है । महाभारत (१२/३४९/६५) में स्पष्ट कहा है-

''सांख्यस्य वक्ता कपिलः परमर्षिः स उच्चते
हिरण्यगर्भो योगस्य वक्ता नान्यः पुरातनः ॥

अर्थात् योग के प्राचीन वक्ता हिरण्यगर्भ ही है और सांख्य प्रवक्ता परम तपस्वी कपिल मुनि है ।

हिरण्यगर्भने सनकादिक एवं सनकादिक सनातन को योग का उपदेश दिया । सनक, सनातन, सनन्दन, कपिल, आसुरि, बोढू, पंचशिख, पद्मृत विद्वान राजयोग के अनुयायी हुए । 'कर्मयोग' की शाखा में संसार के कार्य करते हुए परमात्मा की साधना करनेवाले, विवस्वान, मनु, इक्ष्वाकु एवं अन्य राजर्षि हुए । गीता में (४/१-२) कहा है- मैंने इस ऐनाशी योग को सूर्य को कहा था, सूर्य ने अपने पुत्र विवस्वान को कहा, विवस्वान ने अपने पुत्र मनु को कहा, मनु ने अपने पुत्र इक्ष्वाकु को कहा । इस तरह से प्राप्त यह योग सप्तर्षियों द्वारा जाना गया । इसके बाद यह योग लुप्तप्राय हो गया । तु मेरा भक्त ओर प्रिय सखा है, इसलिए वही पुरातन योग आज मैंने तुझे बताया है । यह बड़ा ही उत्तम रहस्य है अर्थात् गुप्त रखने योग्य है । इस तरह योग की दो महान परम्परा चली- १. वैदिक (निगम) योगपरम्परा २. नाथ पंथ (आगम) योगपरम्परा ।

आचार्य पतंजलि योग के प्रतिपादक नहीं है, उनकी योग सम्बन्धी विचारधारा हिरण्यगर्भ सांख्य (कपिल) आदि से प्राप्त योग अनुशासन का पश्चाद्वर्ती उपदेश है, जिसे महर्षि पतंजलि ने अपने ज्ञान से प्रकाशित किया है । यह उनका प्रौढ चिंतन, मनन एवं निदिध्यासन का प्रतिफल है ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

महर्षि पतंजलि लगभग ईसा पूर्व तृतीय शताब्दी में हुए और गोरक्षनाथ लगभग १०वीं शताब्दी के आसपास हुए है । कुछ विद्वानों का मत है कि पतंजलि 'शेषावतार' थे । जो त्रिविध दुखों से पीडित मानवसमाज के कल्याण के लिए एवं कैवल्यप्राप्ति के उपायों के लिए अर्घ्य देते हुए ऋषि की अंजलि में बालक के रूप में आकर गिरे थे । जनश्रुति के अनुसार अंजलि में गिरने के कारण इनका नाम पतंजलि पडा था । इन्होंने आदिकाल से चली आ रही योग-विद्या का प्रचार प्रसार किया ।

मानव में तीन प्रकार के मल होते हैं- १. शरीर का मल, २. वाणी का मल और ३. चित्त का मल । इनकी नितृत्ति करने के लिए पतंजलि ने तीन ग्रन्थ लिखे ऐसा माना जाता है जो इस प्रकार हैं-

१. चरकसंहिताः शरीर साधना का मुख्य अंग है । शरीर के मलों को दूर कर उसे सम्पूर्ण स्वस्थ एवं नीरोगी रखने के लिए पतंजलि ने चरकसंहिता की रचना कर आयुर्वेदचिकित्साशास्त्र के द्वार खोले । यह आयुर्वेद का महत्वपूर्ण शास्त्र है । यदि स्वस्थ एंव नीरोगी शरीर नहीं है तो वह योग साधना में विघ्न करता हैं ।

२. महाभाष्यः शुद्ध उच्चारण महत्वपूर्ण है । वाणी के मल को दूर करने के लिए एवं परिष्कृत करने के लिए विशाल 'महाभाष्य' पाणिनिकृत अष्टाध्यायी लिखा गया ग्रन्थ है ।

३. योग सूत्र : चित्त के मल को दूर करने के लिए चार पादो में विभक्त 'योग-सूत्र' की रचना की गई है । 'योगसूत्र' योग जगत का अति महत्वपूर्ण एवं उच्चकोटि का महान ग्रन्थ है । यह ग्रन्थ भारत के गौरव का विषय है । यहीं हमारी पूँजी है ।

गोरक्षनाथ एवं पतंजलियोग में साम्यः

इन दोनों के अध्ययन से इन दोनों में अनेक समानताएँ दिखाई देती है तो कहीं पर असमानताएँ भी । थोडा बहुत अंतर होने के बावजूद इन दोनों का लक्ष्य एक ही है- 'मोक्ष' ।

१. आधार साम्यः गोरक्षनाथ का साहित्य अवैदिक अर्थात् आगम साहित्य आधारित है । फिर भी पतंजलि का भी सहारा लिया है । पतंजलि का साहित्य वैदिक (निगम) साहित्य पर आधारित है । शिव-पार्वती के संवादात्मक ग्रन्थों याने शिव का पार्वती को उपदेश आगम (अवैदिक) कहा जाता है । आगम और निगम दोनों ही भारत वर्ष का सनातन और अपौरुषेय वचन है । दोनों की प्रमाणिकता पर किसी प्रकार की शंका नहीं की जा सकती है । दोनों ही अपनी जगह सत्यम्, शिवम्, सुन्दरम् है ।

२. विभूति-सभ्यताः दिव्य सामर्थ्यशक्ति, समृद्धि को विभूति कहते है । योगसाधना के मार्ग में अनके विभूतियाँ प्राप्त होती है, बिखरी पडी रहती है । सारी विभूति के द्वार खुल जाते है । जो चाहोगे वही मिलेगा । किन्तु साधारण योगसाधक को यह विभूतियाँ आकर्षित कर सकती है । किन्तु सिद्ध योगी

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

के लिए यह कंकण, पत्थर, धूल के समान होती है । योगी का लक्ष्य यह विभूतियाँ नहीं है, उसका लक्ष्य कैवल्य (शिवतत्त्व) है, वह तो परमपद, परमतत्त्व चाहता है । विभूति की समृद्धि पतंजलि के 'राजयोग' एवं गोरक्षनाथ के 'हठयोग' दोनों में है । लेकिन सच्चे योग-साधक को इनको देखने का समय ही नहीं मिलता है । योग एक कल्पवृक्ष है, पारसमणि है, कामधेनु है । जो मांगो वह मिलेगा ।

३. प्रयोजन–साम्य: महर्षि पतंजलि का अंतिम लक्ष्य है- स्वरूपावस्थान । पतंजलि कहते है- ''तदा द्रष्टुः स्वरूपेऽवस्थाम्।॥३॥'' जब चित्त की वृत्तियों का निरोध हो जाता है, उस समय द्रष्टा (आत्मा) की अपने स्वरूप में स्थिति हो जाती है । अर्थात् कैवल्य प्राप्त करता है और शिव और शक्ति का मिलन कराकर स्वयं शिवरूप हो जाना गोरक्षनाथ योग का लक्ष्य है । पतंजलि कैवल्य से जाने जाते है और गोरक्षनाथ परमपद (शिवत्व) से जाने जाते है । त्रिविध दुःखों याने भवताप का शमन करना दोनों योग-दर्शन का अंतिम लक्ष्य है ।

४. पिण्ड महत्त्व–साम्य: पिण्ड का अर्थ है- शरीर, देह, काया, मानव की इसको लेकर दोनों में साम्यता है । योग-साधना का एक मात्र साधन नीरोगी एवं स्वस्थ शरीर है । चित्त की वृत्तियों का निरोध चित्त के द्वारा ही होता है, चित्त देह के बिना कुछ भी नहीं कर सकता । देह नाशवान् होता है और व्याधि का घर है तो भी काया के बिना योग का कोई साधन नहीं है । अजर-अमरता का मार्ग इस क्षणभंगुर देह से गुजरता है । इसलिये ब्रह्मचर्य का पालन देह के स्थैर्य के लिए है । ताप और शौच भी देह की पवित्रता के लिए है । गोरक्षनाथ ने 'हठयोग' क्रियाएँ- धाँति, बस्ती, नौली आदि देह के आरोग्य के लिए ही कहा है । षट्कर्म, षट्मुद्राएँ, और षट्चक्रों की साधना देह को नीरोगी करके लक्ष्य तक पहुँचाता है ।

५. भक्ति साम्य: पतंजलि एवं गोरक्षनाथ दोनों ही भक्ति के महत्त्व को मानते है । इन दोनों ने 'ईश्वर प्रणिधान' समाधि याने लक्ष्य के लिये साधन के रूप में स्वीकारा है ।

गोरक्षनाथ एवं पतंजलि के योग में वैषम्यता:

'योग' की धारा प्राचीन विशुद्ध धारा के रूप में गोरक्षनाथ एवं पतंजलि से आयी है । पतंजलि की धारा 'राजयोग' नाम से एवं गोरक्षनाथ की धारा 'हठयोग' के नाम से जानी जाती है । इन दोनों का कहीं भी परस्पर विरोध नहीं है । दोनों ही अपने आप में पूर्ण और स्वतन्त्र है । दोनों की धारा एक ही दिशा में आती है । दोनों का लक्ष्य परमपद की प्राप्ति है । इनमें जो अतंर है वह है-

१. साधना वैषम्य: पतंजलि ने 'योग-सूत्र' में प्रमुख चार साधन माने है । (१) अभ्यास और वैराग्य (२) यम, नियम, आसन, प्राणायाम, धारणा, ध्यान और समाधि (३) तप, स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान और (४) कैवल्य प्रणिधान । इसे भक्तियोग कहते है ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

गोरक्षनाथ ने योग के छः अंग माने है । मुख्य रूप से आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि । नाथ योगी शिष्यों को दीक्षा तब देते थे, जब उन्हें लगे कि शिष्य यम और नियम का पालन कर उसका आचरण कर रहा है, बिना यम, नियम के आचरण दीक्षा नहीं दी जाती थी, इसलिए 'हठयोग साधना' में यम-नियम विरुद्ध रूप से वर्णित नहीं किया गया है । गोरक्षनाथ ने इसे स्वीकारा है और इसका निरूपण भी किया है । इसे योग्यता के रूप में लिया है । इसलिये ध्यान नहीं दिया है । षडंगयोग में भी षट्कर्म, षट्चक्र, कुंडलिनी, षोडश-आधार, दो लक्ष्य और पञ्च व्योम का ज्ञान और साधना गोरक्षनाथ के योग की विशेषता है । गोरक्षनाथ की साधना क्रिया-प्रधान है और पतंजलि की साधना ज्ञान-प्रधान है ।

२. परमतत्त्व वैषम्यः गोरक्षनाथ का दर्शन स्वरूपाद्वैत है और पतंजलि का दर्शन त्रैतवादी है । पतंजलि ने छब्बीस तत्त्व माने है, इनका समाहार तीन तत्त्वों में है- द्रष्टा, द्रश्य और नियामक । द्रष्टा जीवात्मा है, द्रश्य प्रकृति है ओर नियामक ईश्वर है । यह तीनों अनादि, अनंत, एवं अविनाशी है । इस तरह यह त्रैतवादी है । गुरु गोरक्षनाथ स्वरूपाद्वैत याने शिवद्वैतवाद को स्वीकारते है । इनके अनुसार संविदरूप शिव ही परमतत्त्व है । सकल जगत्प्रपंच उसी का रूप है । शिव और शक्ति के तत्त्व नहीं है, वह पूर्ण अभेद है । केवल शब्दों का ही अंतर है । तत्त्व तो एक ही है । इस तरह दोनो में परमतत्त्वविषयक वैषम्य है ।

३. मुद्रा चक्र एवं कुडलिनी–वैषम्यः मुद्रा, चक्र ओर कुण्डलिनी योग-साधना का उल्लेख स्पष्टतः पतंजलि ने नहीं किया है । जब कि गोरक्षनाथ की योग-साधना में उपलब्ध है । योग-साधक न देहशुद्धि एवं चित्तशुद्धि के लिए षट्कर्मो का एवं दिव्य शक्तियों की प्राप्ति और परम लक्ष्य शिवतत्त्व की प्राप्ति के लिए चरका तथा कुंडलिनी शक्ति की साधना के लिए उपयोगी माना है । चक्र, मुद्रा और कुंडलिनी शक्ति की साधना विधि का विस्तृत विवेचन 'हठयोग' के ग्रंथो में ही पाया जाता है । गोरक्षनाथ और नाथयोग की यह विशिष्ट मुख्य देन है ।

४. संसार वैषम्यः संसार विषयक वैषम्य को लेकर इन दोनों में बड़ा अंतर है । महर्षि पतंजलि ने संसार को हेय द्रष्टि से देखा है, वह संसार में दुःख ही दुःख है, ऐसा मानते है, अतः पतंजलि संसार को दुःखमय मानकर समाधिजन्य विवेक ख्याति से संसारचक्र का निरोध मानवजीवन का लक्ष्य मानते है । गुरु गोरक्षनाथ संसार को सर्वथा हेय नहीं मानते । संसार भगवान् शिव की रचना है । वह शिवरूप है । जीव को संसार में रहकर शिव का साक्षात्कार करना है । संसार शिव ओर शक्ति की लीला है । अगर संसार दुःखमय है तो दुःख भी तो शिव की क्रीडा का एक भाग है ।

५. गुरु वैषम्यः गुरु विषय को लेकर दोनों में अतंर है । गोरक्षनाथ ने गुरु को अनिवार्य माना है जब कि पतंजलि ने गुरु को एक हद तक ही माना है । पतंजलि ने कहा है कि योगविद्या सीखने में गुरु का महत्त्व है । गुरु के श्रीमुख से श्रवण कर आगे जाना चाहिए, निर्देश जरूरी है किन्तु सर्वस्व नहीं माना

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

है । उनका मानना है साधक को योगमार्ग में स्वयं जाना जरूरी है । गुरु गोरक्षनाथ की गुरु विषयक मान्यता पतंजलि की मान्यता से भिन्न है । वह गुरु के बिना योग में सफल नहीं हो सकते है । गोरक्षनाथ का मानना है कि गुरु की अनुकम्पा से योग में सिद्ध हो सकते है । यदि गुरु प्रसन्न हो जाये तो पलभर में जीवन बदल देगा, लेकिन सद्गुरु सबको नहीं मिलता, वह जन्मोजन्म के पुण्यों सें मिलते है । शिव कृपा से योग्य गुरु प्राप्त होता है । योग्य गुरु के मार्गदर्शन-निर्देशन में योग-साधना करनी योग्य है । गुरु को लेकर दोनों में अन्तर है ।

६. माया वैषम्यः माया को लेकर दोनों में अंतर है । पतंजलि ने माया का कहीं भी निरूपण नहीं किया है । अविद्या का उल्लेख किया है । गोरक्षनाथ ने माया का वर्णन किया है । वह माया को महाशक्ति का एक रूप मानते है ।

७. तप और स्वाध्याय-वैषम्यः पतंजलि ने तप और स्वाध्याय को क्रियायोग के अंदर माना है । गोरक्षनाथ की द्रष्टि में इनका महत्त्व नहीं है । वह कहते हैं कि वह शरीर का शोषण है, वह योग में उपयोगी नहीं है । देह ही मुक्ति का द्वार है, देह को कष्ट नहीं देना चाहिए । यदि स्वाध्याय से योग सिद्ध होने लगे तो मेरु पर्वत कम्पित होने लगेगा और पृथ्वी डगमगाने लगेगी ।

इसी प्रकार गोरक्ष एवं पतंजलि की योग-पद्धतियों में भेद-विभेद का उल्लेख मिलता है । दोनों ही अनूठे है, अद्भुत है । पतंजलि एक महान चिन्तक और साधक थे । अपने अनुभवों एवं ज्ञान के आधार पर तत्त्वदर्शन एवं साधना अनुशासन (उपदेश) किया वह विशुद्ध दर्शन प्रस्थान के रूप में माना गया । इनकी परम्परा में कई भाष्यकार हुए, उनके दर्शन एवं उपदेश को आगे लेकर गए । उन्होंने कोई संप्रदाय स्थापित नहीं किया है । पतंजलि आध्यात्मिक जगत की उत्तम मूर्ति है । इनका दर्शन षट्दर्शनों में प्रसिद्ध हुआ । गुरु गोरक्षनाथ ने योगविद्या को प्रतिष्ठापित एवं प्रचार-प्रसारित किया । वह दर्शन प्रस्थापन की जगह लोककल्याण के लिए स्थापित करना चाहते थे । यह लोगों के बीच रहते हुए उनकी भाषा में उन्होंनें स्थापित करके योग को वामाचार की विकृतियों से बाहर निकालकर एक सात्त्विक धरातल पर प्रतिष्ठित किया । उन्होंने 'योगसूत्र' जैसे सिद्धांतग्रन्थ के बजाय सबद, साखी, पदों आदि के द्वारा अपने अनुभव एवं चिंतन मनन का रूप और सही आकार दिया । यह सिद्धांतग्रन्थ मात्र योगी गोरक्षनाथ के नाम से जाना जाता है । सात्त्विक वृत्ति, सदाचार और संयम, नैतिकता आदि पर अधिक बल देकर प्रचार किया, उनकी द्रष्टि हंमेशा चरित्र पर रहती थी ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

યોગનો ચિકિત્સાલક્ષી પ્રયોગ

કિરણ ન. શીંગ્લોત*

યોગ એ આધ્યાત્મિક ભૂમિકા પર રચાયેલું એક પ્રાચીન ભારતીય દર્શન છે. યોગ શબ્દ સંસ્કૃત ધાતુ યુજ્ ઉપરથી બન્યો છે અને એનો જોડવા, બાંધવા, લગાડવા, ઉપયોગ કરવા, ઐક્ય કે સંયોજન કરવાના અર્થમાં ઉપયોગ થાય છે. યોગ ભારતીય ષડ્દર્શનો પૈકીનું એક વૈદિક દર્શન છે. તે શરીર, મન તથા આત્માની સમગ્ર શક્તિઓને એકત્ર કરીને પરમાત્માની પ્રાપ્તિ કરાવી મુક્તિ કે મોક્ષ અપાવનાર અધ્યાત્મ વિદ્યા છે. તમામ ભારતીય દર્શનોની માફક યોગનો એક હેતુ દુઃખોની આત્યંતિક નિવૃત્તિ છે. દરેક મનુષ્યને તેના જીવનકાળ દરમિયાન આધ્યાત્મિક, આધિભૌતિક અને આધિદૈવિક એમ ત્રિવિધ દુઃખો અનિવાર્યપણે ભોગવવાં પડે છે. આમાંથી આધ્યાત્મિક દુઃખોમાં શારીરિક વ્યાધિઓ અને માનસિક સંતાપોનો સમાવેશ થાય છે. નિષ્ઠાપૂર્વક કરવામાં આવતી યોગસાધના વ્યક્તિમાત્રને આ દુઃખોમાંથી મુક્તિ અપાવવાની સંભાવના ધરાવે છે. છેલ્લાં સોએક વર્ષોમાં યોગનો ભૌતિક, શારીરિક અને ચિકિત્સાલક્ષી વિદ્યા તરીકે ઘણો પ્રચાર થયો છે. મૂળભૂત રીતે આધ્યાત્મિક વિદ્યા હોવાને કારણે યોગના ચિકિત્સાલક્ષી ઉપયોગમાં અનેક મર્યાદાઓ રહેલી છે. વર્તમાન સમયમાં માનવીને થતા રોગોની વ્યાપકતા અને જટિલતા ઘણી વધી છે. આવા સમયે રોગોપચારમાં વૈજ્ઞાનિક અભિગમની અપેક્ષા છે. આધુનિક યોગગુરુઓ યોગનો આધુનિક ચિકિત્સાપદ્ધતિ (ઍલોપથી)ના પ્રતિસ્પર્ધી તરીકે ઉલ્લેખ કરે છે એમાં ઘણી અતિશયોક્તિ છે. યોગનું પરંપરાગત દાર્શનિક અને આધ્યાત્મિક સ્વરૂપ જોતાં વૈકલ્પિક ચિકિત્સા તરીકે અન્ય કોઈપણ ચિકિત્સાપદ્ધતિની સામે એને આગળ કરવામાં શાણપણ નથી.

આધુનિક માનવી વ્યાવસાયિક કાર્યબોજ, કૌટુંબિક જવાબદારીઓ, આર્થિક અસલામતિ તેમ જ જીવનની અનિશ્ચિતતા સાથે તાણયુક્ત જીવન જીવી રહ્યો છે. ડૂબતી વ્યક્તિ તરણું ઝાલે તેમ માનસિક તાણથી ઘેરાયેલો માનવી યોગ ભણી વળ્યો છે. અતિશય ચિંતાતુરતા, પારાવાર હતાશા અને અગણિત શારીરિક તકલીફોની વચ્ચે યોગ અને એની પોતાની જાત સાથે પુનઃ જોડાવાનું વચન પૂરું પાડે છે. આધુનિક ચિકિત્સા ઘણી ખર્ચાળ બનતી ચાલી છે ત્યારે યોગનાં અમુક અંગોની નિયમિત સાધના અમુક રોગોમાં નક્કર અને ટકાઉ પુરવાર થઈ શકે છે. યોગમાં આસનો, પ્રાણાયામ આધારિત શ્વસનક્રિયાઓ અને ધ્યાનનો ઉપયોગ કરવામાં આવે છે. આ યોગાંગો શરીર અને મનના પારસ્પરિક સંબંધ પર રચાયેલાં છે. શરીર અને મનના સહયોગથી કરવામાં આવતી યૌગિક ક્રિયાઓમાં સ્નાયુઓનું

'સ્વાધ્યાય' - પુ. ૫૯, વર્ષ ૨૦૨૨, પૃ. ૧૭૫-૧૮૩. ISSN 2250-0391

* યોગનિકેતન, પોસ્ટ ઑફિસ સામે, ફતેગંજ ચાર રસ્તા, વડોદરા - ૩૯૦ ૦૦૨, M: 09426392888, Email: kshinglot@yahoo.co.in

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

વિશિષ્ટ પદ્ધતિથી ખેંચાણ, તેમ જ કરોડસ્તંભની સ્થિતિસ્થાપકતામાં વધારાની સાથે અંતર્મુખતા સંકળાયેલાં છે. પરિણામે એનાથી માનસિક તણાવનું ભારણ નોંધપાત્ર રીતે હળવું થાય છે. માનવીને થતા ૭૫% રોગોમાં તણાવની ભૂમિકા રહેલી છે. ઉપરાંત નાદુરસ્ત જીવનશૈલી અને વિકાસ પાછળની આંધળી દોટે પણ માનવ જીવનમાં વિષમતા પેદા કરી છે. આ સંજોગોમાં યોગને ચિકિત્સાલક્ષી ગણવાને બદલે તણાવ તેમ જ મનુષ્ય સભ્યતાના દૂષણોને ડામવાના હથિયાર (anti-stress and anti-cilvilisation pill) તરીકે માન્યતા આપવાનું વધારે યોગ્ય ઠરે છે. માનસિક તાણ ઘણા રોગોની જનેતા છે. જેમ કે, દીર્ઘકાલીન તાણથી હૃદયરોગનું જોખમ વધે છે. યોગનાં સ્વાસ્થ્યલક્ષી પરિણામો અંગે વિશ્વભરમાં થઈ રહેલાં સંશોધનો હજુ તેની શિશુ અવસ્થામાં છે, છતાં હાલમાં કરવામાં આવેલા કેટલાક તબીબી અભ્યાસોથી એવું જોવા મળ્યું છે કે યૌગિક ક્રિયાઓના અભ્યાસથી બ્લડ પ્રેશર અને હૃદયની ગતિ ઘટે છે. આનાથી હૃદયરોગનું જોખમ ઓછું થાય છે. આ ઉપરાંત તેના બીજા પણ કેટલાક લાભો છે. ઈ.સ. ૨૦૦૬માં કરવામાં આવેલા એક અભ્યાસના તારણ અનુસાર હૃદય અને રુધિરાભિસરણને લગતી બીમારીઓથી પીડિત વ્યક્તિઓમાં યૌગિક વિધિઓથી લોહીમાં કોલેસ્ટેરોલ તેમ જ ટ્રાઇગ્લીસરાઇડ ચરબીની માત્રા ઘટે છે, તેમ જ રુધિરાભિસરણમાં સુધારો થાય છે. આનાથી પ્રેરિત થઈને અનેક હૉસ્પિટલો હવે હૃદયરોગના હુમલા બાદ સાજા થઈ રહેલા દર્દીઓ માટે હૃદયસ્વાસ્થ્યપુનર્વસન (કાર્ડિયાક રિહેબિલિટેશન)ના એક અંગ તરીકે યોગનો કાર્યક્રમ અપનાવી ચૂકી છે. નિયમિત યોગાભ્યાસ કરનારા લોકોમાં બ્લડ ગ્લુકોઝનું નિયંત્રણ વધારે અસરકારક રીતે થાય છે, જેનાથી ડાયાબિટીઝના દર્દીઓને ઉત્તમ લાભ મળે છે. હાઇ બ્લડ પ્રેશર અને ડાયાબિટીઝની બીમારીઓ હૃદયરોગ માટે સ્વતંત્ર પરિબળો છે. તેથી યોગાભ્યાસ હૃદયરોગ સામે અસરકારક રક્ષણ પૂરું પાડી શકે છે.

ચિકિત્સામાં યોગની પૂરક ભૂમિકા

યોગનું પ્રયોજન મૂલતઃ રોગચિકિત્સા નહીં, પણ આધ્યાત્મિક ઉન્નતિ છે. છતાં બીમારીઓના ઈલાજમાં યોગનો માન્ય ચિકિત્સાપદ્ધતિઓના વિકલ્પ નહીં, પણ પૂરક અંગ તરીકે સ્વીકાર કરવો જોઈએ. કોઈપણ ચિકિત્સાપદ્ધતિમાં બીમારીઓના ઈલાજ માટે ઔષધો, શસ્ત્રક્રિયા ઇત્યાદિનો અનિવાર્યપણે ઉપયોગ કરવામાં આવે છે. યોગ દ્વારા કરવામાં આવતા ઉપચારોમાં ઔષધો, શસ્ત્રક્રિયાનો સમાવેશ થતો ન હોવાથી એને ચિકિત્સાપદ્ધતિઓની સમકક્ષ ન મૂકી શકાય. છતાં એના સ્વરૂપમાં પૂરક ચિકિત્સા જોઈ શકાય છે. મૉડર્ન મેડિસિન, આયુર્વેદ, હોમિયોપથી કે નેચરોપથીની જે મર્યાદા છે તે યોગની ક્ષમતા છે. યોગ માનસિક તાણથી મુક્તિ આપી શકે છે. ઘણા રોગો અસ્વસ્થ જીવનશૈલી સાથે સંકળાયેલા છે. આવા રોગોનો સફળ ઈલાજ કેવળ ઔષધોથી ન થઈ શકે. વ્યક્તિએ પોતાની જીવનશૈલીમાં પણ સાનુકૂળ પરિવર્તનો કરવાં પડે. યોગમાં તે સંભાવના છે (न अति अश्नतस्तु योगः अस्ति न च एकान्तम् अनश्नतः । न च अति स्वप्नशीलस्य जाग्रतो एव न अर्जुन । श्रीमद् भगवद् गीता; ૬-૧૬). સ્થૂળતા પર કાબૂ મેળવવામાં યોગની અસરકારતા વિશે હજુ મતમતાંતરો

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

છે, પણ એક અભ્યાસમાં એવું જણાઈ આવ્યું છે કે યૌગિક જીવનશૈલી અપનાવવાથી વજન ઓછું કરી શકાય છે. સ્થૂળતા માટે કેવળ અતિઆહાર જવાબદાર નથી, પણ બીજાં અનેક પરિબળો ભાગ ભજવતાં હોય છે. યૌગિક જીવનશૈલીમાં યુક્ત આહાર, યુક્ત વિહાર (કસરત ઇત્યાદિ), યુક્ત નિદ્રા અને યુક્ત કાર્યપ્રબંધનો સમાવેશ થાય છે. અહીં શ્રીમદ્ ભગવદ્ ગીતામાં પ્રયોજેલા 'યુક્ત' શબ્દનો અર્થ 'સંતુલિત' એવો થાય છે. અભ્યાસોથી એવું જણાયું છે કે યોગની નિયમિત સાધના કરનારા લોકો આકંઠ ખાવાથી દૂર રહે છે. એ ધીમું ખાય છે અને સ્વાસ્થ્યપ્રદ આહાર પર પોતાની પસંદગી ઉતારે છે. યૌગિક અભ્યાસથી પાચન સુધરે છે. નિયમિત યોગાભ્યાસ કરનારના માનસિક બંધારણમાં પણ સુધારો થાય છે. અતિઆહાર અને કસરતવિમુખ જીવન ગાળનારા લોકો ઘણીવાર નકારાત્મક લાગણીઓ અને વિચારોથી પીડિત હોય છે. નકારાત્મક માનસિક ગ્રંથિઓ અને કડવા જીવન અનુભવો દીર્ઘકાલીન રોગોમાં વાતાવરણીય, ભૌતિક અને વારસાગત પરિબળો ઉપરાંત ભાગ ભજવતા હોય છે. ઔષધોથી કરવામાં આવતી ચિકિત્સા કેવળ બાહ્ય સ્તરની તેમ જ ચિહ્નાત્મક (symptomatic) પુરવાર થાય છે, જ્યારે યોગ આત્મનિરીક્ષણ અને શુભસંકલ્પો દ્વારા નકારાત્મક લાગણીઓ અને વિચારોમાં સાનુકૂળ પરિવર્તનો આણીને રોગપ્રક્રિયાની આત્યંતિક નિવૃત્તિ કરીને રોગમુક્તિનું વચન આપે છે.

યોગની સ્વાસ્થ્યલક્ષી તેમ જ ચિકિત્સાલક્ષી દેહધાર્મિક અસરો

લાંબા ગાળા સુધી નિયમિત અને નિષ્ઠાપૂર્વક કરવામાં આવતા યૌગિક અભ્યાસ (सः दीर्घकाल - नैरन्तर्य - सत्कार - आसेवितः द्रढभूमिः । पातंजल योगसूत्र: ૧-૧૪)થી અન્નમય કોષના સ્તરે સાનુકૂળ અસર થાય છે. એનાથી શરીરના સ્નાયુઓનો ટોન સમધારણ થાય છે. શરીરનાં અંગો અને સાંધાની લવચીકતા અને સ્થિતિસ્થાપકતા વધે છે. હાડકાં અને સ્નાયુઓ મજબૂત બને છે. અંગસ્થિતિ તેમ જ શરીર સંતુલનમાં સુધારો વર્તાય છે. વિશેષતઃ શરીરના સ્નાયુઓમાં જમા થયેલો દીર્ઘકાલીન દૂર કરવામાં યૌગિક ક્રિયાઓ મહત્ત્વની ભૂમિકા ધરાવે છે. ખભા, કમર, ગરદન, પેટ, છાતી, જડબાં અને દાંત, હાથપગના સાંધા અને પીંડીના સ્નાયુઓમાં થતાં કળતર અને જડતા સાથે સ્નાયુઓમાં અજ્ઞાતપણે જમા થયેલો તણાવ ભાગ ભજવે છે. પાચન, શ્વસન અને રુધિરાભિસરણ સાથે સંકળાયેલા ઘણા રોગો પણ એની સાથે સંબંધ ધરાવે છે. યોગાભ્યાસ તેમાં રાહત આપી શકે છે.

યોગની વિધિઓમાં શ્વાસનો લય જળવાય છે. આનાથી ધીમા અને ઊંડા શ્વાસ લેવાની ટેવ પડે છે. પરિણામે શરીરના કોષો અને અવયવોને મળતા પ્રાણવાયુના પુરવઠામાં વધારો થાય છે. યૌગિક ક્રિયાઓ સ્થિતિલક્ષી (વિરુદ્ધ ગતિલક્ષી) હોવાને કારણે શરીરની ચયાપચયની પ્રક્રિયા (મેટાબોલિઝમ)ની ગતિ ધીમી કરે છે. તેથી શરીરના કોષોની પ્રાણવાયુની જરૂરિયાત ૨૦% જેટલી ઘટે છે એવું ૧૯૬૦ના દસકા દરમિયાન કરવામાં આવેલા કેટલાક અભ્યાસોથી સાબિત થયું છે. યૌગિક શ્વસન દરમિયાન દીર્ઘ રેચકની વિધિથી મગજ અને શરીરના કોષોમાં કાયમી તણાવની પરિસ્થિતિને કારણે જમા થયેલા

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

અંગારવાયુનું પ્રમાણ ઘટે છે, જ્યારે દીર્ઘ પૂરકને કારણે મગજ અને શરીરના કોષોને મળતા પ્રાણવાયુના પુરવઠામાં વધારો થતા એમની કાર્યશક્તિ અને રોગપ્રતિકાર ક્ષમતામાં વધારો થાય છે. અવયવ વિકાર (organic diseases) અને કાર્યવિકારના રોગો (functional diseases)થી સાજા થવામાં આ પ્રક્રિયા ઉપયોગી બને છે.

શ્વસન અને રુધિરાભિસરણનાં કાર્યો એકમેક સાથે અંતરંગપણે જોડાયેલાં છે. યૌગિક ક્રિયાઓમાં દીર્ઘ શ્વસનથી હૃદય અને ફેફસાંને માલિશ મળે છે, તથા રુધિરાભિસરણ સુધરે છે. નિયમિત યોગાભ્યાસથી અંગારવાયુયુક્ત રક્તની હૃદય તરફ પાછા વળવાની પ્રક્રિયા (venous return) સક્ષમ બને છે. આના લીધે શરીરના અવયવો અને પેશીઓમાં જમા થયેલા અંગારવાયુનું ભારણ (carbon dioxide retention) ઓછું થાય છે. આ પરિબળથી અવયવોના કાર્યમાં સુધારો આવે છે અને એમની રોગપ્રક્રિયામાંથી સાજા થવાની શક્તિ કેળવાય છે. શરીરમાં રક્તમાંથી છૂટું પડીને બનેલા એક ઘટકને લસિકારસ કહેવામાં આવે છે. લસિકારસના વહન માટે કુદરતે બનાવેલું તંત્ર લસિકાતંત્ર તરીકે ઓળખાય છે. એ આપણા રોગપ્રતિકાર તંત્રનો એક હિસ્સો છે અને વાઇરસથી થતા સંક્રામક રોગો તેમ જ કૅન્સર સામે આપણને રક્ષણ પૂરું પાડે છે. લસિકારસનું વહન અત્યંત બારીક કદની બનેલી લસિકાવાહિની દ્વારા કરવામાં આવે છે. યૌગિક ક્રિયાઓથી લસિકાવહનની કામગીરી અસરકારક બનતાં શરીરની રોગપ્રતિકાર ક્ષમતામાં વધારો થાય છે. યોગાભ્યાસથી હૃદયની ગતિ ધીમી પડે છે, બ્લડ પ્રેશર નીચું આવે છે, તેમ જ રક્તવહિનીઓમાં ફરતા લોહીના ગંઠાવાની સંભાવના ઘટે છે. પરિણામે હૃદયરોગ તેમ જ પક્ષાઘાતનું જોખમ ઓછું થાય છે.

યોગથી શરીરના બાહ્ય તેમ જ આંતરિક અવયવોની કાર્યક્ષમતામાં વધારો થાય છે. ખાસ કરીને તેનાથી આંતરિક અવયવોને માલિશ મળી રહે છે, જેથી પાચન અને મળત્યાગની ક્રિયા સારી થાય છે.

યોગના ચિકિત્સાલક્ષી ઉપયોગમાં બીજો પણ એક લાભ સંકળાયેલો છે. યોગાભ્યાસથી મગજના કોષોમાં ઍન્ડોર્ફિન, સિરોટોનિન, ડોપામિન, મેલોટોનિન, ગામાઍમિનોબ્યુટિરિક ઍસિડ (GABA) અને ડાઇહાઇડ્રોએપિઍડ્રેસ્ટોરિરોન (DHEA) જેવાં સકારાત્મક ચેતારસાયણોનો સ્રાવ થાય છે, જે રોગની પીડા ઘટાડે છે અને સુખાકારીની ભાવનાને પોષે છે. બોસ્ટન યુનિવર્સિટી સ્કૂલ ઑફ મેડિસિન દ્વારા કરવામાં આવેલા એક અભ્યાસમાં યોગનો અભ્યાસ પૂરો કર્યા પછી તેના સાધકના મગજમાં ગામા ઍમિનો બ્યુટિરિક ઍસિડની માત્રા ૨૭% જેટલી વધારે જણાઈ છે. એનાથી વ્યક્તિની માનસિક તાણ અને ચિંતાતુરતાની લાગણી ઓછી થાય છે. સંશોધનોથી એવું પણ જોવા મળ્યું છે કે યોગમાં કાયમી શિરદર્દ, આધાશીશી, કમરદર્દ, સંધિવા, ફાઇબ્રોમાયેલ્જિયા અને કાયમી થાકની બીમારીઓ સાથે સંકળાયેલી પીડાને મટાડવાની સંભાવના છે. યૌગિક આસનોમાં શરીરના આંતરિક અવયવોને અને કરોડરજ્જુને માલિશ પૂરું પાડવાની ક્ષમતા છે, જેના લીધે પણ કાયમી પીડામાં એ રાહત આપી શકે છે. સિરોટોનિન અને ઍન્ડોર્ફિન મગજ દ્વારા બનતા કુદરતી દર્દશામકો છે.

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

યોગના અભ્યાસથી ખાસ કરીને મગજના અગ્રભાગમાં આવેલા ચેતાકોષો સક્રિય બને છે. આ કોષો માનવીની માનસિક, સામાજિક અને આધ્યાત્મિક સુખાકારી સાથે સંકળાયેલા છે. યોગ અભ્યાસથી માઠી લાગણીઓથી છુટકારો થાય છે અને વ્યક્તિનું પોતાના લાગણીતંત્ર પર નિયંત્રણ આવે છે. યોગાભ્યાસ મિજાજમાં સાનુકૂળ પરિવર્તન આણે છે અને વ્યક્તિની પોતાની બીમારીમાંથી સાજા થવાની રુચિ કેળવે છે.

જીવનના અંત સાથે સંકળાયેલી કેટલીક બીમારીઓ સાથે પીડા રોગપ્રક્રિયાનો એક અનિવાર્ય હિસ્સો છે. આ પીડાને દૂર કરી શકાતી નથી. ઘણીવાર મરણપથારીએ પડેલા દર્દીની પીડા તેનાં સ્વજનોથી દેખી જતી નથી. પીડા અને મૃત્યુ માનવજીવનના અંતરંગ ભાગ છે. કૅન્સર જેવી બીમારીઓ અસહ્ય પીડા સાથે સંકળાયેલી છે. આ રોગમાં અતિશય રિબાતા દર્દીની પીડાને દૂર કરવામાં તબીબી ઉપચારોના હાથ પણ હેઠા પડે છે. આ સંજોગોમાં યોગ મરણાસન્ન વ્યક્તિને રોગની પીડા તેમ જ મૃત્યુનો સહજ સ્વીકાર કરવામાં તૈયાર કરે છે.

યોગ શરીર અને મનના પારસ્પરિક સંબંધોના સ્તરે કાર્ય કરે છે. તેથી શારીરિક ભૂમિકાએ કરવામાં આવતાં યોગનાં આસનોથી અંતર્મુખતા કેળવાય છે. આનાથી ચિંતાતુરતા અને હતાશાની લાગણીમાં હળવાશ પેદા થાય છે. યૌગિક ધ્યાનથી મગજમાં આલ્ફા તરંગો પેદા થાય છે, જે મનને હળવાશ અને શાંતિ બક્ષે છે. કાયમી તણાવમાં જીવનારી વ્યક્તિના શરીરમાં કૉર્ટિઝોલ નામના તણાવ રસાયણની માત્રા વધેલી જોવા મળે છે. કેટલાક વિજ્ઞાનીઓના અવલોકન મુજબ કૉર્ટિઝોલનું લોહીમાં પ્રમાણ કાયમ માટે ઊંચું રહે તો એનાથી હતાશા (ડિપ્રેશન) પેદા થાય છે અને શરીરની રોગપ્રતિકાર શક્તિ નબળી પડે છે. લાંબા ગાળાના યોગાભ્યાસથી શરીરમાં કૉર્ટિઝોલનું પ્રમાણ ઘટાડી શકાય છે.

યોગનો સર્વાંગીણ ચિકિત્સાલક્ષી અભિગમ

